रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर


हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 14 अप्रैल 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 232 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### विभिन्न त्योहारों पर राष्ट्रपति ने देशवासियों को दी बधाई



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने चैत्र शुक्लादि, उगादी, वैशाखी सहित विभिन्न त्योहारों पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री कोविंद ने मंगलवार को ट्वीट के जरिये दिये बधाई संदेश में कहा कि चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह, सजिबु चीरोबा, विशु और वैशाखी पर सभी देशवासियों को बधाई। उन्होंने आगे लिखा कि देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न तरीकों से मनाए जाने वाले ये त्योहार विविधता में एकता के प्रतीक हैं। ये त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली, शांति और समृद्धि लाने वाले हों।

### मोदी विश्वविद्यालयों के संघ के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ के 95 वें वार्षिक सम्मेलन और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर डॉ. बी आर अंबेडकर के बारे में किशोर मकवाने द्वारा लिखित पुस्तकों का विमेचन भी करेंगे। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री भी मौजूद रहेंगे। इसका आयोजन अहमदाबाद स्थित डॉ बी आर अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय ने किया है।

### जलियांवाला बाग कांड के शहीदों को नमन किया नायडू ने

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने जलियांवाला बाग कांड वीरगति प्राप्त करने वाले लोगों को नमन करते हुए कहा है कि उनके बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। श्री नायडू ने मंगलवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला कांड का दर्द प्रत्येक भारतीय के हृदय में है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इस कांड को कई वर्ष बीत गए हैं। उन्होंने कहा कि आज जलियांवाला बाग़ नृशंस हत्याकांड में वीरगति प्राप्त करने वाले असहाय निर्दोष नागरिकों की पावन स्मृति को सादर नमन करता हूं। इस अमानवीय हत्याकांड ने औपनिवेशिक शासन के दमनकारी चरित्र के विरुद्ध जनता में आक्रोश भर दिया।

# राज्य में ऑक्सीजन बेड की पर्याप्त उपलब्धता : मुख्यमंत्री भूपेश

- मुख्यमंत्री ने राज्य में कोरोना को हराने में मदद के लिए आगे आ रहे संगठनों की सराहना की
- रायपुर के औद्योगिक संगठनों द्वारा 1.40 करोड़ के राहत सामग्री प्रदत्त

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर राज्य में कोरोना को हराने में मदद के लिए विभिन्न संगठन और सामाजिक संस्थाएं बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने आगे आने लगे हैं। इस कड़ी में आज मुख्यमंत्री श्री बघेल को राजधानी रायपुर के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों तथा क्रेडाई, बैंक आदि प्रतिष्ठानों द्वारा एक करोड़ 39 लाख 75 हजार रूपए की राशि के राहत सामग्री प्रदत्त किए गए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राज्य में कोरोना नियंत्रण हेतु शासन के साथ विभिन्न संगठनों के सहयोग की सराहना की और उनसे आज अपने निवास कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए अपना आभार जताया। इस अवसर पर वीडियों कांफ्रेंसिंग में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कुलदीप जुनेजा, महापौर नगर पालिक निगम रायपुर एजाज ढेबर तथा जिला कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन और विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान कहा कि राज्य में कोरोना की स्थिति पर नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा हर आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। इसके तहत मरीजों की तत्परता से इलाज सुविधा के लिए अस्पतालों में बेडों की संख्या में निरंतर वृद्धि की जा रही है। इसके साथ ही कोविड सेंटर और क्वारेंटीन सेंटर भी तेजी से खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में शासकीय हो अथवा निजी अस्पताल कहीं भी ऑक्सीजन बेड की कमी नहीं है। इनकी अभी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो गई है। इसी तरह एक-दो दिवस के भीतर राज्य में रेमडेसीवीर इंजेक्शन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राज्य में रेमडेसीवीर इंजेक्शन की आपूर्ति निरंतर जारी है। इसके लिए राज्य सरकार ने अखिल भारतीय सेवाओं के दो वरिष्ठ अधिकारियों प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास निगम और कृषि विभाग के संयुक्त सचिव भोस्कर विलास संदीपन को दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुंबई और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक अरूण प्रसाद को हैदराबाद में तैनात किया हैं। इससे निरंतर आपूर्ति में मदद मिल रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल से गोयल टीएमटी से संदीप गोयल, क्रेडाई से आनंद सिंघानिया, उरला स्पंज आयरन एसोसिएशन से मनोज अग्रवाल, हीरा ग्रुप से विनोद पिलई, बजरंग ग्रुप से बजरंग अग्रवाल आदि ने भी वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुए राज्य में कोरोना नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इन संस्थानों के माध्यम से अभी 69 लाख 75 हजार रूपए की राशि के 155 ऑक्सीजन कोनसेंटेटर तथा 70 लाख रूपए की राशि के 350 ऑक्सीजन सिलेंडर की राहत सामग्री प्राप्त हुई है।

# जीटीए का स्थायी राजनीतिक समाधान निकाला जायेगा : शाह

एजेंसी ∢ लेबोंग
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दार्जिलिंग हिल्स के लोगों को आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) का स्थायी राजनीतिक समाधान निकालने के लिए उत्सुक है। उन्होंने लोगों से वादा किया कि बंगाल में एक बार डबल इंजन की सरकार सत्ता में आयी तो पर्वतीय लोगों के लिए 600 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना और चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 350 रुपये प्रतिदिन की जाएगी। श्री शाह ने लेबोंग रेस कोर्स मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य के किसी भी गोरखा और नेपाली को निकाला नहीं जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बंगाल में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद पर्वतीय इलाकों में त्वरित विकास की योजनाओं की झड़ी लग जाएगी। इसके अलावा पर्वतीय लोगों के लिए 600 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना लायी जाएगी, चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 350 रुपये प्रतिदिन की जाएगी तथा पर्वतीय इलाकों में मौजूदा सिनकोना बागान के कायाकल्प के लिए एक औषधीय केंद्र (पार्क) स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेपाल, भूटान और बंगलादेश सहित विदेशों से आए छात्रों के रूप में विश्व स्तर के शैक्षिक केंद्र को पुनर्गठित करने के लिए ध्यान दिया जाना है। दार्जिलिंग पर्वतीय इलाकों में अध्ययन करने और उत्तर बंगाल के प्रवेश द्वार में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। श्री शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाने में रुचि है और उन्होंने पिछले 10 साल तक विकास से लोगों को वंचित रखा है। उन्होंने तृणमूल सुप्रीमो की आचोलना करते हुए कहा कि दीदी (सुश्री बनर्जी) ने अपने निहित स्वार्थ के लिए पर्वतीय लोगों को विभाजित करके रखा। उन्होंने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू करने की किसी भी संभावना से इन्कार किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार गोरखा/नेपाली पर एनआरसी के बारे में झूठ फैला रही है ताकि उनके बीच भय का माहौल बना रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी भी गोरखा और नेपाली को यहां से नहीं निकाला जाएगा, ये लोग भारतीय सीमाओं की रक्षा में सेवारत हैं। श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से गोरखा/नेपाली पर किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र में मोदी सरकार है, तब तक किसी भी गोरखा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकेगा। एनआरसी अभी तक लागू नहीं किया गया है, लेकिन जब भी यह लागू किया गया तो एक भी गोरखा को देश छोड़ने के लिए नहीं कहा जाएगा। उन्होंने गोरखा को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्वतीय इलाकों में भाजपा का गोरखाओं के साथ स्वाभाविक गठबंधन है।

## जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल में जाने की दी चेतावनी, सीएम ने लिया संज्ञान



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कोरोना संकट काल में जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल में जाने की जानकारी के बाद विभाग में हड़कम्प मच गया है। जिससे अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। मरीजों का उपचार भी प्रभावित हो जाएगा। नाराज चिकित्सकों ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। चिकित्सकों का आरोप है कि न तो पीपीई किट मिल रही है और न ही ग्लब्स। फेस मास्क सहित अन्य जरूरी सामान मुहैया नहीं कराए जा रहे है। जूनियर डॉक्टरों का आरोप है कि इन सारी दिक्कतों से कई बार अधीक्षक और डीन को अवगत कराया गया है। इसके बाद कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जूनियर डॉक्टरों की समस्याओं को संज्ञान में लिया है उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव से चर्चा कर शीघ्र निराकरण करने को कहा है।

## निशंक ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की

वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने मंगलवार को यहाँ राष्ट्रीय उर्दू विकास परिषद की कार्यकारी बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की एवं उर्दू के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। डॉ निशंक ने कहा कि पिछले परिषद को दिया जाने वाला फंड लगभग दोगुना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009-14 के बीच इस संस्था को 193.83 करोड़ रुपए दिए गए थे वहीं 2015-2020 के बीच में 402.56 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके अलावा डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, बिजनेस एकाउंटिंग एवं मल्टीलिंगुअल डीटीपी के केंद्रों को इसी समयाविधि के दौरान 468 से बड़ा कर 539 कर दिया गया है। इन केंद्रों में छात्रों की संख्या भी 1,06,615 से बढ़ कर 1,69,77 हो गए हैं। इसके अलावा डॉ निशंक ने बताया कि डिप्लोमा इन कैलीग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइन के भी केंद्र भी 55 से बढ़ा कर 74 किए गए हैं जहाँ पहले के 5176 छात्रों के मुकाबले अब 17950 छात्र पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा में एक साल के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि जहाँ 2009-14 में 1066 केंद्रों में 2,98,595 छात्र पढ़ रहे थे वहीं 2015-20 में 1423 केंद्रों में 4,93,981 छात्र पढ़ रहे हैं। अरबी एवं फारसी भाषा में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में भी 505 केंद्रों को बढ़ा कर 873 कर दिया गया और छात्रों की संख्या 1,48,302 से बढ़ कर 2,66,791 हो गई है। इस बैठक में परिषद के कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री को वर्ष 2020-21 की उपलब्धियों के बारे में भी अवगत करवाया। राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है जो देश भर में उर्दू, अरबी और फारसी भाषाओं के प्रचार के लिए कार्य करता है और यह भारत सरकार को उर्दू भाषा से जुड़े मुद्दों पर सलाह देता है।

## प्रवासी बच्चों को मिलने वाले लाभों से संबंधित डाटा पेश करने का 'सुप्रीम' निर्देश



वार्ता ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों में प्रवासी बच्चों और श्रमिकों के बच्चों की संख्या के साथ-साथ उन्हें मिलने वाले लाभों से संबंधित आंकड़ा प्रदान करने का राज्य सरकारों को मंगलवार को निर्देश दिये। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रमासुब्रमण्यम की खंडपीठ ने 'चाइल्ड राइटस ट्रस्ट' की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकारों को डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। याचिका में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19, 21, 21ए, 39 और 47 के तहत प्रवासी बच्चों और प्रवासी परिवारों के बच्चों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग की गई है। गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी ने पीठ से अनुरोध किया कि वह न केवल जवाब के लिए निर्देश दें, बल्कि राज्यों से प्रवासी बच्चों की संख्या प्रदान करने का अनुरोध करें, साथ ही उन्हें राज्य द्वारा दिए गए लाभों के बारे में भी बताएं। न्यायालय ने उसके बाद राज्यों को संख्या प्रदान करने के साथ-साथ उन राज्यों में बच्चों पर स्थिति रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया।

**काईमेट वेदर सर्विसेज ने बताया कि एक जून को केरल पहुंचने के आसार**

# इस बार सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

इस साल 1 जून से शुरू होने वाला मानसून यानी बारिश सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान है। मौसम की जानकारी देने वाली संस्था स्काईमेट वेदर सर्विसेज ने बताया कि भारत में इस साल जून से सितंबर के दौरान औसत बारिश 907 मिलीमीटर हो सकती है। पूरे भारत में चार महीनों के दौरान औसत 880.6 मिलीमीटर बारिश होती है, जिसे लॉन्ग पीरियड एवरेज कहते हैं। स्काईमेट इसे ही औसत मानकर चलती है। यानी बारिश का यह आंकड़ा 100 प्रतिशत माना जाता है। इस साल 907 मिलीमीटर बारिश होने की संभावना है। 2021 में मानसून के दौरान 103 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य से बेहतर बारिश कहा जाता है। 2019 में यह आंकड़ा 110 प्रतिशत और 2020 में 109 प्रतिशत रहा था। अब 2021 में लगातार तीसरे साल भी अच्छे मानसून का फायदा मिलेगा।



### पूर्वानुमान के आधार पर तैयार होती हैं योजनाएं

मौसम पूर्वानुमान से प्राकृतिक आपदाओं जैसे भारी वर्षा, ओलावृष्टि, हीट वेव यानी लू, शीतलहर से फसलों को बचाने की तैयारी में मदद मिलती है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकार को भी सूखे और बाढ़ जैसे मामले में किसानों से जुड़ी योजना को तैयार करने में मदद मिलती है। अच्छे मानसून से खेती पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। पिछले साल समय पर बारिश के चलते रबी फसल की बुआई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। क्रिसिल के मुताबिक सीजन में 27 नवंबर 2020 तक कुल 348 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई, जो इसके पिछले सीजन में 334 लाख हेक्टेयर थी।

### नॉर्थ ईस्ट और कर्नाटक में कम बारिश के आसार

रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जून में 177 मिलीमीटर बारिश हो सकती है, जबकि जुलाई में 277, अगस्त में 258 और सितम्बर में 197 मिलीमीटर बारिश होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि पिछले साल जिन इलाकों में सामान्य से कम बारिश हुई थी, वहां पर इस बार अच्छी बारिश की संभावना है। जून में बिहार और पश्चिम बंगाल में अच्छी बारिश की संभावना है। जुलाई के दौरान महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश राज्यों में अच्छी बारिश होगी, जबकि नॉर्थ ईस्ट और कर्नाटक में बारिश सामान्य से कम रहने की आशंका है।

### सितंबर में मध्य प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना

सितंबर में मध्य प्रदेश और देश के पश्चिमी क्षेत्रों जैसे महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इस साल भी मुंबई में बारिश जून के पहले हफ्ते से शुरू होगी। हालांकि स्काईमेट ने साफ किया कि राज्यों पर अनुमान अभी नहीं दिया जा रहा है, यह अनुमान पूरे देश के लिहाज से है।

## ममता वोट पाने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रही हैं : राजनाथ

वार्ता ∢ करीमपुर/स्वरूपनगर
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार वोट हासिल करने के लिए तुष्टिकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। श्री सिंह ने यहां चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस दिन भाजपा सत्ता में आएगी उसी दिन से 'कट मनी' संस्कृति और टोलाबाजी पर तत्काल रोक लगा दी जाएगी। उन्होंने तृणमूल नेताओं पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को अपमानित करने का भी आरोप लगाया। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मान लिया है कि तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गयी है और भाजपा सत्तारूढ़ हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राजनीतिक हत्यायें पूरी तरह रोक दी जायें। श्री सिंह ने सुश्री बनर्जी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में 'बकवास' करने का आरोप लगाया और कहा कि चुनाव आयोग द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद तृणमूल सुप्रीमो अब चुनाव आयोग के खिलाफ हो गयी हैं। भाजपा नेता ने कहा कि आप हमारे प्रधानमंत्री के बारे में बकवास करती हैं। आप उन्हें हर चीज के लिए दोषी क्यों ठहराती हैं? मैं भी एक मुख्यमंत्री रहा हूँ, मैं जानता हूं कि एक सीएम को कैसा व्यवहार करना चाहिए। चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव (ईसी) आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला देते हुए उन्हें 24 घंटे के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। वह अब ईसी के खिलाफ हैं। दीदी, क्या आप किसी को बख्श सकती हो? रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने टीवी पर देखा कि यहां एक बम फैक्ट्री है। मुझे लगा कि यह एक सरकार का कारखाना है, लेकिन विरोधियों पर हमला करने के लिए बम बनाए गए थे। सीएम के नेतृत्व में बम बनाना कैसे संभव था? अगर भाजपा की सरकार बनती है तो या तो बम होंगे या हम।

जागरूक हो रहे लोग

# दाह संस्कार में हो रहा गौ काष्ठ का उपयोग, मंत्री डहरिया की दूरगामी सोच से रूक रही पेड़ों की बलि

■ नगरीय प्रशासन विभाग ने दाह संस्कार और अलाव में गौ-काष्ठ का उपयोग करने दिया है आदेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com







कोरोना सहित अन्य बीमारियों की वजह से इन दिनों होने वाली मौतों के बाद होने वाले दाह संस्कार में गोबर से बने गौ काष्ठ और कण्डे का भी उपयोग कर बहुत से लोग अपनी जागरूकता का परिचय दे रहे हैं। दाह संस्कार में गौ काष्ठ का उपयोग बढ़ने से इसके उत्पादन में लगी महिला स्व-सहायता समूहों को फायदा होगा, वहीं सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा कि गौ-काष्ठ का उपयोग दाह संस्कार में होने से लाखों पड़ों की कटाई रूकेगी। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले दाह संस्कार/मुक्तिधाम स्थल पर गोठानों में निर्मित होने वाले गौ काष्ठ का उपयोग लकड़ी के स्थान पर दाह संस्कार के लिए करने की अपील लगातार कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने मुक्तिधाम सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर गौ-काष्ठ की बिक्री रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी अफसरों को दिया हुआ है। मंत्री डॉ. डहरिया की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि होलिका के बाद अब शव को जलाने में लकड़ी की अपेक्षा गौ-काष्ठ का उपयोग किया जाने लगा है।इको-फ्रेण्डली दाह संस्कार से पर्यावरण का संरक्षण और स्वच्छ तथा प्रदूषण मुक्त शहर की संकल्पना भी साकार हो रहा है।

## 115 स्थानों पर लगी है गौ काष्ठ मशीन

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में इस समय गोठान संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें से 166 नगरीय निकाय क्षेत्रों में 322 गोठान संचालित है। इन गोठानों में जैविक खाद के अलावा गोबर के अनेक उत्पाद बनाए जा रहे हैं। गोठानों में गौ-काष्ठ और कण्डे भी बनाए जा रहे हैं। कुल 142 स्थानों में गोबर से गौ काष्ठ बनाने मशीनें भी स्वीकृत की जा चुकी है और 115 स्थानों में यह मशीन काम भी करने लगी है। निकायों के अंतर्गत गोठानों के माध्यम से गोबर का उपयोग गौ काष्ठ बनाने में किया जा रहा है। लगभग 7113 क्विंटल गौ काष्ठ विक्रय के लिए तैयार किया गया है। सूखे गोबर से निर्मित गौ-काष्ठ एक प्रकार से गोबर की बनी लकड़ी है। इसका आकार एक से दो फीट तक लकड़ीनुमा रखा जा रहा है। गौ-काष्ठ एक प्रकार से कण्डे का वैल्यू संस्करण है।

## एक दाह संस्कार में 20-20 साल के दो पेड़ों की रूकेगी कटाई

एक जानकारी के अनुसार एक दाह संस्कार में 500 किलो तक लकड़ी की जलाई जाती है। यह 500 किलो लकड़ी 20-20 साल के दो पेड़ों से निकलता है। एक दाह संस्कार के पीछे लगभग दो पेड़ों की कटाई को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही हम पेड़ों की कटाई को बढ़ावा देकर अपने पर्यावरण को भी नुकसान पहुचा रहे हैं। पेड़ के संबंध में मानना है कि एक वृक्ष से 5 लाख का आक्सीजन, 5 लाख के औषधि, 5 लाख का मृदा संरक्षण, 50 हजार पक्षियों के बैठने की व्यवस्था, कीड़े-मकोड़े, मधुमक्खी के छत्ते से वातावरण का अनुकूलन बना होता है। ये पराबैंगनी विकिरण के खतरे से भी बचाते हैं। वृक्ष अपने जीवन में 7 से 11 टन ऑक्सीजन छोड़ता है और 12 टन तक कॉर्बन डाइ आक्साइड ग्रहण करता है। यदि दाह संस्कार में लकड़ी की जगह गोबर के बने गौ काष्ठ और कण्डे का इस्तेमाल करेंगे तो इसके अनेक फायदे भी होंगे। एक दाह संस्कार में लगभग 300 किलो गौ काष्ठ लगेंगे जिससे खर्चा भी बचेगा। गौ काष्ठ के जलने से प्रदूषण भी नहीं फैलेगा और गाय की महत्ता बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।

## वैकल्पिक ईंधन का बन रहा स्रोत

गोठानों के गोबर का बहुउपयोग होने से जहां वैकल्पिक ईंधन का नया स्रोत विकसित हो रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ के गांव और शहरों में रोजगार के नए अवसर भी खुलने लगे हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर की राह में कदम बढ़ा रही है। कुछ माह पहले ही सरगुजा जिले के अंबिकापुर में प्रदेश का पहला गोधन एम्पोरियम भी खुला है, जहां गोबर के उत्पादों की श्रृखंला है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी गौ काष्ठ और गोबर के उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है।


## गौ काष्ठ से कराते हैं दाह से संस्कार

रायपुर निगम क्षेत्र में गौ-काष्ठ और कण्डे से अनेक दाह संस्कार करा चुके एक पहल सेवा समिति के उपाध्यक्ष श्री रितेश अग्रवाल कोरोनाकाल में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं। होलिका दहन में भी 40 से 50 स्थानों गौ-काष्ठ का उपयोग किया गया। चूंकि अभी कोरोनाकाल में मौत के साथ दाह संस्कार की संख्या बढ़ी है , ऐसे में रायपुर में अनेक दाह संस्कारों में गौ-काष्ठ और कण्डे का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौ-काष्ठ से दाह संस्कार पेड़ों को कटने से बचाने के साथ रोजगार के नए अवसर और स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलता है। इसलिए लोगों को लकड़ी के स्थान पर गोठानों में बनने वाले गौ-काष्ठ का ही इस्तेमाल ईंधन के नए विकल्प के रूप में करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं और उनकी समिति के सदस्य गौ काष्ठ से दाह संस्कार कराने और इसका फायदा लोगों को बताते हैं। यह लकड़ी की अपेक्षा कम खर्चीला भी है और इससे प्रदूषण भी नहीं फैलता है।

# दैनिक वेतनभोगियों और जरूरतमंदों की मदद के लिए दान की अपील

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दैनिक वेतनभोगियों और जरूरतमंदों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान की अपील की है। उन्होंने संकट की इस घड़ी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान देकर जरूरतमंदों की सहायता में सहभागी बनने कहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यमंत्री सहायता कोष का खाता नम्बर, आईएफएससी कोड और यूपीआई आईडी की जानकारी देते हुए कोष में राशि जमा करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में भारतीय स्टेट बैंक के खाता क्रमांक 30198873179, आईएफएससी कोड 0004286 और यूपीआई आईडी के माध्यम से राशि जमा की जा सकती है।




## कोविड मरीजों के इलाज में नर्सिंग विद्यार्थियों की ली जाएंगी सेवाएं

कोविड-19 मरीजों के इलाज एवं अन्य चिकित्सालयीन कार्यों में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों की सेवाएं ली जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को नर्सिंग कॉलेजों के प्रमुखों एवं अपने अधीनस्थ संस्थाओं से संपर्क कर अस्पतालों व कोविड केयर सेंटरों में नर्सिंग के छात्र-छात्राओं की सेवाएं लेना सुनिश्चित करने कहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बंसोड़ ने इस संबंध में सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को परिपत्र जारी किया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कोविड-19 की रोकथाम के अंतर्गत अति आवश्यक सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए एम.एस.सी. नर्सिंग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, बी.एस.सी. नर्सिंग के तृतीय वर्ष, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष तथा जी.एन.एम. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की सेवाएं लिए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित, जिला संयोजक और सहसंयोजक हुए नियुक्त



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय और प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से लाभचंद बाफना प्रदेश संयोजक भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला संयोजको और सहसंयोजको की घोषणा की गई है। उन्होंने लाभचंद बाफना को जिला संयोजक नियुक्त किया। सुभाष अग्रवाल, मुकेश शर्मा, कांतिलाल बोथरा, संजय खटवानी और चंद्रप्रकाश छाबड़ा को लोरमी जिला सहसंयोजक बनाया। इसके अलावा राजेश गुप्ता को प्रदेश कार्यालय मंत्री, नितेश दुबे को प्रदेश सहकार्यालय मंत्री, संतोष बैद प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री और राजकुमार राठी को प्रदेश सहप्रचार प्रसार मंत्री बनाया गया है।

# देवी मंदिरों में महा जोत प्रज्जवलित, श्रद्धालु नहीं कर सके दर्शन

## मंदिर के पुजारियों ने ही गर्भगृह में परंपरा निभाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के प्रसिद्ध महामाया देवी मंदिर समेत दो दर्जन से अधिक देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि पर महाज्योति प्रज्ज्वलित करने की परंपरा निभाई गई। कोरोना महामारी के चलते इन दिनों मंदिर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया है।

इसके कारण मंदिर के पुजारियों ने ही गर्भगृह में परंपरा निभाई। इस बार भक्तों की मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित नहीं की गई है। मात्र 11 महाज्योति ही जगमगा रही है। मंदिर में भक्तों का जाना प्रतिबंधित होने से किसी भी भक्त को ज्योति दर्शन का लाभ नही मिला।

**फेसबुक पर लाइव :** महामाया मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला ने अपने फेसबुक पेज पर मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलित करने लाइव प्रसारण किया। भक्तों ने मोबाइल पर ही दर्शन किया। पुरानी बस्ती के ही दंतेश्वरी मंदिर, कंकाली देवी, शीतला देवी, रविशंकर विश्विद्यालय की बंजारी देवी के अलावा आकाशवाणी तिराहा की काली देवी, रावां भाठा की बंजारी देवी , सत्ती बाजार में अम्बा देवी की भी पूजा अर्चना करके महज महाज्योति की परंपरा निभाई गई।



**घर-घर में घट स्थापना :** मंदिरों में भक्तों की ओर से ज्योति प्रज्ज्वलित नहीं की गई। कई श्रद्धालुओं ने अपने घर पर ही घट स्थापना करके ज्योति प्रज्ज्वलित की है। सुबह 6 बजे से दोपहर तक अभिजीत मुहूर्त तक घट स्थापना का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखने का संकल्प लिया। अब नौ दिनों तक फलाहारी भोजन करके भक्त दुर्गा सप्तशती का पाठ करेंगे।

**कोरोना से मुक्ति की प्रार्थना :** भक्तों ने घर पर ही पूजा करके संपूर्ण विश्व से कोरोना महामारी खत्म होने की प्रार्थना देवी मां से की। घर की पूजा में परिवार के सदस्यों ने दूरी बनाए रखते हुए प्रार्थना की।

# राज्य में रेमडेसिविर की आपूर्ति जारी, मिले 9100 इंजेक्शन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




सरकार ने जानकारी दी है कि राज्य में अब रेमेडसिविर इंजेक्शन की किल्लत नहीं होगी. इंजेक्शन की आपूर्ति निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस दिशा में लगातार पहल की है। जिसके बाद राज्य को 9100 इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। आज फिर से इंजेक्शन पहुँचेगा। इंजेक्शनों का वितरण शासकीय अस्पतालों में किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने अखिल भारतीय सेवाओं के दो वरिष्ठ अधिकारियों प्रबंध संचालक छ. ग. राज्य सड़क विकास निगम और कृषि विभाग के संयुक्त सचिव भोसकर विलास संदीपन को दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुंबई और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक अरूण प्रसाद को हैदराबाद में तैनात किया हैं. इससे निरंतर आपूर्ति में मदद मिल रही हैं।

खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि राज्य में कल सन फार्मा द्वारा 4600, ज़ायडस कैडिला के 1600, मायलॉन के 2600 की आपूर्ति वेयर हाउस को और 300 इंजेक्शन की आपूर्ति निजी अस्पतालों के लिए की हैं आपूर्ति का यह क्रम बना रहेगा।

# कोरोना से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ में अब तक 44.73 लाख से अधिक टीके लगाए गए

■ 4.32 लाख लोगों को दी जा चुकी है टीके की पहली और दूसरी खुराक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना से बचाव के लिए अब तक (12 अप्रैल तक) 44 लाख 73 हजार 200 टीके लगाए जा चुके हैं। प्रदेश के चार लाख 31 हजार 888 लोगों को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं। इनमें एक लाख 96 हजार 601 स्वास्थ्य कर्मी, एक लाख 40 हजार 358 फ्रंटलाइन वर्कर्स और 45 वर्ष से अधिक उम्र के 94 हजार 929 लोग शामिल हैं। कोरोना टीकाकरण की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के 88 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों, 85 प्रतिशत फ्रंटलाइन वर्कर्स और 45 वर्ष से अधिक के 60 प्रतिशत लोगों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं 58 प्रतिशत स्वास्थ्य कर्मियों और 48 प्रतिशत फ्रंटलाइन वर्कर्स को टीके का दूसरा डोज भी दिया जा चुका है।

प्रदेश में अब तक 45 वर्ष से अधिक उम्र के 34 लाख 98 हजार 378 लोगों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। इनमें से 94 हजार 929 ने इसकी दूसरी खुराक भी ले ली है। प्रदेश भर में इस आयु वर्ग के कुल 58 लाख 66 हजार 599 लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य है।

प्रदेश के दो लाख 96 हजार 794 स्वास्थ्य कर्मियों और दो लाख 46 हजार 140 फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। इन दोनों श्रेणियों में लक्षित क्रमशः 88 प्रतिशत और 85 प्रतिशत कार्मिकों को पहली खुराक दी जा चुकी है। प्रदेश में शासकीय व निजी क्षेत्र के कुल तीन लाख 38 हजार 844 स्वास्थ्य कर्मियों और दो लाख 90 हजार 720 फ्रंटलाइन वर्कर्स के टीकाकरण का लक्ष्य है।

# विस अध्यक्ष महंत ने भारत रत्न आंबेडकर की 130वीं जयंती पर किया नमन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 130वी जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हुए किया नमन। डॉ महंत ने कहा कि, डॉ. आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए। सामाजिक-राजनीतिक सुधारक के रूप में आंबेडकर की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा असर हुआ है और अपने जीवन को जाति उत्पीड़न और भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित किया, जिससे भारतीय समाज जाति व्यवस्था की बुराइयों के बारे में अधिक जागरूक हो गया, और इसे अधिक समावेशी बनाने की दिशा में काम किया, जिन्हें संविधान में विस्तार से बताया गया है। समूचे जीवन में उन्होंने अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए प्रयास किए। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कोरोना संक्रमण को देखते हुये, लोगों को अपने घरों की सुरक्षा में रहते हुये, भीम जयंती समारोह में भाग लेने की गुजारिश की है ।

## रायपुर, बिलासपुर, नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत 111 रेल डिब्बों को आइसोलेशन वार्ड में बदला गया

# रेलवे के तैयार कोरोना मरीजों के डिब्बे, झेल रहे आइसोलेशन की पीड़ा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




पिछले वर्ष कोरोना महामारी के दौरान रायपुर, बिलासपुर, नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत लगभग 111 रेल डिब्बों को आइसोलेशन वार्ड में बदला गया था। वहीं, रायपुर और बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत 105 डिब्बों को आइसोलेशन वार्ड में बदला गया था, लगभग एक से दो लाख रुपये खर्च किए गए। लेकिन अब तक इनमें कोई भी कोरोना मरीज भर्ती नहीं किया गया। वहीं, मरोदा रेलवे स्टेशन के यार्ड में खड़े ये डिब्बे अब खुद ही आइसोलेशन की पीड़ा झेल रहे हैं, क्योकि लगभग दस महीने से बंद पड़े इन डब्बों को जहां कभी खोला नहीं गया। वहीं, डिब्बों के खिड़कियों में लगे प्लास्टिक फटने लगी है। कोच के आसपास काफी झाड़िया उग आयी है। महीनों से खड़े इन डिब्बें को देखने से यही लग रहा है कि आइसोलेशन डिब्बे तैयार कर उनकी देखभाल करना रेलवे भूल गया है।

## बंद पड़े डिब्बों की सफाई जरूरी

कई महीनों से यार्ड में खड़े आइसोलेशन कोच अंदर से बंद है, जिससे अंदर की क्या स्थिति इसकी जानकारी तो नहीं मिल मिली, लेकिन जिस प्रकार से राजधानी में कोरोना के आंकड़े बढ़ रहे है। ऐसे में यदि यहा मरीजों को भर्ती किया गया तो उसके पहले सभी डिब्बे की पूरी सफाई करनी होगी। क्योकि बंद पड़े इन डब्बों में काफी गंदगी होगी। सभी डिब्बों में सैनिटाइजर करना होगा। इसके अलावा मरीज के लिए जरूरी सामग्रियों की जांच करनी होगी।

## डिब्बों की देखभाल नहीं

रेलवे ने इन आइसोलेशन वार्डो की देखभाल के लिए मुलाजिम तैनात किए हैं, लेकिन डिब्बे की वर्तमान हालत देखने पर यही लग रह है है की साफ-सफाई व अन्य वस्तुओं के देखभाल रामभरोसे है। एक कोच में आठ मरीज रखने की सुविधा है। आठ केबिन कोरोना मरीजों के लिए और नौवां मेडिकल स्टाफ के लिए बनाया गया है। ऊपर की बर्थ मरीजों के सामान रखने के लिए तैयार की गई है। सभी कोचों में बिजली, पानी, सैनिटाइजर, ऑक्सीजन सिलिंडर और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा मरीजों के लिए दो चादरें, एक तौलियां और तकिया का बंदोबस्त किया गया।

## रेलवे का पक्ष

आइसोलेशन के लिए तैयार इन कोच को एक प्रक्रिया के तहत देखभाल की जाती है। साथ ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रेल मंत्रालय के तहत एक प्रोटोकाल बना है। उसके अंतर्गत इनका उपयोग किया जाएगा।

**- साकेत रंजन,** चीफ पब्लिक रिलेशन अधिकारी, बिलासपुर जोन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष प्रतिपदा उत्सव मना रहा है। कोरोना महामारी के बीच वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सुंदर नगर शाखा ने आद्य सरसंघचालक प्रणाम के साथ नववर्ष के उत्सव की शुरुआत की गई। मुख्य वक्ता सचिन कुमार ने बताया कि किस तरह 1925 से लेकर आज तक संघ मानव सेवा सर्वोपरी के मंत्र के साथ काम कर रहा है। महामारी के इस? संकट काल में संघ द्वारा आयोजित विभिन्न सेवा कार्य के बारे में बताते हुए उन्होंने सभी स्वयंसेवकों और समाज से आह्वान किया कि देश को इस महामारी से मुक्त करने के लिए सबको कमर कसनी होगी।सेवा और महामारी के प्रति जागरूकता पर बल देना होगा। भारत के वैज्ञानिकों ने इस महामारी से बचाने के लिए पूरे विश्व में अग्रणी भूमिका निभाई है। अधिक से अधिक टीका लगे, इसके प्रति समाज के हर वर्ग को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। संकट के समय हम सब एकजुटता से कार्य करना होगा। जैसे भी हो सके, एक दूसरे का हरसंभव सहयोग करें। दवाइयां, भोजन, अस्पताल में भर्ती जैसे तमाम पहलुओं पर मदद करें। एक तंत्र बनाएं जो हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहे। इस दौरान कोरोना से बचाव के सारे उपायों का पालन करें।

# जगदलपुर रेल्वे स्टेशन में कोरोना जांच के लिए स्थायी दल नियुक्त









पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर रेल्वे में कोरोना जांच के लिए स्थायी दल नियुक्त कर दिया गया है। यहां यात्रियों को कोरोना से सतर्कता बरतने के लिए लगातार एनाउंस भी किया जा रहा है। जगदलपुर रेल्वे स्टेशन में कोरोना जांच के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण सोमवार को अनुविभागीय दण्डाधिकारी जीआर मरकाम और नजूल तहसीलदार पंकज सिंह ने किया। यहां जगदलपुर पहुंचने वाले सभी यात्रियों की कोरोना जांच की जा रही है, वहीं जगदलपुर से दूसरे स्थानों की जाने वाले यात्रियों की जांच भी की जा रही है। कोरोना जांच के लिए यहां जिला प्रशासन और भारतीय रेल का स्वास्थ्य दल कर रहा है। इस कार्य में रेलवे पुलिस बल के जवान सहयोग कर रहे हैं। यहां यात्रियों की आरटीपीसीआर एवं एंटीजन जांच के साथ थर्मल स्केनिंग भी की जा रही है। वहीं यात्रियों की सुरक्षा के लिए निर्धारित दूरी में गोले बनाने के साथ ही सेनेटाईजर भी उपलब्ध कराया गया है।

**कोरोना के लक्षण होने पर तुरंत कराएं जांच**

बुखार, सर्दी-खांसी, गले में खरास, सांस लेने में तकलीफ, तेज सर दर्द या उल्टी दस्त होने पर तत्काल कोरोना जांच की सलाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दी है। उन्होंने कहा कि कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए बस्तर जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय के फीवर क्लीनिक, एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, सभी विकासखण्ड मुख्यालय और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोरोना जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही फरसागुड़ा नाका, धनपूंजी नाका, कोड़ेनार नाका, मारेंगा नाका, बदलावंड नाका, दरभा नाका और लोहण्डीगड़ा नाका में भी कोरोना जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं तथा अपने परिजनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि बहुत अधिक आवश्यकता होने पर ही सार्वजनिक स्थानों में जाएं। सार्वजनिक स्थानों में मास्क का उपयोग अवश्यक करें और अपने हाथों को साबुन से सेनेटाईजर से साफ करें। जांच से संबंधित जानकारी के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी के दूरभाष क्रमांक 9826642403 एवं 07782-222281 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर और एसपी ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों का किया निरीक्षण

■ एरला पहुंच व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विगत् 12 अप्रैल को कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धर्थ तिवारी द्वारा जिले के उड़ीसा राज्य से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में कोविड-19 से बचाव हेतु की गयी व्यवस्थाओं का निरिक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अमरावती, एरला, हीरापुर सीमाओं पर जा कर सीमाओं को सील किये जाने आदेश उपरांत वहां व्यवस्थाओं को देखा साथ ही एरला स्थित अंतर्राज्यीय सीमा में बने चेकपोस्ट पर उपस्थित





वनकर्मी एवं पुलिस विभाग के जवानों से चर्चा की एवं अन्य राज्य से आने वाले व्यक्तिओं की जांच व बिना अनुमति के आने पर रोक लगाने को कहा। ज्ञात हो कि जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए कलेक्टर ने जिले के सभी सीमाओं को सील कर दिया है। अन्य जिले से आने वाले लोगों की कोरोना जांच सीमा पर ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही है। अब कोण्डागांव जिले के सीमा में बैरिकेडिंग कर आने जाने वाले सभी वाहनों में जिले में प्रवेशित होने वाले यात्रियों की कोरोना जांच कर ही प्रवेश दिया जायेगा।

# कोरोना के संक्रमण को रोकने कलेक्टर ने जारी किए दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विगत दिनों जिले के समस्त अधिकारियों से नवीन रणनीति पर चर्चा उपरांत नवीन दिशा-निर्देश जारी किये है। जिसके अनुसार जिले के समस्त कार्यालयों में आम जनता के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाता है तथा जनदर्शन कार्यक्रम आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है। किसी भी आम नागरिक को अपनी समस्या के संबंध में आवेदन देने के लिए जिला कार्यालय के सामने पृथक से आवेदन लेने की व्यवस्था की जावेगी एवं जिले में किसी भी प्रकार की कोई भी शासकीय बैठक नहीं होगी, सभी प्रकार की बैठकें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी।

जिले में सभी सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। जिले में सभी सार्वजनिक स्थान जैसे गार्डन, पार्क, बंधा तालाब, खेलकूद मैदान, मनोरंजन स्थान, जिम एवं योग संस्थान आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

जिले की सीमाओं से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच कर वाहन में सवार यात्रियों का कोरोना टेस्ट करने के उपरांत ही वाहन गंतव्य स्थान के लिए रवाना होगी। वाहनों में सवार यात्रियों के पास तीन दिन पूर्व कराई गई कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट होने पर उनकी जांच नहीं की जावेगी। साप्ताहिक हाट-बाजारों में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को कोरोना टेस्ट करवाना आवश्यक होगा, कोरोना टेस्ट में रिपोर्ट निगेटिव आने पर ही दुकान लगाने की अनुमति दी जावेगी। तीन दिन पूर्व कराई गई कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट होने पर उनकी जांच नहीं की जावेगी। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोरोना मरीजों के लिए 50-50 बिस्तर सर्व सुविधायुक्त बेड की व्यवस्था की जावेगी साथ ही वन विभाग के उप वनमंडलाधिकारियों को कोरोना मरीजों के कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग के कार्य हेतु नोडल नियुक्त किया गया है। व्यापारियों के परिवार के किसी भी सदस्य (जो उनके साथ निवासरत है) कोरोना पॉजीटीव आने पर व्यवसायी को अपना व्यवसाय बंद रखना होगा। किसी कार्यक्रम के लिए अनुमति प्राप्त होने पर उतने ही सदस्य मान्य होंगे जिनकी अनुमति प्राप्त है, कार्यक्रम में अधिक सदस्य पाये जाने पर उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी। किसी भी परिवार के सदस्य का कोरोना पॉजिटिव पाये जाने पर उक्त परिवार होम आइसोलेशन में रहना होगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# कोविड-19 से संबंधित कार्यों के संपादन के लिए अधिकारियों को दिया गया दायित्व

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राज्य स्तर पर कोविड-19 के अधिक फैलाव को देखते हुए कलेक्टर रजत बंसल द्वारा जिले में कोविड-19 से संबंधित कार्यों के संपादन हेतु अधिकारियों की ड्यूटी प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। जिसमें डेड बॉडी मेनेजमेंट के लिए डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा (6261397940) और जिला रेडक्रास सोसाईटी के उपाध्यक्ष अलेक्जेन्डर एम. चेरयिन (9406480100) को, कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम (9406166884) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आड़ावाल डॉ. डी.एस. नाग (9424281539) को, कंटेनमेंटजोन घोषित करने के लिए डिप्टी कलेक्टर गीता रायस्त (9406072852) को, कोविड-19 सैम्पलिंग के लिए जगदलपुर खंड शिक्षा अधिकारी मानसिंह भारद्वाज (9425594314) को तथा मेडिसिन तैयार करना एवं वितरण करने हेतु सीएससी कालीपुर अनिल उपाध्याय (9165824848) और सीएससी विवेकानन्द प्रकाश दास (7000818726) को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रतिदिन पॉजिटिव आए मरीजों की कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग के लिए दो पालियों में दल बनाकर ड्यूटी लगाई गई है। पहली टीम प्रातः 8.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक और दूसरी टीम दोपहर 2.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक कार्य करेगी। जिसमें ग्रामीण चिकित्सा सहायक एवं सहायक शिक्षकों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त रिजर्व दल भी बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री सहायता कोष में विधायक अनूप नाग ने दिया 1 लाख 11 हजार का दान

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस से पीड़ित गरीब परिवारों, बेसहारा, निःशक्त व असहाय लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आहवान पर अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनूप नाग ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में 01 लाख 11 हजार रूपये का दान किये हैं। उनके द्वारा आज उक्त सहायता राशि का चेक कलेक्टर चन्दन कुमार को सौंपा गया। विधायक अनूप नाग ने जिले के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों, समाज सेवी एवं धार्मिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों तथा शासकीय कर्मचारी-अधिकारियों से अपील किया है कि कोरोना कोरोना वायरस से पीड़ित गरीब परिवारों एवं असहाय लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में अधिक से अधिक दान कर पुण्य का सहभागी बनें।

# श्रीराघव मन्दिर में नगर परिवार की ओर से 5 ज्योति कलश प्रज्जवलित

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

सभी स्वस्थ रहें, सभी सुखी रहें इन मंगलकामनाओं सहित बैलाडीला देवस्थान समिति श्रीराघव मन्दिर के द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व एवं नव संवत्सर विक्रम संवत 2078 के सुअवसर पर चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को शुभ मुहूर्त में घटस्थापना की गई। कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम हेतु जिला प्रशासन के निर्देशों का पूर्णतः परिपालन करते हुए बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर के पदाधिकारियों, सदस्यों, गायत्री परिवार एवं नगर के प्रबुध्दजनो द्वारा सर्वसम्मति से इस वर्ष पूरे नगर परिवार के सुख, स्वास्थ्य, शांति,



उन्नति हेतु 5 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने का निर्णय लिया गया था तथा आमजनों द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलन को विगत वर्ष की भांति स्थगित किया गया। श्री राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद, समिति के प्रकाश चन्द्र जैन, राजेन्द्र यादव द्वारा घटस्थापना, पूजन एवं ज्योति कलश प्रज्ज्वलन किया गया तथा पूरे नगर परिवार, राष्ट्र के सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए एवं कोविड-19 से मुक्ति हेतु प्रार्थना की गई। प्रधान पुजारी द्वारा शुभ मुहूर्त में समस्त विधि विधान से धार्मिक कार्य सम्पन्न कराया गया।

## डेडीकेटेड कोविड हॉस्पिटल कांकेर में

# अब तक 1597 मरीजों का इलाज, 19 प्रसव भी

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय कांकेर के अलबेलापारा में डेडीकेटेड कोविड हॉस्पिटल का संचालन 10 जुलाई 2020 से किया जा रहा है, उक्त हॉस्पिटल में अब तक 1597 मरीजों को भर्ती कर ईलाज तथा 19 प्रसव कराया जा चुका है। दो सौ बिस्तर के इस अस्पताल के आईसीयू वार्ड में 10 बेड, एचडीयू वार्ड में 12 बेड, 22 ऑक्सीजन युक्त बेड एवं जनरल वार्ड में 158 बेड की व्यवस्था किया गया है। भविष्य मे कोरोना मरीजो की संख्या मे वृद्धि होने की स्थिति में अतिरिक्त 28 ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों की व्यस्वस्था की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उईके ने बताया कि डेडीकेटेड कोविड हॉस्पिटल में मरीज एवं स्टॉफ के




लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वार तथा डाफिंग एवं डानिंग एरिया का निर्माण किया गया है। आक्सीजन प्लांट संक्शन के साथ लगाया गया है, आईसीयू वार्ड में मल्टीपैरा मॉनीटर, इन्फ्यूजन पंप, डीफिब्रीलेटर एवं ईसीजी मशीन और अत्याधुनिक आईसीयू बिस्तर लगाया गया है। पेसेन्ट मॉनिटरिंग सिस्टम, पब्लिक एड्रेसल और पेसेन्ट कालिंग सिस्टम भी लगाया गया है तथा स्टॉफ के लिए रहने की व्यवस्था एवं मरीजों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है। भवन में सी.सी. टी.व्ही. कैमरा और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया गया है। परिसर के पीछे बॉयोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट के लिए डीप पिट एवं सार्प पिट का निर्माण भी किया गया है। प्रत्येक शिफ्ट मे हॉस्पिटल में एक चिकित्सा अधिकार , तीन नर्सिंग स्टाफ, एक फार्मासिस्ट, दो वार्ड बॉय एवं दो स्वीपर की ड्यूटी लगायी जाती है।

**कोविड केयर सेंटर**

विकासखण्ड स्तर पर लगातार एवं नियमित कोरोना जाँच व होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की संख्या में वृद्धि होने के फलस्वरूप जिले के विकासखंडो में सर्वसुविधा युक्त 06 कोविड केयर सेंटर स्थापित किये गये हैं, जिसमें 50 बिस्तर -05 ऑक्सीजन युक्त एवं 45 सामान्य है। इसके अलावा कोविड केयर सेंटर में अतिरिक्त 10 ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों का विस्तार प्रस्तावित है।

# व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट इत्यादि को प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक संचालन की अनुमति

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा 31 मार्च एवं 05 अप्रैल 2021 को जारी आदेशानुसार जिला उत्तर बस्तर कांकेर अंतर्गत स्थित समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के संचालन के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है, जिसमें आज आंशिक संशोधन आदेश जारी किये गये हैं। जिसके अनुसार जिले के अंतर्गत समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्थाई एवं अस्थाई दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, बार को प्रातः 06 बजे से सांय 06 बजे तक संचालन की अनुमति होगी। मेडिकल स्टोर्स, पैथालॉजी लैब, निजी अस्पताल, क्लीनिक एवं पेट्रोल पंप पूर्ववत् संचालित होंगे। दुग्ध पार्लर, वितरण को प्रातः 06 से सांय 07 बजे तक संचालन की अनुमति होगी। देशी, विदेशी शराब दुकानों को सांय 06 बजे तक ही संचालन की अनुमति होगी। जिले में नगरीय क्षेत्रों के बाहर संचालित ढाबा, होटल समय-सीमा के प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, किन्तु सायं 06 बजे के बाद केवल टेक अवे (पार्सल) की अनुमति होगी।

जिले में सांय 06 बजे के बाद अनावश्यक गतिविधियाँ प्रतिबंधित होंगी। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार का परिवहन, निजी वाहन से घूमना प्रतिबंधित होगा। केवल आपात चिकित्सा एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े व्यक्तियों को प्रतिबंध से छूट होगी, तत्संबंध में आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। जिले में सांय 06 बजे के बाद पार्क, पर्यटन स्थल, अन्य किसी भी स्थान में घूमना, भ्रमण प्रतिबंधित होगा। उक्त समयावधि के बाद जिले के समस्त जीम बंद रहेंगे। जिले में सांय 06 बजे के बाद कोचिंग संस्थानों को संचालन की अनुमति नहीं होगी। अन्य प्रदेश, जिले के वाहनों को कांकेर जिले से गुजरने हेतु समय-सीमा के प्रतिबंध से छूट होगी। उक्त वाहनों को जिले में स्थाई, अस्थाई रूप से ठहरने की अनुमति नहीं होगी । निर्धारित अवधि में व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों के संचालकों को कर्मचारियों एवं ग्राहकों के फिजिकल डिस्टेसिंग तथा मास्क की अनिवार्यता के साथ संचालन की अनुमति होगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों, व्यक्तियों पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51-60 तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

# लॉकडाउन के पहले दिन ही असर दिखने लगा

## जिले में 13 से 23 अप्रैल तक लगा है लॉकडाउन

■ बिना कारण घर से निकलने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई, जिले की सीमाएं सील

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद जिले में लॉक डाउन का असर साफ देखने को मिल रहा है। लॉकडाउन पर प्रशासन की कड़ी नजर है। पुलिस प्रशासन लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। गौरतलब है कि जिला गरियाबंद में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चैन को तोड़ने के लिए 13 अप्रैल की सुबह 6 बजे से 23 अप्रेल सुबह 06 बजे तक संपूर्ण जिले को कंटेंटमेंट जोन घोषित किया गया है। और धारा 144 लगाई गई है । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने जारी आदेश में कहा है कि केवल अतिआवश्यक सेवा के लिए ही अनुमति लेकर बाहर निकला जा सकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अपने मातहतों को निर्देशित करते हुए कहा है कि लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जाए। जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है।

नवापारा राजिम के पुल से लेकर देवभोग के खुटगांव तक चेक पोस्ट से निगरानी की जा रही है । ग्रामीण क्षेत्रों में भी लॉकडाउन का असर साफ दिख रहा है। वही पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है। ज्ञात है कि जिले में लॉकडाउन को गंभीरता से पालन करने के निर्देश आम लोगों को दिया गया है।

गरियाबंद तिरंगा चैक ,छुरा ,मैनपुर ,देवभोग राजिम और फिंगेश्वर में लॉकडाउन का असर आज सुबह से ही देखने को मिल रहा है । जगह जगह पुलिसकर्मी तैनात है। कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग को समन्वय कर लॉकडाउन पालन कराने के लिए निर्देशित किया है। वहीं आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि लॉकडाउन का अनिवार्य रूप से पालन करें और कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चैन को तोड़ने में अपनी सहभागिता निभाएं ।

### कोविड से होने वाले सभी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम प्रारंभ

**महासमुन्द।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डोमन सिंह के निर्देश पर जिले में नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में कोविड से होने वाले समस्त प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कार्यालय में कंट्रोल रूम प्रारंभ की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07723-223305 है। कंट्रोल रूम सुविधा 24 घंटे रहेगी। इस कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल को नोडल अधिकारी एवं श्रम विभाग के श्रम पदाधिकारी डी.के. राजपूत को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा हेल्पलाइन सुविधा के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की 08-08 घंटे की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली में सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक समाज कल्याण विभाग के अनिल कोसरिया एवं श्रम कार्यालय विभाग के धनेश्वर यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आदिवासी विकास विभाग के अमित साहू एवं राकेश चंद्रवंशी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा तृतीय पाली में रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक राज्य कर विभाग के बसु कुमार हरबंस एवं जिला खेल विभाग के शांतनु कुमार गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

# कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया

■ कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। उक्त नियंत्रण कक्ष संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक-01 में संचालित है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07706-241288 है। नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी जिला शिक्षा मिशन समन्वयक श्री श्याम चन्द्राकर होंगे। चन्द्राकर का मोबाईल नम्बर 94242-18499 है। इसके अलावा पुलिस नियंत्रण कक्ष दूरभाष नम्बर 07706-241970 तथा श्रमपदाधिकारी का हेल्प लाईन नम्बर 9754053988 व 9399313940 और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न के मोबाईल नम्बर 6267188170 में भी सम्पर्क किया जा सकता है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में पालीवार कर्मचारियों की चैबीस घण्टे ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 से 17 अप्रैल तक प्रथम पाली समय सुबह 06 से 02 बजे तक श्री शुभ्र भट्टाचार्य सहायक ग्रेड- 02 आदिवासी विकास गरियाबंद, ए.के एनेश्वरी सहायक ग्रेड-03 लोक निर्माण विभाग गरियाबंद व भक्तप्रहलाद कुर्रे भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी गरियाबंद । द्वितीय पाली समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिवाकर कितानिया सहायक ग्रेड-03 पशु चिकित्सा विभाग गरियाबंद , डामेन्द्र कुंजाम सहाकय ग्रेड-03 कृषि विभाग गरियाबंद व मुकेश कुमार ध्रुव भृत्य जल संसाधन विभाग गरियाबंद। तृतीय पाली समय रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक दीपक गिलहरे सहायक ग्रेड-03 महिला एवं बाल विकास गरियाबंद , नंदकिशोर बांधे सहायक ग्रेड-03 खेल विभाग गरियाबंद व भूपेन्द्र कुमार भृत्य आदिवासी विकास विभाग गरियाबंद की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार 18 अप्रैल से 23 अप्रैल 2021 तक प्रथम पाली समय सुबह 06 से 02 बजे तक श्री युवराज ध्रुव सहायक ग्रेड-03 शिक्षा विभाग गरियाबंद , आकाश कुमार तिवारी सहायक ग्रेड-03 आबकारी विभाग गरियाबंद व आसकरण मिर्चे भृत्य जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग गरियाबंद। द्वितीय पाली समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक ईश्वर यादव सहायक ग्रेड-03 कृषि विभाग गरियाबंद, गजेन्द्र मारकंडे सहायक ग्रेड-03 ग्रामीण यांत्रिकी संभाग गरियाबंद व टीकमचंद साहू भृत्य जिला मिशन समन्वयक शिक्षा विभाग गरियाबंद। तृतीय पाली समय रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक बलदेव यदु सहायक ग्रेड-03 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग गरियाबंद, दशरथ दीवान सहायक ग्रेड-03 एकीकृत आदिम जाति विकास विभाग गरियाबंद व श्री रिखीराम ध्रुव भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गरियाबंद की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त कर्मचारियों को लोगों को दूरभाष में प्राप्त संदेश को नोडल अधिकारी एवं संबंधित विभाग को अवगत कराने व की गई कार्यवाही को पंजी में इंद्राज करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही ड्यूटी अवधि समाप्त होने पर दूसरे पहर के कर्मचारी को पंजी को कार्यभार सौंप कर ही कक्ष छोड़ने निर्देशित किया गया है।

# नपं अध्यक्ष यादव ने दो नग आक्सीजन सिलेंडर दान किया

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव ने बढ़ते कोरोना के संक्रमण को देखते हुए आज दो नग अक्सीजन सिलेंडर निजी खर्च पर खरीद कर स्थानीय प्रशासन को दान स्वरूप दिया है, साथ ही आत्माराम यादव ने पिथौरा नगर के सभी समाज सेवी एवं दानदाताओं को ऑक्सीजन सिलेंडर हेतु लिए सहयोग करने की अपील की है उल्लेखनीय की विगत वर्ष जब देश में लॉकडाउन लगा था तब पिथौरा नगर के अध्यक्ष आत्माराम यादव ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की को सुखा राशन उपलब्ध कराने हेतु नर सेवा नारायण सेवा समिति का गठन भी किया था यादव के उक्त कार्य से प्रभावित होकर नगर के समाजसेवी एवं दानदाताओं ने समिति को खुले हाथों से दान किया जिससे कई गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में फंसे विभिन्न राज्यों के ट्रक चालकों एवं सहायकों को भोजन की समस्या का समाधान हुआ था, जिसका अनुकरण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अन्य लोगों ने भी किया था वहीं वर्तमान समय में हमारा देश फिर से कोरोना की समस्या से जूझ रहे हैं जो पहले से ज्यादा गंभीर है, विदित हो कि महासमुंद जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार अत्यंत तेज है वही नप अध्यक्ष द्वारा दिया गया ऑक्सीजन सिलेंडर जरूरतमंद की मदद हेतु प्रसाशन को सौंपा गया।

# डेडिकेटेड कोविड अस्पताल कोविड केयर सेंटर का संचालन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय गरियाबंद में कोविड-19 धनात्मक मरीजों के उपचार हेतु 50 बिस्तर डेडिकेटेड कोविड अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त अस्पताल में गंभीर मरीजों हेतु उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

इसके अतिरिक्त 280 बिस्तर का कोविड केयर सेन्टर शासकीय नवीन पालिटेक्निक कॉलेज गरियाबंद में संचालित है, जिनमें अल्प लक्षण वाले मरीजों का उपचार किया जा रहा है। विकासखण्डों में शीघ्र ही सामुदायिक देखभाल केन्द्र का संचालन किया जावेगा।

कुछ अल्प लक्षण रहित मरीजो को होम आईसालेशन की सुविधा भी प्रदाय की जा रही है। जिससे मरीज घर में ही रहकर उपचार प्राप्त कर सकते है। होम आईसोलेशन मरीजों की निगरानी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के माध्यम से की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर नवरत्न ने बताया कि होम आईसोलेशन में किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर विकासखंड गरियाबंद अंतर्गत मोबाईल नम्बर 9993828840 व 968564805, विकासखंड छुरा अंतर्गत मोबाईल नम्बर 6268524486, 9993290285, 6266694011, 9893725669, विकासखंड फिंगेश्वर (राजिम) अंतर्गत मोबाईल नम्बर 6266610238, 9301144755, विकासखंड देवभोग अंतर्गत मोबाईल नम्बर 6267280356, 8085986021, विकासखंड मैनपुर अंतर्गत मोबाईल नम्बर 6265344803, 909890 9129, 7389428226 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा होम आइसोलेशन कन्ट्रोल रूम में मोबाईल नम्बर 8839193041, 7000881 815 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

ईलाज के उपरांत डिस्चार्ज मरीजो को मास्क पहनने, हाथ धोने, व 02 गज दूरी बनाए रखने की सलाह दिया जा रहा है।



**नगरी।** हिन्दु नववर्ष के अवसर पर भाजपा नेता जिला भाजपा के मंत्री दुरसंचार निगम के सदस्य राजेन्द्र गोलछा ने अपने निवास पर भगवा ध्वज लगाया और सभी हिन्दु नववर्ष विक्रम संवत् 2078 चैत्र नवरात्रि,गुड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# यू-ट्यूब और फेसबुक पर होंगे श्रीमावली माता के दर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



श्री मावली माता के दर्शन यू-ट्यूब पर किए जा सकेंगे। शुभ मुहूर्त पर घट स्थापना के साथ आस्था के पर्व नवरात्रि की शुरुआत हो गई। अंचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री मावली माता मंदिर सिंगारपुर में गाईडलाइन के कड़े नियमों के पालन के बीच भक्तों के लिए मंदिर के पट बंद रहेंगे लेकिन माता का दर्शन यू-ट्यूब और फेसबुक पर किया जा सकेगा।

कोरोना संक्रमण के दौर में चैत्र नवरात्रि का पर्व गाईडलाइन की शर्तों के साथ मनाया जाएगा। प्रातः शुभ मुहूर्त पर घट स्थापना की गई। ज्योत जलाए गए। पूजा अर्चना के साथ नवरात्रि की शुरुआत हो गई। इस अवसर पर पुजारी एवं मंदिर प्रबंधन से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित थे। कोविड-19 की गाईडलाइन के अनुसार मंदिर परिसर सैनिटाइज किया गया। सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क जैसी अनिवार्यता का ना केवल ध्यान रखा गया बल्कि पालन पर पूरी नजर रही। मावली माता मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि नवरात्रि पर श्री मावली माता मंदिर के द्वार बंद रहेंगे। देवी दर्शन की सुविधा यू-ट्यूब और फेसबुक पर मिलेगी।

# खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर सामग्री विक्रय करने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्यवाही

■ अधिकतम खुदरा मूल्य के भीतर नागरिकों को सामग्री उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डोमन सिंह ने कोरोना वायरस कोविड-19 के प्रसार के रोकथाम उपरोक्त आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए धारा 144 के अधीन प्रतिबंधों से मुक्त सभी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता अधिकतम खुदरा मूल्य के भीतर आम जनता तक सुनिश्चित करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 05 दल का गठन किया गया है। इनमें नगर पालिका क्षेत्र महासमुंद एवं नगर पंचायत क्षेत्र तुमगांव अंतर्गत खाद्य निरीक्षक कमल नारायण साहू, चंद्रशेखर वर्मा, नापतौल निरीक्षक महेंद्र कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानु एवं राजस्व निरीक्षक डी.के. निर्मलकर शामिल है। नगर पालिका क्षेत्र बागबाहरा के अंतर्गत खाद्य निरीक्षक आरती यादव एवं नगर पालिका के उप अभियंता शशि प्रताप सिंह शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत क्षेत्र पिथौरा के अंतर्गत खाद्य निरीक्षक सुशीला गवेल एवं प्रभारी राजस्व निरीक्षक चंद्रशेखर शुक्ला शामिल है। नगर पंचायत क्षेत्र बसना के लिए खाद्य निरीक्षक चंद्रकांत बघेल एवं सहायक राजस्व निरीक्षक अमित कुमार सनद तथा नगरपालिका क्षेत्र सरायपाली के अंतर्गत खाद्य निरीक्षक गौर सिंह जात्रे एवं नगर पालिका के कैशियर दुर्गेश रथ को आवश्यक सामग्री की उपलब्धता अधिकतम खुदरा मूल्य के भीतर आम जनता तक सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे। गठित दल के संबंधित अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत कोरोना वायरस कोविड-19 के प्रसार के रोकथाम तथा उसके संबंध में जारी आदेशों का पालन सुनिश्चित कराते हुए धारा 144 के अधीन प्रतिबंधों से मुक्त सभी आवश्यक सामग्री की अधिकतम खुदरा मूल्य के भीतर आम जनता तक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे। दल के सदस्य आवश्यकतानुसार क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। ये सभी अधिकारी-कर्मचारी सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। यदि कोई व्यक्ति आदेशों का उल्लंघन करते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर खाद्य सामग्री इत्यादि का विक्रय करें तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। गठित दल किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायत, फीडबैक इत्यादि पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा व्हाट्सएप के माध्यम से नियमित रिपोर्टिंग करेंगे।

## कोविड 19 नियमों के तहत कंटेनमेंट जोन, आइसोलेशन सेंटर की व्यवस्था और सुचारू संचालन के लिए

# जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगी क्लस्टर प्रभारी के रूप में

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कोविड 19 के संक्रमण की दर में लगातार हो रही वृद्धि के मद्देनजर कलेक्टर श्री जय प्रकाश मौर्य द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाया गया है। क्लस्टर प्रभारी अपने क्लस्टर के तहत आने वाले ग्राम पंचायतों में कंटेनमेंट जोन, आइसोलेशन सेंटर की व्यवस्था, सुचारू संचालन एवं कोविड संबंधी नियमों का पालन करेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी विकासखण्ड के तहत रांवा क्लस्टर में सहायक उद्यान संचालक श्री डी.एस.कुशवाहा की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है, जिनका मोबाईल नंबर 98938-16657 है। दरगहन क्लस्टर में महाप्रबंधक उद्योग विभाग सुरेन्द्र पुरी गोस्वामी मोबाईल नंबर 94242-20107, बोड़रापुरी में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.महेश सिंह बघेल मो.नं. 99267-71632, झिरिया में खेल अधिकारी सुधा कुमार मो. नं. 94242-28093 की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है। देवपुर क्लस्टर में कार्यपालन अभियंता डेम 02 के.के.मिश्रा मो.नं. 94063-79229, बोड़रा सा. में सहायक अभियंता क्रेडा कमल पुरैना मो.नं. 98279-57670, दर्री में सहायक संचालक ग्राम तथा नगर निवेश ललिता ध्रुर्वे मो.नंबर 96919-43525, जंवरगांव में सहायक संचालक मत्स्यपालन बीना गढ़पाले मो. नं. 98268-50460, सोरम में कार्यपालन अभियंता बांध संभाग क्रमांक 90 ए.के.पालड़िया मो.नं. 94251-90615 और कोड़ेगांव बी. क्लस्टर में कार्यपालन अभियंता बांध क्रमांक 38 श्री यू.डी.रामटेककर की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है। कुरूद विकासखण्ड के तहत चर्रा क्लस्टर में जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू मो.नं. 97701-38394, परखंदा में कार्यपालन अभियंता विद्युत कुरूद बी.पी.दीपक मो.नं.96692-76837, भाठागांव में कनिष्ठ रोजगार अधिकारी अंजुम अफरोज मो.नं.78285-68193, नारी क्लस्टर के लिए जिला विपणन अधिकारी के.के.देवांगन मो.नं. 94241-28255 क्लस्टर प्रभारी बनाए गए हैं। सिवनीकला में सहायक संचालक जगत जननी यादव मो.नं.78398-10085, दरबा में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री एम.डी.नायक मो.नं.93400-18510, जी-जामगांव में सीडीपीओ रविन्द्रनाथ ताम्रकर मो.नं. 94242-12961, जोरातराई अ. में भूमि संरक्षण अधिकारी राकेश जोशी मो.नं. 94063-38417, सुपेला में कार्यपालन अभियंता हाउसिंग बोर्ड मो.नं. 89650-51588 तथा पचपेड़ी क्लस्टर में उप संचालक समाज कल्याण एम.एल.पॉल मो.नं. 94255-45727 क्लस्टर प्रभारी होंगे। मगरलोड विकासखण्ड के तहत शुक्लाभांठा क्लस्टर में अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्री डी.पी.टाण्डे मो.नं. 95899-12867, भेण्डरी में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन वि/यां. आर.के.धृतलहरे मो.नं.70891-45478, सरगी में उप पंजीयक सहकारिता पीताम्बर ठाकुर 98261-27182, मेघा में कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आर.एस.गर्ग मो.नं.97523-79938 की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है। कुण्डेल में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.रजनी नेल्सन मो.नं. 99775-26619, सिंगपुर में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आर.के.यादव मो.नं. 96851-93380, हसदा में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग डॉ. रेशमा खान मो.नं. 75877-15575 तथा मोहेरा क्लस्टर में कार्यपालन अभियंता विद्युत मंडल वी.के.शर्मा मो.नं. 83194-95362 की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है। विकासखण्ड नगरी के तहत डोंगरडुला क्लस्टर में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आर.एन.मिश्रा मो.नं. 91311-82462, बिरगुड़ी में कार्यपालन अभियंता अंत्यावसायी अमरनाथ जैन मो.नं. 98261-36339, बेलरगांव में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग आर.आर.ध्रुव मो.नं. 94252-61229, मेचका में कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जे.एल.ध्रुव मो.नंबर 94791-09344 की ड्यूटी बतौर क्लस्टर प्रभारी के रूप में लगाई गई है। सिहावा में आयुर्वेद अधिकारी गुरूदयाल साहू मो. नं. 88894-28609, फरसियां में अनुविभागीय अधिकारी आर.एस.नाग मो.नं. 94255-21591, दुगली में अनुविभागीय अधिकारी बांध क्रमांक 90 आर.एल.देव मो.नं. 88178-14009, भोथापारा में प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव मो.नं. 88890-70363, गट्टासिल्ली में लीड बैंक अधिकारी श्री प्रबीर रॉय मो.नं. 90075-66799, घठुला में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी मनोज सागर मो.नं. 84620-60007, सांकरा में म.बा.वि.वि. अधिकारी स्वेता वर्मा मो.नं. 90098-98914 तथा घुटकेल क्लस्टर में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग आर.आर.सूर्या मो.नं. 94242-10714 की ड्यूटी क्लस्टर प्रभारी के तौर पर लगाई गई है।

# कोविड मरीजों की संख्या को देखते छात्रावासों व निजी स्कूलों का किया जाएगा उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोविड-19 के मरीजों की गांवों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने आज दोपहर रूद्री स्थित पॉलीटेक्निक सहित शहरी के विभिन्न छात्रावासों का दौरा कर वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश एसडीएम तथा आयुक्त को दिए। कोविड-19 के धनात्मक मरीजों को आइसोलेट करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने आज सुबह रूद्री स्थित पॉलीटेक्निक का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया तथा आने वाले दिनों में आइसोलेशन सेंटर के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके बाद लाइवलीहुड कॉलेज, शासकीय श्रवण-बाधितार्थ विद्यालय, हटकेशर वार्ड स्थित पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास का दौरा कर कोविड केयर सेंटर व आइसोलेशन सेंटर के तौर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोविड के मरीजों की तादाद बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता, इसे देखते हुए जिला प्रशासन को अभी से तैयारियां शुरू करनी होगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अव्यवस्था या परेशानियों का सामना करना ना पड़े। अगर आगे भी मरीजों की संख्या इसी क्रम में बढ़ती रही हो छात्रावासों के अलावा निजी स्कूलों को भी आइसोलेशन सेंटर बनाया जा सकता है। कलेक्टर ने नगर के विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों से बातचीत कर सामुदायिक एवं सामाजिक भवन लेने के संबंध में भी आयुक्त नगर निगम एवं एसडीएम धमतरी को निर्देशित किया।

# बीएसपी में रोस्टर को लेकर एसएमएस-3 एसआरयू में काम ठप

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र में संक्रमण का दौर जारी है। सोमवार को भी 80 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी संक्रमित हुए। इधर संयंत्र पर कर्मियों के लिए रोस्टर की सुविधा शुरू करने को लेकर दबाव भी बढ़ता ही जा रहा है। एसएमएस-3 के एसआरयू (सेकेंडरी रिफायनरी यूनिट) में गुस्साए कर्मचारियों ने रोस्टर की मांग को लेकर काम ठप कर दिया। करीब आधा घंटे की मान मनुहार के बाद कर्मचारी शांत हुए। इधर रोस्टर की ही मांग को लेकर एचएमएस यूनियन के बैनर तले युवा कर्मचारियों ने बीएसपी आइआर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने संक्रमण रोकने तमाम उपायों पर ठोस पहल की मांग की।

कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र और टाउनशिप में लगातार मामले आ रहे हैं। संयंत्र के विभिन्न विभागों में स्थिति और भी खराब है। कमोबेश सभी विभागों में संक्रमित कर्मियों का आंकड़ा दहाई के अंक से ज्यादा है। स्थिति बिगड़ते देख प्रबंधन जहां अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के टीकाकरण पर जोर दे रहा है।

वहीं कर्मचारी अब सुरक्षा को लेकर असहज महसूस करने लगे हैं। विभागों में शारीरिक दूरियों का पालन करते हुए कम कर्मचारियों को बुलाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए रोस्टर सुविधा को लेकर प्रबंधन पर दबाव बढ़ता ही जा रहा है।



### कर्मचारियों का फूटा आक्रोश

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रमुख विभागों में से एक एसएमएस-3 (स्टील मेल्टिंग शाप) में स्थित एसआरयू (सेकंडरी रिफायनरी यूनिट) के कई कर्मचारी संक्रमित हो गए हैं। आज दोपहर में यहां कर्मचारियों का आक्रोश फूट पड़ा। बताया जाता है कि कर्मचारी इस बात को लेकर नाराज थे कि बढ़ते संक्रमण को देखने के बावजूद प्रबंधन रोस्टर सुविधा शुरू करने को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। विभाग में ही कई बार आला अधिकारियों से कर्मचारियों ने इसकी मांग की। हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। इस विभाग में आज कर्मियों द्वारा काम बंद किए जाने के बाद अधिकारी हरकत में आ गए। किसी तरह मान मनुहार की गई। आधे घंटे के बाद कर्मचारी मानें और काम शुरू किया।

### पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन में भी ठप किया था काम

उल्लेखनीय है कि रोस्टर एवं कोरोना से मृत कर्मचारियों के अश्रितों को अनुकंपा की मांग को लेकर बीएसपी के पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन में भी काम ठप कर दिया गया थो। दो घंटे तक कर्मचारियों ने विभाग के प्रमुख के कार्यालय के सामने नारेबाजी भी की थी। यूनियन के महासचिव प्रमोद कुमार मिश्र बताया कि इस दौरान कर्मचारियों का साफ कहना था कि प्रबंधन उत्पादन पर जोर लगाए हुए हैं परन्तु कर्मचारी की सुरक्षित नहीं रहेगा तो संयंत्र में उत्पादन कैसे होगा।

### युवा कर्मियों ने भी चेताया, सौंपा ज्ञापन

भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस यूनियन द्वारा सैनिटाइजेशन एवं रोस्टर प्रणाली चालू करने बीएसपी प्रबंधन को आज पत्र दिया गया। यह पत्र यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आइआर अधिकारी को सौंपा। यूनियन के उप महासचिव एवं युवा कर्मी रामकेश मीणा ने चर्चा के दौरान प्रबंधन से मांग की है कि सभी कंट्रोल केबिन रेस्ट रूम में सैनिटाइजेशन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए फागिंग हो, स्प्रे करने पर केबिन के भीतर के वातावरण में उपस्थित वायरस नष्ट नहीं होता। संगठन सचिव पवन देशवाल ने संयंत्र में रोस्टर प्रणाली शुरू करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में संक्रमण बढ़ता जा रहा है यदि रोस्टर प्रणाली नहीं लागू हुई तो संक्रमण और बढ़ेगा। वर्तमान में कर्मचारियों में भय का वातावरण है इसे दूर करने की आवश्यकता है। सचिव रघुवर गोंड़ ने कहा कि 45 वर्ष से कम उम्र के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाने का शासन द्वारा निर्देश जारी नहीं किया गया है। लेकिन युवा कर्मी भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं।

इसमें प्रबंधन एवं शासन को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। सचिव अभय गौतम ने कहा कि इस्पात संयंत्र में उत्पादन में हमेशा से नए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्तमान में सेक्टर-9 अस्पताल बीएसपी द्वारा पूरे सेल की सभी यूनिटों से बड़े कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। संगठन सचिव नीरज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि टाउनशिप में अवैध कब्जा धारी बीएसपी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से दुर्व्यवहार छेड़छाड़ तथा मारपीट पर उतर रहे हैं। अवैध कब्जों को हटाया जाना चाहिए।

## नहर के मेड़ को काटकर बनाया पानी जाने का रास्ता, भरे जाएंगे निस्तारी तालाब



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सिंचाई विभाग ने सिरसा चौक के पास नहर के पार को काटकर पानी जाने का रास्ता बना दिया। इस नहर के पानी से कुम्हारी तक के निस्तारी तालाबों को भरा जाएगा। वहीं सिरसा, सोमनी, औंधी के निस्तारी तालाबों को लेकर संकट हो गया है। जहां अंडरब्रिज के कारण पानी जाने का रास्ता बंद हो गया है।

सूखते निस्तारी तालाबों को भरने के लिए तांदुल नहर से पानी छोड़ा गया है। डबरापारा से लेकर कुम्हारी तक जाने वाली उप नहर में भी पानी छोड़ गया है। सिंचाई विभाग के सामने सबसे बड़ी दिक्कत सिरसागेट भिलाई तीन के पास चल रहे अंडरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर था। दरअसल निर्माण कार्य के चलते रेलवे ने नहर को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। आगे पानी जाए कैसे इसे लेकर दोनों विभागों ने बीते रविवार को मंथन किया, उसके बाद तय किया गया कि नहर पाट को काटकर रास्ता बनाया जाए।

### दक्षिण वसुंधरा नगर के निवासी सामने आए

अभी वसुंधरा नगर कंटेनमेंट जोन घोषित है। सभी सीमाएं सील है। भिलाई तीन आने जाने का यही एक मात्र रास्ता है। सिंचाई विभाग के इंजीनियर आरके जैन ने भिलाई-चरोदा निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर से चर्चा कर वसुंधरा नगर में एक तरफ का रास्ता खुलवाया। उसके बाद नहर को काटकर पानी जाने के लिए रास्ता बनाया गया।

### सिरसा सोमनी तक नहीं पहुंचेगा पानी

सिरसा गेट के पास से नहर से निकलकर एक छोटी नहर सिरसा व सोमनी की तरफ जाती है। जिसके माध्यम से दोनों गांव के निस्तारी तालाब को भरा जाता था। अब यह नहर अंडरब्रिज की जद में आ चुका है।

## सिंधी समाज के युवाओं ने गौ वंश को चारा खिलाकर मनाया भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

चेटीचंड झूलेलाल जी की जयंती सिंधी समाज धुमधाम से मनाता है लेकिन इस वर्ष कोरोनकाल के चलते सिंधी समाज के द्वारा कोई भी सार्वजनिक आयोजन नहीं किया गया सिंधी समाज के युवाओं ने स्थानीय कुरन्दी में स्थित हैप्पी कामधेनु गौ शाला पहुँचकर गौ वंश को चारा, रोटी व गुड़ खिलाकर सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव मनाया।

राष्ट्रीय सिंधी युवा ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मयंक नथानी ने बताया कि सिंधी समाज हमेशा से समाज सेवा में आगे रहते है आज समाज के युवाओं द्वारा गौ शाला जाकर गौवंश को चारा खिलाकर भगवान झूलेलाल जी की जयंती मनाई गयी इस दौरान समाज के युवा सदस्यों ने कोरोना




प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग किया। समाज के सदस्यों द्वारा शाम को अपने अपने घर के सामने दीप लगाकर व रंगोली सजाकर अपने अपने घरों में भगवान झूलेलाल की आरती की जाएगी।

समाज के युवा सदस्यों ने कहा कि यदि जगदलपुर में लॉक डाउन लगता है तो समाज के सदस्य गरीब लोगो व पशु पक्षी के लिए भोजन की व्यवस्था करेंगे इस दौरान रन बजाज, हरेश नागवानी, शिवम बसन्तवानी, हनी दुल्हानी, गोलू दुल्हानी, रोहित हसानी, प्रिया मेघानी, प्रिया नोटवानी,नेहा नोटवानी, फरूटी कुकरेजा, नैना नथवानी, कुसुम नथवानी, स्नेहा कुकरेजा, बरखा बुलवानी, उषा पोटानी, उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय कोरोना पाजेटिव

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के तीन जिलों में कोरोना ने जिस प्रकार अपना कहर मचाया है उससे कारण प्रतिदिन हज़ारो की संख्या में लोग कोविड पाजेटिव आ रहे हैं। दुर्ग, राजनांदगांव और राज्य की राजधानी रायपुर में इसका विकराल रूप देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद और दुर्ग जिले की वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरोज पाण्डेय कोरोना पॉजिटिव हुई हैं। जिसके कारण उन्हें दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## कोविड 19 रोकथाम बैठक 15 अप्रैल को

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल गुरुवार 15 अप्रैल 2021 को सवेरे 10.30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह में कोरोना वायरस कोविड 19 की रोकथाम के विषय पर अधिकारियों की बैठक लेंगे। उक्त बैठक मे सम्बधित अधिकारियो को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

# मनोरा स्वास्थ केंद्र पर लगा गंभीर लापरवाही का आरोप

### अमीन अंसारी को ठीक से इलाज नहीं मिलने से हुई मौत

पायनियर संवाददाता < मनोरा
www.dailypioneer.com

पिछले कई वर्षो से अमीन अंसारी सुगर और बीपी के शिकार थे। परिजनों का कहना है कि अमीन अंसारी सुगर और बीपी के पीड़ित व्यक्ति थे, उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जब अमीन अंसारी को गाड़ी से मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया तो अमीन की बीपी 170/ 94 हो गई थी, वही सुगर 598 हो गई थी। और जब उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया उनकी कोरोना की जांच की गई तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। रिपोर्ट आने के बाद उनकी हालत को देखते हुए जशपुर रेफर करने की बात सामने आई और इंजेक्शन लगने बाद अमीन की मौत हो गई।



### परिजनों ने लगाया आरोप

परिजनों का कहना है कि बीपी और सुगर का इंजेक्शन लगाया गया तब से अमीन अंसारी की हालत गंभीर होने लगीं और उनकी मौत हो गई। समय पर डॉक्टर नही था। जब नर्स को बोला गया कि डॉक्टर को फोन कीजिए तो डॉक्टर आधे घंटे के बाद डॉक्टर पहुंचे और जांच किया गया। मौके पर डॉक्टर ही नही रहते हैं। यह मनोरा का परंपरा है।

### रविवार की दोपहर 1-30

अमीन अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और प्रियंका का नाम की नर्स ने तीन इंजेक्शन लगाई थी। और यह इंजेक्शन यह रहे ऑडरीफिलीन, हाइड्रोकॉर्टिसोन, एड्रेनालाईन यह तीन इंजेक्शन अमीन अंसारी को लगाया गया था। और उसके बाद ही उनकी हालत बिगड़ गई।

### लैब टैक्नीशियन अनिता नागेन

ने टेस्ट किया था। उन्होंने ने बताया कि कोविड 19 रैपिट एंटीजन टेस्ट जब किया गया तो आधे घंटे के बाद अमीन की पॉजिटिव रिपोर्ट सामने आया।

### बीएमओ रौशन बरियार

ने बताया कि जब अमीन अंसारी को लाया गया तो उनकी हालत काफी खराब स्थिति में था। जैसे ही अमीन को हॉस्पिटल लाया गया तो ऑक्सीजन उनको समय पर दिया गया था। परिजनों ने यह आरोप लगा रहे है कि आधे घंटे के बाद पहुंचे तो मैं भोजन कर रहा था और 15 मिनट के तुरंत पहुँचे थे।

## अज्ञात नक्सली शव की पहचान के लिए दण्डाधिकारी की जांच शुरू

**कांकेर।** पुलिस के संयुक्त गश्त सर्चिंग पार्टी द्वारा गश्त के दौरान जीवलामारी और मातेंगा के बीच जंगल पहाड़ी के पास एक अज्ञात काली वर्दीधारी पुरूष का शव बरामद हुआ था, जिसका हुलिया कद करीबन 5 फीट 6 ईंच, रंग गोरा, चेहरा गोल, शरीर सामान्य, बाल काला, बदन में नक्सली वर्दी पहना है, जिसकी शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाया है। इस संबंध में एसडीएम कांकेर उमाशंकर बंदे द्वारा जांच की जा रही है, जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त अज्ञात काली वर्दीधारी पुरूष शव के पहचान के संबंध में मौखिक, गोपनीय या लिखित रूप में जानकारी प्रस्तुत करना हो तो वे 07 दिवस के भीतर एसडीएम कांकेर के पास प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कोरोना टीकाकरण उत्सव में ग्रामीणों में उत्साह

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



उतई एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 45 वर्ष से अधिक लोगों को कोरोना टीकाकरण करवाने के लिए माहौल बना हुआ है, लोग स्वास्थ्य कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सरपंचों एवं पंचों की बातों से प्रेरणा लेकर टीकाकरण के इस महाअभियान में उत्साह के साथ शामिल हो रहे है। किसी-किसी ग्राम में तो 95 प्रतिशत से ऊपर लोगों का टीकाकरण हो चुका है, टीकाकरण जब आरंभ हुआ था तब भ्रामक प्रचारों के चलते रफ्तार सुस्त थी, लेकिन शासन-प्रशासन के लगातार व्यापक प्रचार-प्रसार से टीकाकरण अभियान में काफी तेजी आई है। कुछ टीकाकरण केंद्रों में ऐसी स्थिति भी बन रही है कि जितनी वेक्सीन उपलब्ध है, उससे ज्यादा लोग टीकाकरण के लिए आ रहे है और टीकाकरण ना हो पाने पर मायूस लौट रहे है। लाकडाउन होने के बावजूद लोगों में टीकाकरण करवाने के लिए उत्साह बना हुआ है और लोग लाइन लगा कर टीकाकरण करवा रहे हैं। नगर पंचायत उतई क्षेत्र में किये गए सर्वे के अनुसार 60 वर्ष से अधिक 914 एवं 45 से 59 के बीच 1359 लोग कुल मिलाकर 45 से अधिक उम्र के 2273 लोग निवासरत है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक 4863 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसकी वजह यह है कि इस सामुदायिक केंद्र उतई ही नहीं वरन आसपास के ग्रामीण एवम सीआइएसएफ के जवान भी टीकाकरण करवाने आते हैं, इस वजह से 45 साल से अधिक उम्र वालों की सर्वे संख्या से दो गुनी ज्यादा लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि उतई के कई लोगों ने अभी तक टीका नहीं लगवाया है। ग्राम पाऊवारा के टीकाकरण केंद्र में पाऊवारा एवं ग्राम कोकड़ी के ग्रामीणों का टीकाकरण किया जा रहा है सर्वे सूची में 750 लोगों का नाम है 670 लोगों ने टीकाकरण करवा लिया है, जो 89.33% है। ग्राम मचांदुर में 60 वर्ष से ऊपर 278 एवं 45 से 59 के बीच 636 कुल 914 लोग है, इस टीकाकरण केंद्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यहां 60 वर्ष से अधिक आयु वालों का टीकाकरण 100 प्रतिशत हो गया है, कुल 667 लोगों का टीकाकरण हुआ है जो 73% है। ग्राम खोपली के टीकाकरण केंद्र में ग्राम घुघसीडीह, कातरो एवं खोपली के निवासी 60वर्ष से ऊपर 451 एवं 45 से 59 के बीच 688 कुल 1139 लोग है, जिसमें से 766 लोगों को टीका लगाया जा चुका है, जो कि 67.25 प्रतिशत है। ग्राम पुरई में सर्वे के अनुसार 579 लोग 45 वर्ष से ज्यादा आयु के है, उनमें से 370 लोगों का टीकाकरण हो चुका है जो 64% है, ग्राम उमरपोटी में 45 वर्ष से ऊपर वालों की कुल 910 संख्या है, जिनमें से 57% अर्थात 519 लोगों ने टीकाकरण का लाभ उठा लिया है।

ग्राम डुमरडीह में 45 से ऊपर के लोगों की संख्या 623 है जिसमें से 230 लोगों ने डुमरडीह के केंद्र से और 72 लोगों ने उतई के सामुदायिक केंद्र में टीका लगवाया है जो 48.47% है।

# यादव समाज बस्तर संभाग की कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

यादव समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष संतोष यादव ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें कोषाध्यक्ष कालेश्वर यादव (बकावंड), कार्यकारिणी सदस्य-चन्द्रनाथ यादव (दंतेवाड़ा), मनीराम यादव (दंतेवाड़ा), रीना यादव (नारायणपुर), राजमन यादव (तोकापाल), धरमू यादव (देवड़ा-बस्तर), मुरली यादव (बनीयागांव), बुधराम यादव (सुकमा), बाउड़ुराम यादव (तीरथगढ़), दीपक यादव (जगदलपुर), रमेश यादव (लोहण्डीगुड़ा), हरिराम यादव (तोकापाल), राजू यादव (दरभा), लच्छुराम यादव (पल्लीभाटा), अरविंद यादव (जगदलपुर), सुभाष यादव (जगदलपुर)। विधि सलाहकार प्रकोष्ठ - देवेन्द्र यादव (कांकेर), त्रिभुवन यादव (भानुप्रतापपुर), जे.पी. यादव (कोण्डागांव), कु. माधुरी यादव (जगदलपुर)। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष- रामपाल यादव (कोण्डागांव), यादव समाज बस्तर संभाग युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष- रामदयाल यादव (कोण्डागांव), कार्यकारी अध्यक्ष- जगदेव यादव (बीजापुर), दीपक यादव (जगदलपुर), स्थायी आमंत्रित सदस्य - कांगुराम यादव (अध्यक्ष जिला सुकमा), हीरालाल यादव (अध्यक्ष जिला दंतेवाड़ा), दयालूराम यादव (अध्यक्ष जिला-बीजापुर), सुदामा यादव (अध्यक्ष जिला कांकेर) शामिल हैं।

### अन्य जिले से दस डाक्टरों की पदस्थापना दुर्ग में की गई है

# डाक्टर, नर्स के भी संक्रमित होने का बढ़ा खतरा

पायनियर संवाददाता < दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना की दूसरी लहर ने हाहाकार मचा रखा है। रोजाना हजारों की संख्या में नए संक्रमित मरीज मिल रहे हैं वहीं बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो रही है। बढ़ते संक्रमण के बीच डाक्टर,नर्स और मेडिकल स्टाफ कोरोना जांच से लेकर संक्रमित मरीजों के उपचार तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कई डाक्टर, स्टाफ नर्स और वार्ड ब्वाय कोरोना संक्रमित होने के बाद इन दिनों होम आइसोलेशन पर है। वहीं जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए अन्य जिले से दस डाक्टरों की पदस्थापना दुर्ग में की गई है लेकिन इनमें से अब तक दो ने ही ज्वाइनिंग दी है। जिले में



दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा सहित ग्रामीण अंचलों में कोराना संक्रमण पूरी तरह फैल चुका है। सप्ताह भर से नए संक्रमित मरीज मिलने की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है। संक्रमित मरीजों की संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है कि अस्पतालों में भर्ती होने के लिए बेड नहीं मिल पा रहा है। कई मरीजों को इस कारण होम आइसोलेशन पर रहना पड़ रहा है। कोरोना के बढते संक्रमण पर अंकुश लगाने प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक लोगों की कोरोना जांच पर जोर दिया जा रहा है। बढ़ते संक्रमण के बीच जिले के डाक्टर, नर्स, वार्ड ब्वाय सहित अन्य स्टाफ संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं।इस दौरान कई डाक्टर,नर्स और वार्ड ब्वाय कोरोना संक्रमित हो गए। सिविल सर्जन डा.पी बालकिशोर ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते वर्तमान में करीब आठ से 10 डाक्टर होम आइसोलेशन पर है। 25 स्टाफ नर्स और आधा दर्जन वार्ड ब्वाय भी संक्रमित होने के बाद होम आइसोलेशन पर चले गए हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि स्टाफ में रोजाना एक दो लोग कोराना संक्रमित हो रहे हैं। संक्रमित स्टाफ के होम आइसोलेशन पर जाने की वजह से काम को लेकर अन्य स्टाफ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

### संक्रमण को देखते हुए भेजे गए डाक्टर

सिविल सर्जन पी बालकिशोर ने बताया कि जिले में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। संक्रमित मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले में 10 डाक्टरों की पदस्थापना की गई है। उक्त डाक्टर तबादले पर अलग-अलग जिले से आ रहे हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि अब तक दो डाक्टरों ने ही ज्वाइनिंग दी है।

### स्टाफ नर्स सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए होगा साक्षात्कार

स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। यह साक्षात्कार 19 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। इसका समय सुबह 10 से शाम पांच बजे निर्धारित है। इसके माध्यम से वार्ड ब्वाय, स्टाफ नर्स, आइसीयू प्रशिक्षित स्टाफ नर्स, एएनएम, लैब टेक्नीशियन मेडिकल आफिसर का चयन किया जाएगा। भर्ती के लिए आने वाले आवेदकों को अपने मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे।

# सज गया माता का दरबार, बैकुंठधाम में कोरोना से मुक्ति के लिए जली अखंड ज्योति

**भिलाई।** कोरोना संक्रमण के चलते इस बार के चैत्र नवरात्रि में भी देवी मंदिरों में भक्तों को माता के दर्शन नहीं हो सकेंगे। हालांकि सभी की मनोकामना का महाज्योति कलश जरूर प्रज्वलित की गई। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में मनोकामना जोत जले है। वहीं बैकुंठधाम में मनोकामना जोत के साथ ही कोरोना की मुक्ति की कामना को लेकर एक जोत जलाई गई है। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए सिर्फ पुजारियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। भक्तों को मंदिरों में प्रवेश नहीं मिलेगा। जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार ही जिले के सभी मंदिरों में इसकी तैयारी की गई है। 13 से 21 अप्रैल तक के चैत्र नवरात्रि में मंदिरों में कोई विशेष आयोजन नहीं होंगे। हालांकि पूरे विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की जाएगी।

### कोरोना से मुक्ति के लिए अलग जोत

बैकुंठधाम मंदिर कैंप-2 में इस बार कुल 1900 ज्योति कलश की स्थापना की जा रही है। जिसमें 1300 घी के और 600 तेल के जोत हैं। इसके अलावा मंदिर में कोरोना से मुक्ति की कामना को लेकर एक विशेष जोत माता के समक्ष जलाई गई है। इसके अलावा मां बलेश्वरी मंदिर सेक्टर-6 में एक हजार जोत जलाए गए वहीं सतरूपा शीतला मंदिर दुर्ग में 900 जोत प्रज्वलित हुए। कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा रिसाली में 700 जोत जलाए गए। चरोदा के हनुमान मंदिर में इस बार मनोकामना जोत नहीं जलाए जा रहे हैं। सिर्फ पांच जोत प्रज्वलित किए गए।

### जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन में कन्या भोज पर प्रतिबंध

आदि शक्ति मां जगदंबा मंदिर महाराणा प्रताप भवन परिसर सेक्टर-7 में सार्वजनिक ज्योति कलश स्थापना के पूर्व संध्या विरही भिगोने का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात ज्योति प्रज्वालित एवं घट स्थापना पूजा 13 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11:36 बजे से 12:24 बजे के मध्य किया गया। आदिशक्ति मां जगदंबा मंदिर के गर्भ गृह में पं. संतोष तिवारी व पं. शिवम पांडेय द्वाराादेवी बनाने का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। मंदिर परिसर में कोरोना महामारी के मद्देनजर क्षेत्र में लागू धारा 144 जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुरूप चैत्र नवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया है। इस वर्ष मंदिर में 351 से अधिक मनोकामना तेल ज्योति कलश प्रज्वालित किये हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान भंडारा और कन्या भोज पर भी प्रतिबंध रहेगा।

संपादकीय

# कोरोना की दूसरी लहर टीकों की कमी

**टीकों** की उपलब्धता से लेकर सुरक्षा तक अनेक मुद्दों के कारण कोरोना वैश्विक महामारी की दूसरी लहर ने भारत पर तगड़ी चोट की है। ऐसा लगता है कि जैसे भारत फिर से महामारी से संघर्ष के मामले में पहले वाले स्थान पर आ गया है और मुंबई में 70 से अधिक टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीके की खूराकें समाप्त हो गई हैं। देश के अन्य हिस्से, जैसे पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश भी टीकों की कमी का सामना कर रहे हैं। यह कमी इस तथ्य के बावजूद है कि देश में टीकाकरण के प्रति भारी हिचक है तथा टीकाकरण अभियान सबके लिए खुला नहीं है। यदि सरकार सभी नागरिकों को टीका लगाने का फैसला करे तो कोई भी अनुमान लगा सकता है कि कमी कितनी अधिक होगी। एक साल से अधिक समय पहले महामारी शुरू होने के समय भारत को खराब स्वास्थ्यरक्षा ढांचे तथा अस्पताल बिस्तरों, वेंटीलेटरों, स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों, सेनीटाइज़रों, दवाओं और महामारी से निपटने की जानकारी में कमी का सामना करना पड़ा था। लेकिन सरकारों और भारतीय उद्यमियों को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि अपनी 'जुगाड़ू' भावना के चलते हमने भारत में विनिर्माण में सारी कमियों का सामना किया और ऐसे बिंदु पर पहुंचे जहां हम पीपीई किटों, सेनीटाइज़रों, आदि का निर्यात करने लगे। जहां तक वैक्सीन का सवाल है, हमने दो वैक्सीनें तैयार कर दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया। वास्तव में भारत दुनिया के अनेक देशों को वैक्सीन बेचने या उपहार में देने लगा। यह सब हमारे अपने महत्वाकांक्षी देशव्यापी टीकाकरण अभियान के समानान्तर हुआ। महामारी की पहली लहर कमजोर पड़ने पर इसने केन्द्र की वैक्सीन राजनय को काफी बढ़ावा दिया। दूसरी लहर आने तक लगता था कि सब कुछ नियंत्रण में है।

अब ऐसा लगता है कि जैसे हमने पहली लहर से कोई सबक नहीं सीखे और हमें अपरिहार्य रूप से आने वाली दूसरी लहर से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए थी। अनेक प्रमाणों से स्पष्ट है कि यह हमेशा पहली लहर से खराब होती है। अब हमें न केवल बिस्तरों व आक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि वैक्सीनों की भी कमी पड़ रही है। इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। महाराष्ट्र सरकार ने आरोप लगाया है कि केन्द्र गैर भाजपा शासित राज्यों के खिलाफ 'भेदभाव' कर रहा है और केन्द्र सरकार राज्यों की लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। देश में इस बात पर गरमागरम बहस जारी है कि टीकों के निर्यात के पहले सरकार को अपने सभी नागरिकों को टीका लगाना सुनिश्चित करना चाहिए। कुल मिला कर स्वतंत्र दुनिया का नेता अमेरिका ने भी उस समय तक सारे निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जब तक वह अपने सभी नागरिकों का टीकाकरण नहीं कर लेता है। वस्तुस्थिति चाहे जो हो, तथ्य यह है कि हम अपरिहार्य रूप से आने वाली दूसरी लहर के लिए तैयार नहीं थे और यह स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था, नीति निर्माताओं, नौकरशाही, केन्द्र, राज्यों तथा जनता की समग्र रूप से सामूहिक विफलता है। समस्या इससे और गंभीर हुई है कि कुछ यूरोपीय नियामक भारत में कोवीशील्ड ब्रांड नाम से उपलब्ध एस्ट्राजेनेका वैक्सीन तथा खून के थक्के जमने की कुछ विरल घटनाओं को आपस में जोड़ रहे हैं। हालांकि, कोवीशील्ड की सुरक्षा पर 'टीकाकरण के बाद विपरीत घटनाओं' पर गठित भारतीय समिति अध्ययन कर रही है, पर उसे अपना फैसला देने में अभी कुछ समय लगेगा। इस प्रकार वर्तमान समय में यह देखना होगा कि हमारी खोजी भावना किस प्रकार हमें इस समस्या से बाहर निकालने में सहायक होती है।

# श्रीलंकाई तमिलों व सिंहलियों में टकराव

## श्रीलंकाई तमिलों व सिंहलियों में टकराव वाले मुद्दे का एक समाधान यह हो सकता है कि हम तमिलों को अंडमान भेजने पर तैयार हो जाएं।



प्रफुल्ल गोराड़िया
लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**श्री**लंका के तमिलों और सिंहलियों के बीच टकराव की समस्या भारतीय उप-महाद्वीप की एक स्थाई समस्या है। एक पुरानी कहावत है कि 'एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकती हैं'। भारत में यह समस्या उस समय ज्यादा गंभीर हुई जब मुसलमानों के लिए पाकिस्तान तथा बाकी के लिए हिंदुस्तान में इसका विभाजन हो गया। एम.ए. जिन्ना का तर्क था कि हिंदू और मुसलमान दो अलग राष्ट्र हैं और वे एकसाथ नहीं रह सकते हैं। हालांकि, द्विराष्ट्र सिद्धान्त को आगे बढ़ाने वाले पहले नेता अलीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैयद अहमद खान थे। उत्तर प्रदेश के कुछ मुसलमानों का विश्वास था कि नया देश पाकिस्तान एक नया मदीना था। लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान में पूरब में रहने वाले बंगालियों को हेय दृष्टि से देखा जाता था क्योंकि वे बौने और काले थे। उनकी अर्थव्यवस्था का पहले दिन से शोषण शुरू हो गया। जिन्ना ने 1948 की शुरुआत में ढाका की यात्रा कर विश्वविद्यालय के छात्रों को साफ-साफ कह दिया कि उर्दू पाकिस्तान की राष्ट्रीय भाषा होगी। इस पर बांग्ला भाषा को कोई स्थान नहीं मिला जिस पर छात्र गर्व करते थे। इसके बाद पाकिस्तान के दोनों हिस्सों के बीच 1948 में ही तलवारें खिंच गईं और 1971 में पूरी तरह टकराव हो गया। यह नया मदीना समझे जाने वाले पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के 24 साल के भीतर हो गया। दिसंबर 1971 में पाकिस्तान के दोनों हिस्से अलग हो गए और बांग्लादेश का जन्म हुआ।

इस प्रकार भारत का तीन हिस्सों में विभाजन हो गया। अब सुनाई दे रहा है कि सिंध की जनता अलग देश चाहती है। इस अलगाववादी आंदोलन को 'जियो सिंध' का नाम दिया गया है। वे पंजाबियों के प्रभुत्व व उनके दमन के नीचे रहने को तैयार नहीं हैं। बलूचिस्तान में भी भारी असंतोष है जो आंशिक रूप से ब्रिटिश भारत का हिस्सा था और आंशिक रूप से वहां कलात की देशी रियासत का शासन था। पाकिस्तान द्वारा जबरन कब्जा करने के पहले 1948 तक कराची में इस देशी रियासत का दूतावास था। मुख्य शहर पेशावर वाले नार्थवेस्ट फ्रंटियर प्राविंस-एनडब्लूएफपी के पठान हमेशा अफगानिस्तान के सभी पठानों के साथ एकजुट होना चाहते थे और अब वे अपनी इस मांग पर बहुत जोर दे रहे हैं।

श्रीलंका में यह पुरानी समस्या है। 1964 में मैंने कोलम्बो की यात्रा की क्योंकि मेरे रिश्तेदार मुझे शहर के अपने समाज से मिलवाना चाहते थे जहां वे पिछले 32 साल से रहते और काम करते थे। चार दिन के मेरे प्रवास में यह सवाल उठा कि ब्रिटिश सीलोन कार्पोरेशन का अगला प्रबंध निदेशक कौन होगा।

यह कंपनी कानपुर की ब्रिटिश कंपनी बिंटिश इंडिया कार्पोरेशन जैसी थी जो 1960 के दशकारंभ तक बनी रही। मेरे ससुर ने कहा था कि स्थानीय तमिल रामास्वामी सबसे योग्य व्यक्ति थे, पर उनकी पदोन्नति की संभावना नहीं थी। यह महत्वपूर्ण पद एक सिंहल डीएम पेरेरिया को

> कोलम्बो के शासकों ने नई दिल्ली के प्रति सज्जनता दिखाते हुए उससे मैत्रीपूर्ण व्यवहार का ढोंग किया, लेकिन वे समझते थे कि बहुत दूर का पीला महादेश या चीन उनके लिए भारतीय महादेश से कम खतरनाक था जो केवल उत्तर में उनसे 40 किलोमीटर दूर था। थोड़े समय के लिए उन्होंने आईपीकेएफ द्वारा सहायता की प्रशंसा की, पर इसके बाद वह उनकी सुदूर स्मृतियों का हिस्सा बन कर रह गई।

मिलने की आशा थी। कंपनी के तत्कालीन निदेशक मंडल में ज्यादातर अंग्रेज थे और उनका नेतृत्व एक विशिष्ट सज्जन सिंगलटन सालमन करते थे। कंपनी में हालांकि कोई पक्षपात नहीं था, पर कोलम्बो में उभरते परिदृश्य को देखते हुए रामास्वामी के आस्ट्रेलिया चले जाने की संभावना थी।

मेरे ससुर ने समझाया कि सिंहलियों की संख्या बहुत अधिक थी जो सहज भाव वाले तथा आनन्द मनाने वाले बौद्ध थे। उनको तमिलों से ईर्ष्या होती थी जो काम के प्रति ज्यादा गंभीर और ज्यादा सक्षम थे। उसी समय इन दोनों समुदायों के बीच खाई चौड़ी हो गई थी। देर-सवेर उनके बीच व्याप्त मतभेदों को फूटना ही था। तथ्य यह है कि तमिलनाडु की जनता में अपने श्रीलंकाई भाइयों के प्रति स्वाभाविक रूप से प्रेम की भावना है, लेकिन सिंहली समय-समय पर इसे भारतीय इरादों की तरह देखते रहे हैं। जब राजीव गांधी भारत के प्रधानमंत्री थे तथा श्रीलंका का नेतृत्व राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने कर रहे थे, तब हमने तमिलों की सहायता के लिए आईपीकेएफ सेना भेजी थी। लेकिन तमिलों की सहायता के बजाय हमने केवल उनकी हत्या की और सिंहलियों को अकेले छोड़ दिया। इससे संकेत मिलता है कि भारत की सरकारों ने श्रीलंकाई मामलों को ठीक से नहीं समझा था।

हालांकि, कोलम्बो के शासकों ने नई दिल्ली के प्रति सज्जनता दिखाते हुए उससे मैत्रीपूर्ण व्यवहार का ढोंग किया, लेकिन वे समझते थे कि बहुत दूर का पीला महादेश या चीन उनके लिए भारतीय महादेश से कम खतरनाक था जो केवल उत्तर में उनसे 40 किलोमीटर दूर था। थोड़े समय के लिए उन्होंने आईपीकेएफद्वारा सहायता की प्रशंसा की, पर इसके बाद वह उनकी सुदूर स्मृतियों का हिस्सा बन कर रह गई। लेकिन श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह के उच्चीकरण तथा कोलंबो से गाले व सुदूर दक्षिण में राजमार्ग बनाने के लिए चीन से भारी कर्ज लेकर गलती की है। यदि श्रीलंका समय पर कर्ज नहीं चुकाता है तो ये चीनी संपत्तियां बन जाएंगी। इसके बावजूद कोलंबो नई दिल्ली के बजाय बीजिंग से और समझौते करना चाहेगा। यह मानसिकता अनन्त काल तक जारी रहने की संभावना है, जब तक भारत सिंहलियों को तमिलों से पैदा संदेह से मुक्ति दिलाने का कोई आमूल परिवर्तनकारी कदम नहीं उठाता है। भारतीय दृष्टिकोण से इस बात की आशंका है कि एक दिन चीनी श्रीलंका को अपना उपनिवेश बना लेंगे, भले ही यह आशंका चाहे जितनी दूरगामी लगती हो।

ऐसे में नई दिल्ली को क्या करना चाहिए? हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या हम इच्छुक श्रीलंकाई तमिलों को अंडमान प्रायद्वीपों के एक हिस्से में बसाने का प्रस्ताव कर सकते हैं। चार मिलियन लोगों का यह समुदाय मुख्यतः श्रीलंका के उत्तरपूर्वी जाफना क्षेत्र में तथा द्वीप के पूरब में कुछ बिखरे हुए टापुओं पर रहता है। 9,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वाले अंडमान की जनसंख्या केवल लगभग चार लाख है। हालांकि, सभी श्रीलंकाई तमिल यह प्रस्ताव नहीं स्वीकार करेंगे, लेकिन इच्छुक तमिलों के लिए श्रीलंका को प्रति व्यक्ति पुनर्वास, सुविधाओं व मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपये का भुगतान कर सकता है। इसका अर्थ श्रीलंका का कुछ बिलयन खर्च होगा जो उसकी सबसे बड़ी समस्या के समाधान या उससे मुक्ति पाने के विचार से बहुत कम होगा। भारत को इससे अंडमान द्वीपों को बसाने का लाभ मिलेगा। इससे तमिल सुरक्षित रूप से अपना जीवन बिता सकेंगे, तमिलनाडु की जनता प्रसन्न होगी तथा भारत-श्रीलंका संबंध स्थाई रूप से आशंकाओं से मुक्त हो जाएंगे।

# समूचे देश में एक ऐसा राज्य जहां के निवासी छत्तीसगढ़ को कहते हैं महतारी

विजय मिश्रा 'अमित'
अतिरिक्त महाप्रबंधक(जनसम्पर्क)
एम-8, सेक्टर-2 अग्रसेन नगर,
पो.आ.सुंदर नगर, रायपुर छ.ग.



नवरात्रि पर्व चिंतन आलेख



**पू**री दुनियां में भारत देश ही एक अकेला ऐसा देश है, जहां की एक वर्ष में दो बार नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। क्वांर और चैत्र के माह में नौ-नौ दिन तक मंदिरों में पूजा स्थल पर जोत जलाकर, जंवारा उगाकर मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा आराधना की जाती है। छत्तीसगढ़ में भी इस पर्व को धूमधाम से मनाने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है जहां की डोंगरी-पहाड़, खेत-खार, तालाब-नदियों के किनारे घने जंगलों के बीच मां दुर्गा विराजती हैं। दंतेश्वरी, बमलेश्वरी, महामाया, सतबहनिया, चंडी माई, मरही माता, शीतला माता,बंजारी, चंद्रहासिनी ,बिलई माता अंगारमोती जैसे अनेक नामों से माताश्री के मंदिर छत्तीसगढ़ में हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ समूचे देश में एक ऐसा अकेला राज्य जहां के निवासी छत्तीसगढ़ को महतारी कहते हैं।

लाल ध्वजा, लाल चुनरी, लाल चूड़ी, लाली लुगरा से माता रानी की प्रतिमा को सुसज्जित करनेऔर नींबू फल से निर्मित माला चढ़ाने के साथ ही साथ इस पर्व में कन्या भोजन कराने का प्राचीन रिवाज है । दरअसल कुंवारी कन्याओं को हमारे देश और प्रदेश में देवी के रूप में पूजने की प्रथा है। कहा जाता है कि ''बेटी खाएगी उसे देवी पाएगी । इसी मान्यता के परिपालन में नवरात्रि पर्व पर नवदिन तक उपवास करके देवी भक्त नव कन्याओं को विविध पकवान फल खिलाते हैं। कन्याओं का चरण धोकर,चरण छू कर उन्हें अपनी श्रद्धा भक्ति सामर्थ के मुताबिक भेंट देकर आशीष मांगते हैं।

**बेटी-बेटा में भेदभाव :** आजकल बदलते वक्त के साथ इस प्राचीन परंपरा में बड़ी विकृति दिखाई दे रही है। समाज में बेटी- बेटा के मध्य बड़ा ही भेदभाव का बोल बाला दिखाई दे रहा है। बेटे होने की खुशी में जश्न मनाते हैं।बड़ी बड़ी पार्टी किए जाते हैं ,किंतु जब बेटी जन्म लेती है तो ज्यादातर लोगों का मुंह ऐसे लटक जाता है, जैसे उन्हें सांप ने सुंघ लिया हो। ऐसी भयावह घटना भी सामने आ रही है कि आधुनिकता के साथ चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति का दुरुपयोग करते हुए अनेक चिकित्सक और दम्पत्ति मिलकर कोख में पल रही कन्या भ्रूण की निर्मम हत्या कर दे रहे है। ऐसी भयावह क्रूरतापूर्ण हरकत को करते समय इंसान भूल जाता है कि घर मेंआती हुई लक्ष्मी सरस्वती और दुर्गा की जघन्य हत्या करके महापाप का भागीदार अपने ही हाथों अपने सिर मोर ले रहा है। ऐसी अमानवीय कृत्य को करने वाला इंसान ईमानदारी से अपने हृदय में हाथ रखकर अपनी आत्मा से पूछे कि कन्या भ्रूण हत्या'' करने वाले मनुष्य की पूजा का मान क्या मां दुर्गा स्वीकार करेगी? इस सवाल का सीधा-सीधा उत्तर है कभी नहीं।

इसी तरह अनेक परिवारों में कम दहेज देने वाली दुल्हन को प्रताड़ित किया जाता है। उसे जलाकर मार डालने जैसा अकल्पनीय कृत्य किया जाता है। अनेक गांव में नारी जाति को डायन टोनही कह कर मारा-पीटा जाता है । ऐसी नासमझी और मूर्खतापूर्ण कदम उठाने वालों को यह सोचना चाहिए कि ऐसा करके वे लोग गांव घर की जीवित देवी का घोर अपमान कर रहे हैं। ऐसे ही कई अज्ञानी लोग अपना पाप धोने के लिए वर्ष में केवल दो बार नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या भोजन करवातें हैं। वे भूल जाते हैं कि घर परिवार की जीती जागती देवी का तिरस्कार करने वाले दुर्जनों को मां दुर्गा कभी भी क्षमा नहीं करेगी।

हमारे समाज में कई ऐसी घटनाएं भी उजागर हुई हैं जब बेटों ने माता पिता की जमीन जायदाद को बांट लिया और फिर मुंह फेर लिया। इसके विपरीत फुटी कौड़ी की आस किए बिना भी बेटियों ने अपने माता-पिता के दुख दर्द को अपना दुख दर्द समझा। हंसी खुशी से उनकी पीड़ा को बांटते हुए उनकी ज़िन्दग़ी को संवारने में अपनी खुशी देखी। कविश्री ने बेटियों की ऐसी महिमा को व्यक्त करते लिखा है कि- फूल सी नाजुक होती है बेटियां,स्पर्श हो खुरदुरा तो रोती है बेटियां रौशन करेगा बेटा तो एक ही कुल को, पर दो दो कुल की लाज को सवांरती है बेटियां।

मायके-ससुराल में पराई बेटी : वो बेटी जो जन्म के बीस पच्चीस बरस मायके में बिताती है। ए सुनते सुनते कि बेटियां तो पराया धन होती हैं, दुर्भाग्य है कि विवाह उपरांत उन्ही बेटियों को ससूराल में भी जीवन भर पराया कहा जाता है। स्मरण कीजिए एक पौधे को मिट्टी से गमले में या गमले से मिट्टी में जब रोपा जाता है तो वह स्थान परिवर्तन की पीड़ा में मुरझा जाता है। वहीं बीस पच्चीस वर्षों तक मायके में पली बढ़ी बेटियां अपनी मिट्टी,अपना घर-परिवार,गांव- शहर अपनी सखी सहेलियों को छोड़कर समस्त पुराने रिश्तों के विछोह की वेदना को भूलाकर सदा सदा के लिए ससुराल में जा बसती है। वहां भी अगर बेटी को माता पिता की थोड़ी भी अकुशलता का समाचार मिलता है तो वह मायके जाने को मछली की भांति तड़फ उठती है।


हमारे वेदपुराण इतिहास,और चिंतक चीख चीख कर बता रहे हैं कि बेटों की तूलना में बेटियां कम ज्ञानी नहीं होती। हमारे हरेक पर्व हमारी परम्पराएं बेटियों पर केंद्रित हैं। बेटियों की घटती संख्या के कारण समाज में अनेक रिश्ते-नाते, त्योहार समाप्त प्राय हो चलें है।इस विषय पर गंभीर चिंतन मनन करने नवरात्रि पर्व फिर आया है। इस पर्व पर देवी की पूजा में लीन देवी भक्तों से यही कहना है कि रोते बिलखते परिवार को बिटिया हंसा देती है। इसीलिए वे देवी की वरदान होती हैं अतःबेटियों का मान देवियों के मानिंद ही रखें। इसी में जगत की भलाई है। ऐसे ही भावनाओं की अभिव्यक्ति कविश्री ने दिल को छू लेने वाली पंक्तियों में व्यक्त किया है । हल्दी-कुमकुम,मेंहदी-सिंदूर का अवतार न होता, न होती बहिन-बेटियां तो रंक्षाबंधन-भाईदूज तीज का त्यौहार न होता।

## फरमाया




**टीका** उत्सव, 11 से 14 अप्रैल के बीच टीकाकरण अभियान कोविड-19 महामारी के खिलाफ दूसरे बड़ी लड़ाई की शुरुआत का प्रतीक है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कूच** बेहर कांड पर दीदी मेरा इस्तीफा मांग रही हैं। यदि पश्चिम बंगाल की जनता यह मांग करती है तो मैं सिर झुकाकर ऐसा ही करने को तैयार हूं।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**विनाशकारी** कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## घर पर ही रहें!

**कोरोनावायरस** संक्रमण पर पूर्ण प्रतिबन्ध हेतु कोविड गाइड लाइन का पालन किया जाना आवश्यक है तभी इस संक्रामक वायरस को रोका जा सकता है। वर्तमान के लिए आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों को छोड़ कर अन्य कार्यालयों पर प्रतिबंध होना चाहिए। बजाए कर्मचारियों की संख्या कम करने के। इस भयावह वैश्विक महामारी से अंतराष्ट्रीय स्तर पर सब देश जूझ ही रहे है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस को पैनडेमिक यानी महामारी घोषित कर दिया है। दुनिया भर में इस महामारी से कोहराम मचा दिया है। महामारी उस बीमारी को कहा जाता है जो एक ही समय दुनिया के अलग-अलग देशों में ,लोगों में फैल रही हो। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि वो कोरोना वायरस के लिए महामारी शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि वायरस को लेकर निष्क्रियता चिंताजनक है।जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक लॉक डाऊन के समय पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प,मास्क लगाए,हाथों को सेनिटाइज करे, दो गज की दूरी आदि से संक्रमण को काफी कम किया जा सकता है। क्योंकि ये मौत और जिंदगी का सवाल है। सतर्कता ही हमारी सुरक्षा है।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

## कुपोषण एक समस्या

**अभी** हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की रिपोर्ट के अनुसार पर्याप्त खाद उत्पादन के बावजूद लगभग 190 मिलियन भारतीय अल्पपोषित है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक तीसरा कुपोषित बच्चा भारतीय है। इसीलिए यह रिपोर्ट के बहुत ही भयावह और डरावनी है। पिछले साल महामारी के समय में जिस भुखमरी का सामना भारत ने किया उसमें हमें इजाफा हो रहा है तो यह एक बहुत ही चिंता का विषय है। विडंबना यह है कि इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थों का 40 प्रतिशत तक बर्बाद हो जाता है। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में भारत में एक बहुत गंभीर समस्या आ जाएगी। वर्ष 2020 में लॉकडाउन के शुरुआत 4 महीनों के दौरान अनाज का अधिशेष भंडार लगभग 60 लाख टन तक आ गया था जो भारत के गोदामों में सड़ता रहा जो कि इस कुपोषण था और भुखमरी का बहुत बड़ा कारण है विस्तृत रूप से अनाज का ना मिलना कहीं ना कहीं लोगों के लिए खाद्य पदार्थों की आपूर्ति पूरा नहीं कर पा रहा है । इसके लिए हमें व्यापक रूप से परिवर्तन लाने होंगे आपूर्ति श्रृंखला को एक नई दिशा प्रदान करनी होगी जिससे कि हर किसी को खाद्य पदार्थ पहुंच सके और उनकी बर्बादी भी ना हो।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमता

## लापरवाही की हद

**कोरोना** की दूसरी लहर ने देश में हाहाकार मचा दिया है। लोग कोरोना के भय से मुक्ति पाने हेतु कोरोना वैक्सीनेशन के लिए आतुर है। ऐसी विकट व विषम परिस्थितियों भरे माहौल में उत्तर प्रदेश के शामली में कोरोना वैक्सीन की जगह एंटी रेबीज (कुत्ते के काटने पर लगने वाला) का इंजेक्शन 3 महिलाओं को लगा दिया जाना, तो घोर लापरवाही का अक्षम्य अपराध का प्रकरण है। आखिर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं समझते ? क्या ये कोरोना वैक्सीन व एंटी रेबीज में कोई अंतर नहीं समझते हैं ? कई जगह ऐसी घोर लापरवाही के आलम के समाचार आते हैं, इसके बाद भी चाल बेढ़गी है। कोई सबक व नसीहत नहीं। आम आदमी इस आस में दौड़ा जा रहा है कि वह वैक्सीन से अपनी जिंदगी की सुरक्षा कर सके! लेकिन दमघोटू (कु) व्यवस्था में लापरवाही का आलम है। यूपी सरकार को ऐसे लापरवाह कर्मियों का सख्त से सख्त संज्ञान लेना चाहिए ताकि अन्य कोई लापरवाही कर विभाग की छवि धूमिल ना करें।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

# जिले के ग्राम अर्जुनीटिकरी और कुरदी के चौहद्दी कन्टेनमेंट जोन घोषित

**कंटेनमेंट जोन के अतिरिक्त 3 किलोमीटर की परिधि को किया गया बफर जोन घोषित**




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर बालोद जिला अंतर्गत अर्जुन्दा तहसील के ग्राम अर्जुनीटिकरी और ग्राम कुरदी में कोरोना पॉजिटिव केस पाए जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए उक्त दोनों ग्राम के चैहद्दी को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया है। जारी आदेश में ग्राम अर्जुनीटिकरी के पूर्व दिशा में कान्दुल, पश्चिम दिशा में अर्जुन्दा, बोरगहन, उत्तर दिशा में खैरबना, मटिया 'अ' और दक्षिण दिशा में परसतराई को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इसी प्रकार ग्राम कुरदी के पूर्व दिशा में चौरेल, पश्चिम दिशा बासीन, उत्तर दिशा में डुण्डेरा और दक्षिण दिशा में कोंगनी को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। उक्त कंटेनमेंट जोन के अतिरिक्त 3 किलोमीटर की परिधि को बफर जोन घोषित किया गया है। उक्त चिन्हांकित क्षेत्रों अंतर्गत सभी दुकानें एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेनमेंट जोन में घर पहुँच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाएगी। कन्टेनमेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। कन्टेनमेंट जोन की निगरानी हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जाएगी।

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार सेम्पल इत्यादि जॉच हेतु लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। कन्टेनमेंट जोन में केवल एक प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था हेतु बेरिकेटिंग, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग, प्रवेश एवं निकास सहित क्षेत्र की सेनेटाईजिंग व्यवस्था एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य टीम को एसओपी अनुसार दवा, मास्क, पीपीई किट इत्यादि उपलब्ध कराने एवं बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, घरों का एक्टिव सर्विलांस और खण्ड स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष में व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## रेलवे स्टेशनों में ट्रेन से आने वाले यात्रियों की कोरोना जांच शुरू



**बालोद।** वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अन्य राज्यों व जिलों से ट्रेन के माध्यम से जिला-बालोद आने वाले यात्रियों की कोरोना जॉच कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर शुरू हो गया है। बालोद तहसीलदार रश्मि वर्मा ने बताया कि आज रेलवे स्टेशन बालोद में कुल 33 यात्रियों की कोरोना जॉच की गई। 4 यात्रियों की एंटीजन जॉच किया गया, जिसमें 2 यात्रियों की रिपोर्ट पॉजीटिव आया। उन्होंने बताया कि 29 यात्रियों का आरटीपीसीआर सैम्पल लिया गया। डौण्डी तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे ने बताया कि आज दल्लीराजहरा के रेलवे स्टेशन में कुल 52 यात्रियों की आरटीपीसीआर सैम्पल लिया गया।

# हल्की सर्दी, बुखार, खांसी आने पर कोरोना की तुरंत जांच करायें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोरोना को सतर्कता और जागरूकता के बल पर हराया जा सकता है। जिले में कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने और कोरोना संक्रमित मरीजों के ईलाज के लिए जिला प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। कोविड अस्पताल के सभी बेडों को ऑक्सीजीनेटेड किया जा रहा है। कोविड अस्पताल में कोरोना मरीजों के ईलाज के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 24 घंटे उपलब्ध है। अस्पताल में निपूर्ण पैरा मेडिकल टीम के साथ दवाईयों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। कलेक्टर बेमेतरा शिव अनंत तायल ने जिलेवासियों से अपील की है कि हल्की सर्दी, बुखार, खांसी आने पर कोरोना की तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को अस्पताल जाने से घबराना नहीं चाहिए। हल्के लक्षण में ही ईलाज शुरू हो जाने से मरीज को जान का खतरा नहीं रहता और वह जल्दी ठीक हो सकता है। तायल ने लोगों से अपील की है कि कोरोना जांच से डरना नहीं चाहिए। किसी की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उसके लक्षण के आधार पर ईलाज शुरू किया जाता है। कम लक्षण वाले मरीजों को उनके घर पर ही रखकर दवाई से ईलाज किया जाता है। गंभीर लक्षण और ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जाता है। कलेक्टर ने अपील किया है कि होम आईसोलेटेड मरीजों को गंभीर लक्षण उभरते ही तुरंत कोविड कन्ट्रोल रूम नंबर में संपर्क करके डॉक्टरी परामर्श लेना चाहिए। अपने लक्षणों को हॉस्पिटल में भर्ती होने के डर से छुपाना नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि समय रहते होम आईसोलेटेड मरीज को हॉस्पिटल में भर्ती करने से स्वास्थ्य स्थिति गंभीर नहीं हो पाती जिससे मरीज के स्वास्थ्य में जल्दी सुधार आता है। उन्होने बताया कि अपने लक्षणों को छुपाने के कारण होम आईसोलेटेड मरीजों को गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाता है। गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के कारण डॉक्टरों को भी मरीज के ईलाज में परेशानी होती है और ईलाज करने में मशक्कत उठानी पड़ती है। समय के अभाव में मरीज को बेहतर ईलाज के लिए उच्च अस्पतालों में रिफर करने में भी परेशानी होती है। होम आईसोलेटेड मरीजों से अपील किया है कि स्वास्थ्य स्थिति गंभीर होने तक इंतजार नहीं करना चाहिए। लगातार बुखार, सांस लेने में परेशानी होने पर कोविड कंट्रोल रूम में सम्पर्क कर हॉस्पिटल में भर्ती होना चाहिए। जिलाधीश ने कहा कि लोगों की सामान्य भूल या समझ हैं कि 'मुझे कोविड हो गया होगा और मैं ठीक हो गया हूं और मेरी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है' यह समझना बिल्कुल गलत है। शुरुआत इस बीमारी की हमेशा माइल्ड सिम्पटम से ही होती है, अगर हम उस समय सचेत हो जाएं, डॉक्टर के निगरानी में आए अपना टेस्ट कराएं और ट्रीटमेंट लेंगे तो रिकवरी के चांसेस ज्यादा हैं, पर यदि हम खुद होकर दवाईयां खाईगें और टेस्ट नहीं करेंगे, टेस्ट से बचेंगे तो नुकसान हम खुद का करेंगे। इसी तरह अगर लक्षण आने के बावजूद हम बिना टेस्ट कराए, सब जगह घूमेंगे तो बाकी जगह भी हम सबको इंफेक्शन फैला सकते हैं। तायल ने कहा कि हो सकता है आपकी प्रतिरोधक क्षमता अच्छी हो। हो सकता है आप उन 90 प्रतिशत केसेस में हो जिसमें माइल्ड सिम्टम्स आकर डिसीज ठीक हो जाते है। पर आपकी यह लापरवाही उन लोगों को भारी पड़ेगी जिनकी इम्यूनिटी अच्छी नहीं है।

# आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए विकासखण्ड स्तर पर जांच टीम गठित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण को रोकने हेतु सम्पूर्ण क्षेत्र मे 10 अप्रैल 2021 से 19 अप्रैल 2021 तक लॉकडाउन को प्रभावशील किया गया है तथा आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष संस्थाओं/प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने कल एक आदेश जारी कर जिले के अनेक स्थानों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता/कालाबाजारी तथा अधिक कीमतें वसूली की शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिसके चलते आम जनता को दैनिक उपयोग मे आने वाले आवश्यक खाद्य पदार्थ/वस्तुओं, मास्क एवं सेनेटाईजर तथा अन्य चिकित्सकीय सामानों की पर्याप्त मात्रा मे उपलब्धता/उचित दर पर मिलता रहे, इसलिए बेमेतरा जिले मे पदस्थ राजेश जायसवाल मो.नं. 9406219899 खाद्य अधिकारी को जांच दल का समन्वयक नियुक्त करते हुए जिले मे पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा औषधि निरीक्षकों को निम्नानुसार उनके कार्य स्थल मे स्थित समस्त मेडिकल स्टोर्स/खाद्य पदार्थ की दुकानों की जांच कर प्रत्येक 03 दिवस मे अपर जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रतिवेदन सुसंगत अधिनियमों के तहत प्रस्तुत किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

विकासखण्ड बेमेतरा के लिए जितेन्द्र नेले खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कु. ज्योति साहू एवं उत्तम भारती खाद्य निरीक्षक, आरती नागदेव औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा को जांच कार्य सौंपा गया है। विकासखण्ड नवागढ़ के लिए जितेन्द्र नेले खाद्य सुरक्षा अधिकारी, धर्मवीर एवं वशिष्ठ प्रताप खाद्य निरीक्षक, आरती नागदेव औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़ को जांच कार्य सौंपा गया है। विकासखण्ड साजा के लिए धर्मवीर एवं दलेश्वर साहू खाद्य निरीक्षक, भास्कर सिंह राठौर औषधि निरीक्षक, राजू कुर्रे खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी साजा को जांच कार्य सौंपा गया है।

विकासखण्ड बेरला के लिए गितेश मिश्रा सहायक खाद्य अधिकारी, राजू कुर्रे एवं रोशन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, भास्कर सिंह राठौर औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी बेरला को जांच कार्य सौंपा गया है। सभी आबंटित दल अनुविभाग क्षेत्र मे लगातार भ्रमण कर दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं दवाई आदि के कालाबाजारी/ मिलावट के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

## जिला चिकित्सालय बेमेतरा मे व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने कल एक आदेश जारी कर कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने तथा नियंत्रण हेतु जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र को 19 अप्रैल 2021 तक कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गय है। जिला चिकित्सालय मे प्रत्येक दिवस बड़ी संख्या मे कोरोना पॉजिटिव के प्रकरण उपचार एवं भर्ती होने के साथ ही कोरोना टेस्ट हेतु उपस्थित हो रहे है। अतः जिला चिकित्सालय परिसर मे आवश्यक व्यवस्थक उचित ढंग से बनाये रखने हेतु प्रदीप तिवारी नायब तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट थानखम्हरिया को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर जिला अस्पताल परिसर मे कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आगामी आदेश तक निर्देश दिए है।

# सिलेंडरों की रिफलिंग एवं रोटेशन के लिए नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कोरोना मरीजों के उपचार हेतु ऑक्सीजन सिलेंडरों की अत्यधिक आवश्यकता को देखते हुए चिकित्सकीय ऑक्सीजन सिलेंडरों का नियमित रूप से रिफलिंग एवं रोटेशन सुचारू रूप से करने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एमएस उइके को नोडल अधिकारी और बीएमओ बालोद एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टोर प्रभारी डॉ. एसके सोनी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कार्य सौंपा है। जिसमे प्रमुख रूप से जिले में उपलब्ध चिकित्सकीय ऑक्सीजन सिलेंडरों का एक साथ खाली होने का इंतजार न किया जाए।

कुछ सिलेंडरों के खाली होते ही तत्काल उन्हें रोटेशन करते हुए भराया जाए, ताकि ऑक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति लगातार बनी रहे। लौह और इस्पात क्षेत्र के उद्योगों से समन्वय स्थापित कर ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति रोटेशन चक्र 24/7 संचालित किए जाने की व्यवस्था किया जाए। त्वरित रोटेशन की निगरानी के लिए जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। डॉ. ओपी वर्मा जिला अस्पताल कन्सलटेंट (मोबाईल नम्बर 8319399266) से संपर्क किया जा सकेगा। राज्य स्तर पर समन्वय हेतु प्रवीण शुक्ला (मोबाइल नम्बर 9425237827) एडिशनल डायरेक्टर उद्योग विभाग रायपुर से संपर्क किया जा सकेगा। उक्त कार्य हेतु उद्योग विभाग से प्रणव बघेल प्रबंधक एवं राकेश कुमार मंडावी सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद तथा स्वास्थ्य विभाग से जागेश्वरी साहू ड्रग इंस्पेक्टर स्वास्थ्य विभाग जिला बालोद की ड्यूटी लगाई गई है।

## कोरोना संक्रमण से बचने के लिए टीकाकरण जरुरी- चौबे



**बेमेतरा।** प्रदेश के कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे अपनी धर्मपत्नी गीता चौबे के साथ आज से लगभग एक माह पूर्व 11 मार्च 2021 को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में कोविड 19 वैक्सीन की पहली डोज लगवाई। टीका लगाने के बाद मंत्री रविंद्र चौबे और उनकी पत्नी आधे घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहे। इस मौके पर उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि कोविड वैक्सीनेशन को लेकर किसी भी तरह की भ्रम की स्थिति नहीं है कोवीशील्ड वैक्सीन का ट्रायल हो चुका है। उन्होंने लोगों से बिना किसी दुविधा के कोरोना संक्रमण से बचने के लिए टीकाकरण कराने की भी अपील की।

# कन्ट्रोल रुम मे रोस्टर अनुसार अधिकारियों कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं आवश्यक सहायता/शिकायत के लिए जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 मे नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष क्रमांक-07824-222103 है।

उक्त नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 16 अप्रैल 2021 हेतु विरेन्द्र साहू सहा.अधी. भू-अभिलेख बेमेतरा मो.नं. 7974684127 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत कृष्ण नारायण ताम्रकार उप अभियंता नगर पालिका बेमेतरा 9425294255, लक्ष्मीनाथ साहू स.रा.निरीक्षक नगर पालिका बेमेतरा 9993829187, गोवर्धन यादव भृत्य शिक्ष विभाग 9078242223 की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है।

त्रिलोक सिंह ठाकुर भृत्य शिक्षा विभाग बेमेतरा 9165863568, असलम खान सहायक ग्रेड-03 शिक्षा विभाग 9131277015, सतीश बघेल सहायक ग्रेड-03 खनिज विभाग बेमेतरा 9755902668 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। महेश चन्द्र वर्मा भृत्य शिवलाल राठी उ.मा.वि.पिकरी, सुखीराम साहू नलकूप आपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9009683746, राजेन्द्र वर्मा सहायक ग्रेड-03 कृषि विभाग बेमेतरा 8120593886 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 17 अप्रैल 2021 हेतु रोशन साहू नायब तहसीलदार बेमेतरा 7993833777 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिसके तहत मयंक राठौर उप अभियंता नगर पालिका बेमेतरा 9131055180, उमेन्द्र कोसरिया सहायक ग्रेड-03 क्रेडा बेमेतरा 9407909630, लोकेश बनाफर सहायक ग्रेड-03 नगर पालिका बेमेतरा 9131636313 की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। बरातू राम साहू, भृत्य पशु चिकित्सा विभाग बेमेतरा 7898200159, मोरध्वज दिव्य (डीईओ) शिक्षा विभाग बेमेतरा 7999702007, आत्माराम साहू नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9575616441 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कृष्णकांत ताम्रकार उप अभियंता कार्या. अभि.ग्रामीण विकास संभाग बेमेतरा 7489731997, त्रिलोक सिंह वर्मा सहायक ग्रेड-03 शिक्षा विभाग बेमेतरा 9644953155, शिव कुमार दिव्य भृत्य पी.एम.जी.एस. वाय बेमेतरा 7581903867 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 14 एवं 18 अप्रैल 2021 हेतु विवेक गोस्वामी (एपीओ) जिला पंचायत बेमेतरा 9981169314 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत उमायांकर खण्डे संकाय सदस्य जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बेमेतरा 7987702687, मनोज मिश्रा सहा.ग्रेड-02 शा.उ.मा.वि. खण्डसरा, गोविन्द राम भृत्य शा.उ.मा.वि. बेमेतरा की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। धनन्जय ध्रुव भृत्य शिक्षा विभाग बेमेतरा 7389268744, अजय नाग सहायक ग्रेड-03 जिला पंजीयक बेमेतरा 8878212747, दीप चंद सेन नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9753767932 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कमल यादव भृत्य शासकीय कन्या उ.मा.वि.बेमेतरा, शत्रुहन लाल निषाद जिला समन्वयक (प्र.मं.आ.यो.) जिला पंचायत बेमेतरा 9479263449, पुनाराम साहू नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9753164716 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 15 एवं 19 अप्रैल 2021 हेतु राधाकिशन सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख बेमेतरा 7745977600 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेशवासियों से की अपील, कोरोना से बचकर रहें

पायनियर संवाददाता ◄ साजा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने प्रदेश के नागरिकों सहित साजा क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे कोरोना के संक्रमण से बचने लॉकडाउन में घर पर ही रहें। मंत्री चौबे ने अपने संदेश में कहा है कि एक बार फिर कोरोना महामारी ने विकराल रूप लेकर हम सबकों खतरे में डाल दिया है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी आपका और आपके परिवार को खतरे से बचाए रख सकता है। उन्होंने प्रदेश को कोरोना संक्रमण से जल्द मुक्त करने तथा इस गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मंत्री चौबे ने अपील करते हुए कहा है कि आप सभी प्रयास करे की अपने घर पर ही रहे, भीड़-भाड़ वाले स्थान में जाने से बचे। अभी किसी प्रकार का सामूहिक आयोजन न करे। मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग करें और अपने हाथों को साबुन से बार-बार धोते रहे, बुजुर्गा और बच्चों का ख्याल रखे। साथ ही रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक काड़े या घर में ही उपलब्ध वस्तुएं का उपयोग करें। उन्होंने कहा है कि इस बीमारी से जुड़े प्रारंभिक लक्षण दिखने पर अपना परीक्षण कराए और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में या किसी चिकित्सक से संपर्क करें और चिकित्सक की सलाह पर निर्धारित दवाओं का उपयोग करना प्रारंभ करें।

**जिला के कार्यतार्ओं में खुशी की लहर उमड़ पड़ी, सभी ने आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया**

# युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बने परमेश्वर, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू द्वारा युवा मोर्चा के शेष जिलाध्यक्षो की सूची जारी की गई. जिसमे बेमेतरा से ओबीसी चेहरा परमेश्वर वर्मा को युवा मोर्चा बेमेतरा का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. नियुक्ति की सूची जारी होते ही जिला के कार्यतार्ओं में खुशी की लहर उमड़ पड़ी, सभी ने आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

नियुक्ति के पश्चात परमेश्वर ने जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा से भेंट क्र आशीर्वाद लिया. जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि परमेश्वर की योग्यता के अनुसार उन्हें यह दायित्व दिया गया है, उम्मीद है कि वे पूरी लगन से कार्य करेंगे। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष वर्मा ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, प्रदेश सन्गठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री संध्या परगिनहा, जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेन्द्र वर्मा का आभार जताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है हमे संगठन को और मजबूत करना है।

आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है इसके लिए हमारे कार्यकर्ताओ ने अपना खून पसीना बहाया है मुझे संगठन के द्वारा जो इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है इस जिम्मेदारी को सफल बनाने के लिए आप सबका साथ जरूरी है आने वाले चुनाव में हमे फिर से जिले की सभी विधानसभा में जीत दर्ज करना है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष विकास घरडे ने भी परमेश्वर को बधाई देते हुए अपने कार्यकाल के पूर्ण होने पर जिले के वरिष्ठे एवं साथी कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आगे सन्गठन जो भी दिशा निर्देश करेगा वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

नियुक्ति पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष फिरतु राम साहु, जिला उपाध्यक्ष राजा पांडेय, जिला उपाध्यक्ष टार्जन साहू, जिला उपाध्यक्ष संतोषी साहू, जिला उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री रीना साहू, जिला मंत्री भुनेश्वरी वर्मा, जिला मंत्री विजय सुखवानी, जिला मंत्री पुष्पा साहू, जिला मंत्री नंदकुमारी कांठले, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे ,एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष महावीर ध्रुव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मीलता वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आकिब मलकानी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, चन्द्रपाल साहू, बलराम पटेल, छोटू साहू, नरेंद्र शर्मा, सुभाष सोनी,मिन्टू बिसेन, डॉ. जगजीवन खरे, छन्नू गुप्ता, होरीलाल सिन्हा, मूलचंद शर्मा, दुर्गा सोनी, दीपक तिवारी, तनु दीवान , तारण राजपूत , योगेश वर्मा, विवेक दीवान सहित कार्यकर्ताओ ने हर्ष जताया।

# ओपीडी में पहुंचने वाले सर्दी-खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या छह सौ पहुंची

**दुर्ग।** जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच ओपीडी में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या भी इन दिनों बढ़ गई है। इसके पीछे वजह मौसम में आए दिन होने वाले बदलाव को बताया जा रहा है। विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर ऐसे मरीज जिन्हें सर्दी,खांसी के अलावा बुखार है उन्हें कोरोना जांच भी करवाने कहा जा रहा है। जिले में पिछले कुछ दिनों से मौसम में निरंतर उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सुबह तेज धूप निकल रही है।वहीं दोपहर अथवा शाम के समय आसमान पर बादल छा रहे हैं। जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन पी बालकिशोर ने बताया कि मौसम में बदलाव के बाद उपचार के लिए ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर छह सौ तक पहुंच गई है। इसके पहले करीब चार सौ के आसपास मरीज आ रहे थे। सिविल सर्जन ने बताया कि ज्यादातर मरीज सर्दी-खांसी से पीड़ित हैं लेकिन इनमें से कुछ लोगों को सर्दी-खांसी के साथ बुखार भी आ रहा है। कोरोना संक्रमण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ऐसे सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को कोरोना जांच कराने की सलाह दी जा रही है।

**सर्दी-खांसी से भी डरने लगे लोग**

मौसम बदलने की सूरत में आमतौर पर लोगों को सर्दी-खांसी ही होती है। लेकिन कोरोना काल में होने वाली सर्दी-खांसी ने लोगों को परेशान कर रखा है। जिला प्रशासन द्वारा बिना डाक्टरी पर्ची मेडिकल स्टोर्स से सर्दी-खांसी की दवा देने पर रोक लगा दी गई है। इस कारण भी कई लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने दैनिक वेतनभोगियों और जरूरतमंदों की मदद के लिए दान की अपील की

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दैनिक वेतनभोगियों और जरूरतमंदों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान की अपील की है। उन्होंने संकट की इस घड़ी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान देकर जरूरतमंदों की सहायता में सहभागी बनने कहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यमंत्री सहायता कोष का खाता नम्बर, आईएफएससी कोड और यूपीआई आईडी की जानकारी देते हुए कोष में राशि जमा करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री सहायता कोष में भारतीय स्टेट बैंक के खाता क्रमांक 30198873179, आईएफएससी कोड SBIN0004286 और यूपीआई आईडी cgcmrelief-fund@sbi के माध्यम से राशि जमा की जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### दो बाइकों के बीच भिड़ंत, युवक की मौत



**रायगढ़।** दो मोटर सायकल के आमने-सामने भिड़ंत हो जाने की घटना में मोटर सायकल सवार युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया जिसका उपचार जारी है। घटना पुसौर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमुंदा रोड घुकुपाली के पास सोमवार की सुबह साढ़े 11 बजे दो बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का नाम अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं एक अन्य घायल हो गया है जिसका उपचार जारी है।

### ई-पास के लिए संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा होंगे नोडल अधिकारी

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा कलेक्टर यशवंत कुमार ने 13 अप्रैल सायं 6:00 बजे से 23 अप्रेल की रात्रि 11.59 बजे तक जिले के संपूर्ण क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। कंटेनमेंट की अवधि में आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अति आवश्यक कार्य होने पर जिले से बाहर जाने के लिए ई-पास की व्यवस्था की गई है। ई-पास के लिए वेबसाइट के माध्यम से आनलाईन आवेदन करना होगा। संयुक्त कलेक्टर सचिन भूतड़ा को ई-पास जारी करने के लिए नोडल अधिकारी और चिप्स के ईडीएम सुनील साहू को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ई-पास से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए भूतड़ा के मोबाइल नंबर - 8878386050 और चिप्स के ईडीएम सुनील साहू के मोबाइल नंबर - 7828990065 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पेट्रोल पंप व मेडिकल शॉप खुलने के समय में परिवर्तन

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुये रायगढ़ जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 14 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से 22 अप्रैल को रात्रि 12 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसमें मेडिकल दुकानें प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक खुली रहेंगी। अस्पताल परिसर में स्थित मेडिकल स्टोर्स उपरोक्त प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। रायगढ़ शहर स्थित पेट्रोल पम्प जिनमें ट्रायबल पेट्रोल पम्प, पुलिस पेट्रोल पम्प, एस.एन.गुप्ता पेट्रोल पम्प, श्याम पेट्रोल पम्प, मेसर्स साई पेट्रोल पम्प एवं मेसर्स हरि पेट्रोल पम्प शासकीय एवं आपातकालीन सेवाओं के लिये प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालन की अनुमति होगी। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के बाहर स्थित पेट्रोल पंप के लिए समय-सीमा का प्रतिबंध नहीं होगा। आदेश की शेष शर्ते एवं निर्देश यथावत रहेंगे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कथित प्रेमी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना पुसौर में युवती द्वारा अरूण कुमार भोय पिता रामचंन्द्र उम्र 24 वर्ष सा0 शकरतुंगा पोस्ट लेन्ध्रा थाना बरमकेला के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़िता बताई कि एक निजी संस्थान में कार्य के दौरान अरूण कुमार भोय से जान परिचय हुआ था। उस दौरान अरूण एम्बुलेंस वाहन में हेल्फर का काम करता था। अरूण पिछले दो वर्ष से प्रेम संबंध बनाकर शारीरिक रखा था।

# आईपीएल सट्टेबाजी की सूचना पर कोतवाली टीआई की लाल टंकी और शहीद चौक पर दबिश

- **सट्टे की दो कार्यवाही में चार आरोपी गिरफ्तार 14.50 लाख के सट्टा-पट्टी रिकार्ड,**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ एसपी संतोष सिंह पिछली क्राइम मीटिंग में सभी थाना, चौकी प्रभारियों को आईपीएल सट्टे पर प्रभावी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। निर्देशों पर कार्यवाही के लिये कोतवाली थाना प्रभारी टीआई मनीषचन्द्र नागर अपने स्टाफ एवं सक्रिय मुखबीर लगाकर आईपीएल सट्टेबाजी पर निगाह रखने निर्देशित किए। इसी क्रम में सोमवार को मुखबिर द्वारा शहर के लाल टंकी रोड ऋ षि अग्रवाल के घर पर 'राजस्थान रॉयल और पंजाब किंग्स' के मैच के दौरान लाइव क्रिकेट सट्टा लिखे जाने की सूचना दिया गया। सूचना को पुख्ता करने टीआई कोतवाली थाने से आरक्षक ग्राहक बनाकर ऋषि अग्रवाल के घर भेजे, जिसने सूचना को पुख्ता बताया। जिसके बाद टीआई नागर हमराह प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, आरक्षक हेम प्रकाश सोन, विनोद शर्मा, मनोज पटनायक, उत्तम सारथी और अभय यादव के साथ लाल टंकी रोड में ऋ षि अग्रवाल के मकान में सट्टा रेड कार्यवाही करने दबिश दिए। कमरे अंदर राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग के मैच पर मकान मालिक ऋषि अग्रवाल और वहां मौजूद सुरेश अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल को मोबाइल, कागज एवं रजिस्टर पर सट्टा लगाने वालों के नाम नोट करते मिले। मौके पर गवाहों के समक्ष विष्णु अग्रवाल से पैसो का विवरण लिखा हुआ एक पर्ची नगद 8200 रू, सुरेश अग्रवाल से उसके मोबाईल मे क्रिकेट मैच मे दाव लगाने का रिकार्ड व उससे एकत्र किये गये 22300 रू तथा ऋषि अग्रवाल से उनका स्ब्क्ज्ट पैसे का विवरण लिखा हुआ एक रजिस्टर व 17100 रू नगद 'कुल 47,600 रूपये' जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर टीआई कोतवाली गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल रिकार्ड एवं उनसे मिली जानकारी पर सट्टा खाईवाल व सट्टा लिखने वालों की और जानकारी सायबर सेल से निकलवाई जा रही है। जल्द की कोतवाली सहित अन्य थानाक्षेत्र में क्रिकेट सट्टे पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

विष्णु अग्रवाल पिता जगन्नाथ अग्रवाल उम्र 61 वर्ष निवासी सरलाविला थाना चक्रधरनगर रायगढ, ऋषि अग्रवाल पिता स्व तुलसी अग्रवाल उम्र 58 वर्ष साकिन लाल टंकी रोड रायगढ, सुरेश अग्रवाल पिता महावीर अग्रवाल उम्र 54 वर्ष निवासी बैकुंठपुर रायगढ से टीआई सट्टा के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर सक्ती, जिला जांजगीर चाम्पा के अरुण सेठ द्वारा सट्टा खिलाया जाना बताए। आरोपियों ने शहर के वसीम खान, संबलपुरी उड़ीसा निवासी प्रदीप पटेल, चांदमारी का पिंटू हलवाई, आकाश, फारुख खान, गोलू, सोनू बेरीवाल, बसंत, संदीप गुप्ता, मन्नू खान, जमीर, खरसिया का अर्जुन राठौर, विक्की अग्रवाल, सरिया का सुरेश शर्मा सट्टेबाजी में संलिप्त होना बताये, जिनका पूरा डिटेल थाना प्रभारी द्वारा नोट किया गया है।

### नकदी रकम व मोबाइल जब्त

आरोपियों से मिली जानकारी पर थाना प्रभारी कोतवाली अपने स्टाफ के साथ दूसरी रेड कार्यवाही करने शहीद चौक के पास पहुंचे। जहां कच्ची खोली सिंधी कॉलोनी थाना चक्रधरनगर क्षेत्र का रोहित बुटानी पिता मुकेश बुटानी उम्र 25 साल मोबाइल पर 'राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग' क्रिकेट मैच पर अपने मोबाइल पर सट्टा नोट करते मिला । आरोपी रोहित बुटानी से एक वन पल्स मोबाइल नकदी रकम 7,200 की जप्ती की गई है। आरोपी रोहित बुटानी ने पूछताछ में रायगढ़ के सोनू, जावेद खान निवासी बीड़पारा, करण चौधरी, शहबाज खान निवासी इंदिरानगर, धर्मेंद्र शर्मा गेंदू, दीपक सिंधी, चंद्री सिंधी कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ को क्रिकेट सट्टा खिलाना बताया है। इस प्रकार दोनों प्रकरणों में पुलिस टीम द्वारा 14.50 लाख रूपये के सट्टा रिकार्ड, 54,800 नगदी तथा मोबाइल, पिछले 3 दिनों के सट्टा पट्टी को जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 4-क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# जंगल में छिपकर बेच रहे थे शराब




- **15 लीटर अवैध शराब के साथ विक्रेता पकड़ाया**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

चक्रधर नगर पुलिस ने सोमवार को मुखबिर के सूचना पर संबलपुरी जंगल के अंदर अवैध शराब बिक्री कर रहे बुजुर्ग को 45 लीटर महुआ शराब व बिक्री की रकम के साथ गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। मिली जानकारी अनुसार सोमवार को थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह को सूचना मिली कि जंगल अंदर वनदेवी मंदिर के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है। जिस पर बिना समय गवाएं पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दबिश दिए। वहां पुलिस को देखकर पीने वाले भाग गए तथा बिक्री करने वाला व्यक्ति पकड़ा नान्हू खड़िया पिता कुंजराम खड़िया उम्र 58 वर्ष निवासी बोईरदादर थाना चक्रधरनगर को पुलिस टीम पकड़ी। आरोपी के पास 2 लीटर वाली स्प्राइट व थम्सअप की 20 बॉटल तथा 05 लीटर वाली जरिकेन में कुल 45 लीटर महुआ शराब कीमती 4,500 रूपये, बिक्री रकम 200 एवं डिस्पोजल गिलास के साथ पकड़ा गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1) (क), 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# जिले के ग्राम उसलापुर, करही, राम्हेपुर और ग्राम जमुनाही कंटेनमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी. एस. एल्मा ने कहा है कि वर्तमान में वैष्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे है। जिले के संदिग्ध मरीजों का सैंपल जांच नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कडी में विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम उसलापुर और ग्राम करही तथा विकास खण्ड लोरमी के ग्राम राम्हेपुर एवं ग्राम जमुनाही को संदिग्ध मरीज की जांच की गई। जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये गये। जिसके कारण विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम उसलापुर और ग्राम करही तथा विकास खण्ड लोरमी के ग्राम राम्हेपुर एवं ग्राम जमुनाही को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। कंटेनमेंट घोषित ग्राम उसलापुर के पूर्व दिषा में टेढाधौरा मार्ग, पष्चिम में चिरौजपुर, उत्तर में भीमपुरी और दक्षिण में ग्राम सिंघनपुरी, ग्राम करही के पूर्व दिषा में मुंगेली नांदघाट रोड़, पष्चिम में औराबांधा खार, उत्तर में धपई मार्ग और दक्षिण में ग्राम जेवरा (बेमेतरा), ग्राम राम्हेपुर के पूर्व दिषा में आंछीडोगरी, पष्चिम में खैराखुर्द, उत्तर में नवरंगपुर और दक्षिण में भस्करा और ग्राम जमुनाही के पूर्व में जंगल, पष्चिम में जाकड़बांधा, उत्तर में सुरही और दक्षिण में खुड़िया स्थित है। घोषित कंटेनमेंट जोन में सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बंद रहेंगे। कंटेनमेंट जोन मे प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुॅच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तु की आपूर्ति उचित दरो पर की जाएगी। सभी प्रकार के वाहनो का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा 2078 नव संवत्सर शुभारंभ महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा 2078 नव संवत्सर शुभारंभ महोत्सव अत्यंत हर्ष का विषय है चौत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा वर्ष प्रतिपदा मंगलवार 13 अप्रैल से नव संवत्सर का शुभारंभ हो रहा है भारतीय नव वर्ष हम समस्त सनातन धर्मावलंबियों के लिए गर्व का विषय है आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री,( पीठ परिषद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,प्रदेशाअध्यक्ष) छत्तीसगढ़ निवेदक-धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी छत्तीसगढ़ ने बतलाया कि आज के दिन से ही श्रीब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का शुभारंभ हुआ भारत के महान क्रांतिकारी राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का शुभारंभ किया उस परंपरा में 2078 वां वर्ष संवत्सर का प्रारंभ हो रहा है समग्र हिंदू समाज इस नववर्ष का उत्साह पूर्वक स्वागत करते हुए मां भगवती महामाया की आराधना में तल्लीन होकर सुख शांति समृद्धि एवं परस्पर प्रेम की स्थापना करने में हम सफल हो सकते हैं, इसी भावना के साथ प्रत्येक घरों के सामने दीप जलाकर मंगल कलश रख कर,शंख, घंटी बजाते हुए सनातन वैदिक परंपरा से तोरण ध्वजा फहराते हुए जैसा कि पूज्य पाद पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य भगवान प्रेरणा देते हैं सनातन धर्म का प्रतीक चिन्ह स्वस्तिक है तो स्वस्तिक चिन्ह युक्त केसरिया ध्वज फहराएं परस्पर नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करें जिससे बच्चों को ,युवा पीढ़ी को अपने आदर्श भारतीय संस्कृति परंपराओं के प्रति आस्था बढ़े नए वर्ष में नया पंचांग का पूजन कर वर्षफल का श्रवण करें, जिससे सभी हिंदू परिवार में जन्म दिन बच्चों का या अपने जन्मदिन तिथि में ही मनाने की परंपरा हो, विवाह आदि की वर्षगांठ भी हम तिथि के अनुसार हिंदू महीना के अनुसार मनाने की परंपरा चलावे क्योंकि तिथि के अनुसार ही चंद्र ग्रहण सूर्य ग्रहण का योग बनता है, ना कि अंग्रेजी तारीख के अनुसार। वैज्ञानिक भी मानते हैं इस बात को, समुद्र में जो ज्वार भाटा का योग बनता है वह तिथि के अनुसार ही बनता है भगवान की जयंती पर्व तिथि के अनुसार ही हम मनाते हैं कृष्ण जन्माष्टमी, रामनवमी पर्व इसलिए भी जन्मतिथि के अनुसार ही वर्षगांठ मनाए, पुण्यतिथि तारीख के अनुसार नहीं हिंदी पंचांग के अनुसार ,तिथि में ही मनाने से उसका सर्वविध कल्याण संभव है।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर समर्पण नीति संग्रह समिति को मिले एक करोड़ पंद्रह लाख रुपए

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्री रामचंद्र जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए श्री राम मंदिर निर्माण समर्पण निधि संग्रह महाभियान समिति सक्ती की ओर विगत माह शक्ति जिले के सभी विकासखंडों में विशेष अभियान घर-घर जाकर चलाया गया था,एवम समिति के इस महाअभियान में पूरे तन- मन-धन से श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु नागरिकों ने 15 जनवरी से 27 फरवरी तक चले इस महाअभियान में संपूर्ण सक्ती जिले से लक्ष्य से भी अधिक एक करोड़ चौदह लाख इक्यासी हजार चार सौ अठानबे रु. की दान राशि समिति को समर्पित की है, जिसमें सक्ती खंड से 14,59,074 रु, सक्ती नगर से 10,83,000 रु कुल, 25,42,074 रु समर्पण कर नागरिकों ने सक्ती अंचल में इतिहास रच दिया है,सक्ती जिले के 5 खण्ड,65 मंडल, 553 ग्राम, व 2 नगर के 1, 39,388 परिवारों से 6,86,956 लोगों ने इस दान महायज्ञ में अपनी आहुतियां दी, है,साथ ही इस अभियान में 800 संग्रहकर्ताओं से समर्पण राशि एकत्रित कर 151 जमाकर्ताओं ने संपूर्ण दान राशि को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के बैंक खाते में जमा किया।

# कटक की समाज सेविका संपत्ति मोड़ा का हुआ द ग्रेट इंडियन वूमन अवार्ड के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कर्मठ समाजसेविका उड़ीसा प्रांत की कटक निवासी संपत्ति मोड़ा को उनके रचनात्मक एवं सेवा कार्यो को देखते हुए द ग्रेट इंडियन वूमेन अवार्ड (गोल्डन सिग्नेचर अवार्ड) के लिए चयनित किया गया है, संपत्ति मोडा के इस अवार्ड के लिए चयनित होने पर जहां लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं,तो वही विगत दिनों वर्चुअल रूप से इंडियन अबजबर पोस्ट एंड कारपोरेट टायकून द्वारा कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी,जिसमें संपत्ति मोडा के कार्यो को देखते हुए उनका चयन किया गया है, तथा उपरोक्त वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में भारत देश सहित दुनिया के विभिन्न देशों की महिलाएं, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जन तथा गणमान्य लोग शामिल थे एवं संपत्ति मोड़ा का इस वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में इंटरनेशनल अवार्ड के लिए चयन होने पर जहां उनके कार्यो को देखते हुए उन्हें बधाइयां दी गई तो वही उड़ीसा प्रांत के लोगों ने भी संपत्ति मोड़ा को एक सक्रिय समाज सेविका एवं सदैव प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी रहने वाली महिला बताया है, वही संपत्ति मोड़ा ने अपने इस चयन पर कहा है कि वे निरंतर सभी के सहयोग से सेवा के कार्य, रचनात्मक कार्य एवं जनकल्याणकारी कार्यों में अपनी भूमिका निभाती हैं,तथा उन्हें विगत वर्षों में उनके कार्यो को देखते हुए विभिन्न प्रकार के अवार्ड से नवाजा जा चुका है, तथा संपत्ति मोड़ा मानती हैं कि हमें जीवन में अपने परिवारिक दायित्व के साथ-साथ राष्ट की प्रगति एवं समाज कैसे आगे बढ़े तथा समाज के अंतिम छोर का अंतिम व्यक्ति जिसे हम अपने थोड़े से सकारात्मक प्रयासों से एवं पहल से यदि उस तक पहुंच सके तथा आज भी पूरी दुनिया में ऐसे अनेकों लोग हैं जिन्हें सहयोग की विभिन्न माध्यमों से सहायता की आवश्यकताएं होती है। तथा हम सभी इन कार्यो में अपना योगदान दें एवं उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो निश्चित रूप से जहां हमें स्वयं जीवन में संतुष्टि मिलती है तो वही समाज में भी एक अच्छे वातावरण का निर्माण होता है।

# जिले के सभी सक्रिय गोठानों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो: कलेक्टर एल्मा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को सख्त निर्देष दिये। बैठक में उन्होने राज्य शासन की महात्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा पशु पालकों से दो रूपये प्रति किलो के दर से गोबर की खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद के निर्माण, भण्डारण, विक्रय और जिले में संचालित सभी सक्रिय गोठानों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने पषुधन के लिए सभी सक्रिय गोठानों में यथा पेयजल, चारा, शेड, फैसिंग जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने जिले में स्थापित निस्तारी तथा अन्य तालाब के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने निस्तारी तालाब को छोडकर मस्त्य पालन हेतु अन्य सभी तालाबों को पट्टे पर देने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने वर्तमान एवं भूतपूर्व पंचायत पदाधिकारियों से लंबित वसूली के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होने अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने अनूसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों को जारी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने आगामी मानसून के दौरान जिले में की जाने वाली पौधा रोपण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और ब्लाक प्लांटेषन के तहत सभी जनपद पंचायत में 5 एकड़ भूमि का पैच चिन्हाकित करने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर एल्मा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों और आंगनबाडी केंद्रो में शुद्ध पेयजल (रर्निंग वाटर) के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और उन्होने स्कूलों एवं आंगनबाडी केंद्रो में शुद्ध पेयजल (रर्निंग वाटर) हेतु किये जा रहे कार्यो में प्रगति लाने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर एल्मा ने कहा कि पोषण वाटिका निर्माण को बढ़ावा देने तथा कुपोषण को दूर करने के लिए विगत 16 मार्च से 31 मार्च तक पोषण पखवाड़ा प्रारंभ किया गया था। उन्होने पोषण पखवाडा के संबंध में किये गये कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने मुख्यमंत्री जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम और एशियन विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से स्वीकृत और निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य और संबंधितों को मुआवजा भुगतान, पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुओं में किये जा रहे टेकिंग, कृत्रिम गर्भाधान पशु पालक कृषको को जारी क्रेडिट कार्ड, कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति के साथ-साथ एंटीबॉडी रैपिड टेस्ट के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# कोरोना से लड़ाई में भाजपा प्रशासन के साथ: गोमती साय

- **कलेक्टर से मिलकर जिला प्रशासन की तैयारियों का लिया जायजा**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सांसद गोमती साय के अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कलेक्टर से मिलकर कोविड -19 के रोकथाम ,कोविड -19 की जांच व टीकाकरण में जोर देने के विषय मे ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जांच बढ़ाने की मांग करते हुए आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट समय सीमा में लोगों को उपलब्ध हो, इलाज हेतु कोविड अस्पताल की संख्या बढ़ाए जाने व आक्सीजन सिलेंडर व वेंटिलेटर की पर्याप्त व्यवस्था की जाए,प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना को तत्काल लागू किया जाए,होम आइसोलेट हो रहे लोगों की क?ाई से निगरानी की जावे,नगरीय छेत्रों में टीकाकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जावे आदि विषयों को लेकर आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कलेक्टर ने पूरे जिले की व्यवस्था से सांसद एवं प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया



साथ ही कोरोनो कि रोकथाम हेतु जिला भाजपा के अध्यछ उमेश अग्रवाल ने भी कलेक्टर को कुछ बिंदियों से अवगत कराया।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल सिंह भल्ला ने कलेक्टर साहब को आश्वस्त करते हुवे कहा कि इस विषम समय मे भी हम भाजपा कार्यकर्ता जिला प्रशासन के साथ समन्व बनाकर चलेंगे जहां भी आवश्यक्ता पड़ेगी हम सहर्ष खड़े मिलेंगे। गत वर्ष भी कोरोना काल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की परवाह किए बगैर जनहित के लिए कई कार्य किए है आगे भी हम तैयार है।एक प्रश्न के जवाब देते हुए सांसद गोमती साय ने कोरोनो संक्रमण बढ़ने के पीछे भूपेश बघेल को जिम्मेदार ठहराया। उनकी अदूरदर्शिता ने आज प्रदेश को इन स्थिति तक पहुँचा दिया। पहले वेक्सीन पर ही प्रश्न चिन्ह लगाने वाले लोग अब उसे लेकर राजनीति करते फिर रहे है। सांसद ने ये भी कहा कि यह समय आरोप प्रत्यारोप के लिए अनुकूल नही अभी हम सबको मिलकर जनता जनार्दन को इस विषम परिस्थिति से निकलना है। आज सांसद के साथ जिला भाजपा के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल,प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल सिंह भल्ला,प्रदेश कार्य समिति सदस्य बृजेश गुप्ता,अजा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत सोमवार,जिला महामंत्री अरुण धर दीवान,सतीश बेहरा,जिला उपाध्यक्ष बब्बल पांडे,वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष पांडेय, विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित शर्मा उपस्थित रहे।

# मोबाईल शॉप में चोरी के दो आरोपी पकड़ाए, 7 नग मोबाइल जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मोबाईल शॉप में दुकान का छप्पर फोड़कर 7 नग मोबाइल की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को अनील कुमार गुप्ता नि. कमतरा थाना घरघोडा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके जयस्तंभ चौक घरघोड़ा में स्थित साज कम्प्यूटर एण्ड मोबाईल दुकान में 03 अप्रैल को रात्रि 09 बजे से 04 अप्रैल की सुबह करीब 09 बजे के मध्य रात कोई अज्ञात चोर दुकान के पीछे उपर का दरवाजा खोलकर अंदर घुसकर अंदर में रखे मोबाईल रियल मी 04 नग तथा टेक्नो 03 नग कुल 07 नग मोबाईल जुमला कीमति 58500रू. को चोरी कर ले गया है। जिस पर धारा 457,380 भा.द.वि. का कायम कर माल मुल्जीम पतासाजी दौरान आरोपी दीपक भगत पिता सनतराम भगत उम्र 19 वर्ष तथा ताराचंद राठिया पिता लीलाधर राठिया उम्र 21 वर्ष दोनो सा. झगरपुर थाना लैलूंगा, जिला रायग? (छ.ग.) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी दीपक भगत से 02 नग रियल मी मोबाईल, 01 नग टेक्नो स्पार्क मोबाईल, 01 नग रियल मी नारजो मोबाईल कुल 04 नग मोबाईल कीमति 37000 एवं आरोपी ताराचंद राठिया से 02 नग टेक्नो स्पार्क, 01 नग रियल मी नारजो मोबाईल कुल 03 नग मोबाईल कीमति 21500 जुमला 07 नग मोबाईल कीमति 58500 को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# दोपहर के 3 बजते ही शहर हुआ लॉक दुकानों में लटके ताला, सड़कें हुई वीरान

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com







कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण पर लगाम लगाने प्रशासन द्वारा जारी नौ दिवसीय लॉकडाउन के पहले मंगलवार तक सुबह 6 बजे से दोपहर 3बजे तक सामानों की खरीदी के लिए समय निर्धारित थी। जैसे ही घड़ी सूईयों ने दोपहर के 3 बजे का इशारा किया ।शहर पूरी तरह लॉक डाउन हो गया। तय समय के बाद पुलिस ने बाहर घूम रहे लोगों के साथ कडाई दिखानी शुरू कर दी। बिना आवश्यक कार्य के बाहर घूम रहे लोगों को तत्काल घर जाने की हिदायत दी गई। दोपहर के बाद शहर के सभी प्रमुख मार्गो पर सन्नाटा पसरा रहा।

शहर सहित अंचल में लगातार कोरोना संक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है रोजाना सैकड़ों की संख्या में कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं कोरोना की दूसरी लहर कुछ ज्यादा ही खतरनाक साबित हो रही है नया स्टेन्थ लोगों में न केवल तेजी से फैल रहा है बल की लापरवाही के कारण लोगों को मौत के आगोश में भी सुला रहा है कोरोना संक्रमण पर लगाम लगाने के उद्देश्य प्रशासन ने 14 से 22 अप्रैल तक 9 दिनों के लिए संपूर्ण जिला को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। लॉक डाउन की अवधि में रोजाना सुबह 6 से 8 बजे व शाम 5 बजे से 7 तक दूध दुग्ध पार्लर व दुग्ध वितरण तथा न्यूज़ पेपर समाचार पत्रों के वितरण होंगी। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि दुग्ध व्यवसाय हेतु कोई भी दुकान या पार्लर नहीं खोले जाएंगे। इसके मेडिकल स्टोर व अस्पताल भी खुले रहेंगे ताकि लोगों को आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। कोरोनावायरस को लेकर लोग अब धीरे-धीरे जागरूक होने लगे हैं। बाहर निकलने वाले अधिकतर लोग मास्क पहन कर बाहर निकल रहे हैं। इसके अलावा दुकानों में भी लोग एक दूसरे से दूरी बना कर सामान खरीदने का प्रयास करते देखे गए. खासकर कुछ मेडिकल स्टोर राशन दुकान संचालकों द्वारा ग्राहकों के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई थी. कि भीड़ ना जुटे और लोग एक दूसरे के संपर्क में ना आए। हालांकि मंगलवार कि सुबह सब्जी मार्केट में पहले की तरह लोगों की भीड़ नजर आई। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का यहां उल्लंघन हुआ। एक साथ बड़ी संख्या में लोग सब्जी खरीदते देखे गए. जैसे उन्हें कोरोनावायरस का कोई डर हीं ना हो।

## आलू, प्याज, राशन सामग्री की बढ़ी कीमतें

किराना सामान व खाद्य पदार्थों को लेकर लोगों में अब आक्रोश बढ़ने लगा है। लोगों का आरोप है कि किराना दुकान एवं सब्जी दुकान संचालकों द्वारा अब कीमतों में बढ़ोतरी कर सामान की बिक्री की जा रही है। इसके पीछे यह हवाला दिया जा रहा है। कि ट्रांसपोर्ट बंद होने की वजह से सामान नहीं आ रहा है। और जहां से सामान उपलब्ध हो रहा है। वहां ही सामानों के कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है. जिस दर पर समान की खरीदी की जाएगी उसी दर पर सामानों की बिक्री की जाएगी ।ऐसे में अब लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि 9 दिवसीय लॉकडाउन के पहले ही दिन यह हाल है तो आने वाले दिनों में राशन सामान एवं सब्जी की कीमतें आसमान छूने लगेगी। साथ ही यह डर भी सताने लगा कि ट्रांसपोर्ट बंद रहा तो आने वाले दिनों में सामान भी मिलना बंद हो जाएगा।

## कुटेला, तोरेसिहा, बना हॉटस्पॉट

शहर के नगरी क्षेत्र से लगे ग्राम कुटेला में हाल ही में बड़ी संख्या में कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं और लगातार दो-तीन दिनों तक वहां से पॉजिटिव मरीज निकलने के बाद गांव को कंटेनमेंट जोन घोषित कर गांव के प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है इसके अलावा नवरंगपुर एवं तोरेसिहा को भी कंटेनमेंट जोन बनाया गया है ग्राम माधव पाली में भी काफी संख्या मैं पॉजिटिव मरीज निकले हैं कोरोना संक्रमण की रफ्तार लगातार बढ़ रही है ब्लॉक में शुरुआती दौर में नवरंगपुर में सबसे अधिक मरीज पाए गए थे इसके बाद कुटेला है कंटेनमेंट जोन मैं पंचायत पदाधिकारियों के लिए अन्य अधिकारी कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# नयी मण्डी में तैयार हो रहा 600 बेड कोविड केयर अस्पताल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नयी मण्डी परिसर में 600 बिस्तर युक्त कोविड केयर अस्पताल बनाई जा रही है। मण्डी के खाद्यान्न गोदाम को अस्पताल के रूप में तब्दील किया जा रहा है। अस्पताल बनाने का काम यहां दो चरणों मे होगा। प्रथम सप्ताह में 300 बेड तैयार हो जायेगा। इसके एक सप्ताह में दूसरा 300 बेड युक्त अस्पताल तैयार होगा। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए युद्धस्तर पर काम करके अस्पताल तैयार करने को कहा है। अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने अधिकारियों की टीम के साथ आज स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उल्लेखनीय है की जिले में फिलहाल 6 कोविड अस्पताल हैं। इनमें कुल बेड की संख्या 806 है। जिसके विरुद्ध 482 मरीज भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं। 324 बेड आज की तारीख में खाली हैं। पिछले तीन-चार दिनों में मरीजों की संख्या एकाएक बड़ी है। 12 अप्रैल को एक ही दिन में एक हजार से ज्यादा मरीजों की पहचान हुई है। भविष्य में और मरीजों की संभावना को देखते हुये अस्पताल की तैयारी की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. सोनवानी ने बताया कि जिला मुख्यालय के डेडिकेटेड कोविड अस्पताल 160 बेड की क्षमता के विरुद्ध 203 मरीजों की भरती कर इलाज किया जा रहा है। इसी प्रकार सकरी लाइवलीहुड कॉलेज में 170 क्षमता के विरुद्ध 105 मरीज, आईटीआई सिमगा में 296 क्षमता के विरुद्ध 86 मरीज, बालिका आश्रम बिलाईगढ़ में 70 क्षमता के विरुद्ध 52 मरीज, पोस्ट मेट्रिक आदिवासी हॉस्टल सुरखी भाटापारा में 60 के विरुद्ध 22 मरीज और प्री मेट्रिक आदिवासी हॉस्टल कसडोल में 50 के विरुद्ध 14 मरीजों की भरती लेकर इलाज किया जा रहा है। अपर कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि नयी मण्डी में बनाये जा रहे 6 सौ सीट अस्पताल में 150 सीट में वेंटिलेटर सुविधा भी मिलेगी। ये अस्पताल तैयार हो जाने पर जिले के कोरोना मरीजों को इलाज के लिए काफी सहूलियत होगी। उन्होंने नये प्रस्तावित अस्पताल में वे तमाम सुविधाएं विकसित करने को कहा जो कि कोविड अस्पताल के लिए जरूरी हो।

डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सहित मरीजों की सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा। सीएमएचओ डॉ खेमराज सोनवानी, लोक निर्माण विभाग के ईई टीसी वर्मा, पीएचई विभाग के ईई मरकाम, विद्युत यांत्रिकी विभाग के एसडीओ सूर्यवंशी, तहसीलदार गौतम सिंह, मण्डी सचिव योगेश अग्रवाल आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# देवरीमठ के केसबुक में अदेय राशि की जानकारी उपलब्ध नहीं

धनेश्वर साहू < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2019 -20 में चुनाव के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र के समय पंच, सरपंच, बीडीसी एवं जिला पंचायत के लिए चुनाव में आवेदन भरने वाले अभ्यर्थियों से अदेय प्रमाण पत्र लिया गया।

जिसमें ग्राम पंचायत में अदेय राशि जमा करके नोड्यूस प्रमाण पत्र पंच, सरपंच ,जनपद सदस्य, जिला सदस्य ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया। लेकिन देखने वाली बात यह है कि ग्राम पंचायत देवरीमठ के सचिव के द्वारा राशि तो अभ्यर्थियों से चुनाव के दौरान लिया गया, लेकिन उन्होंने केसबुक में अभी तक उस राशि को दर्शाया नहीं जब इनके बारे में ग्राम पंचायत देवरीमठ के सचिव कमला साहू से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई तो उन्होंने स्पष्ट लिखा केसबुक में जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण आपको जानकारी नहीं दिया जा रहा है। लेकिन मजेदार बात यह है कि चुनाव के समय पूर्व सचिव के द्वारा पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य को अदेय प्रमाण पत्र देते समय उन लोगों से राशि लिया गया है। लेकिन अभी यह बताना लाजमी होगा कि यह राशि अभी कहां हैं इसे संदेह के दायरे को जन्म दे रहा है । यह दर्शाता है कि इस राशि का सचिव के द्वारा गबन किया गया होगा इसलिए उन्होंने केसबुक में अदेय राशि का जिक्र नहीं किया। इससे साफ यह जाहिर होती है कि सचिव के द्वारा यह राशि का आहरण कर अपने पास रखा होगा, नहीं तो बकायदा पंचायत के केसबुक में जो अदेय राशि का आय वयय का जिक्र किया होता।

अब देखने वाली बात यह है की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर ऐसे सचिव के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं जो कि 1 वर्ष से अधिक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को हुए हो गया है, लेकिन अभी तक देवरीमठ के केसबुक में राशि जमा नहीं हुई है।

> पूर्व सचिव लीला कमलेश के द्वारा कैशबुक में दर्ज नहीं किया गया जिनके कारण आवेदक को इस संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।
>
> **कमला साहू** - सचिव ग्राम पंचायत देवरीमठ

## पहचान अभियान के तहत प्रवासी मजदूरों की ली जा रही जानकारी

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला में कोरोना वायरस (कोविड़ 19) का प्रसार बहुत तेजी से हो रहा है, एवं अब संक्रमण गांवो तक फैल चुका है जो कि अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता एवं टीकाकरण हेतु प्रयास किए जा रहे है। इसी तारतम्य में जिलाधीश शिव अनंत तायल के निर्देश पर कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु बेमेतरा जिले में अन्य राज्य/जिले से आने वाले व्यक्ति यों की पहचान हेतु संबंधित व्यक्ति यों/परिवारों के निवास में प्रवासियों के पहचान युक्त स्टीकर चिपकाना एवं उन्हे कोविड़ नियमों के बारे में समझाते हुए समुदाय को सुरक्षित रखने हेतु अभिनव पहल प्रांरभ किया गया है। उपरोक्त उद्देश्य के प्रांरभ हेतु 13 अप्रैल 2021 को श्रम पदाधिकारी, एन. के. साहू के नेतृत्व में नवागाईस दी गई साथ ही श्रम विभागीय पाम्पलेट भी प्रदाय किया गया। जिलाधीश के उक्त पहल से कोविड़ के प्रति गांवो में जागरूकता व सं मण संबंधी नियमों के पालन में सुधार होगी। आगामी 01 सप्ताह के भीतर पूरे जिले के समस्त ग्राम पंचायत/नगर पंचायतों में प्रवासियों की चिन्हांकन का कार्य समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कराया जाएगा। ग्राम पंचायत अंधियारखोर एवं मक्खनपुर में प्रांरभ किए गए इस अभिनव शुरूआत के दौरान श्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत संरपच, सचिव, क्षेत्र के सहायक विकास विस्तार अधिकारी, श्रम निरीक्षक मो. असलम परवेज कादरी, श्री छलेश्वर साहू, कोटवार एवं प्रवासी श्रमिक उपस्थित रहे।

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने निरंतर हो रहा है सैनिटाइजिंग

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस की रोकथाम केलिए सैनिटाइजिंग का कार्य निरंतर जारी है, निगम स्वास्थ्य विभाग का अमला सैनिटाइज का कार्य सभी क्षेत्रों में कर रहे है। कोरोना संक्रमण मुक्त रखने के लिए सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया जा रहा है ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। सभी जोन की टीम कोरोना पाजीटीव वाले मरीज के घर के साथ ही वार्डों, भीतरी गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सैनिटाइज कर संक्रमण की रोकथाम में जुटे हुए हैं। निगम क्षेत्र में सैनिटाइज कार्य को लेकर अधिकारी मानिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे हैं। भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार कोरोना पाजीटीव वाले मरीजों व आस-पास घरों तथा होम आईसोलेशन वाले मरीजों के घरों को सैनिटाइज किया जा रहा है। सभी जोन के स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने क्षेत्र केवार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से सार्वजनिक स्थानों, अस्पताल, वैक्सीनेशन सेंटर, मुक्तिधाम, कोरोना जांच केंद्र सहित लोगों की आवाजाही वाले स्थानों तथा घरों के खिड़की, दरवाजे को सैनिटाइज कर रहे है। सुबह सात बजे से स्वास्थ्य विभाग का अमला सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सैनिटाइज करने के कार्य में जुट रहे हैं।

## यहां हो रहा सैनिटाइजेशन

सभी आवश्यक सेवा वाले स्थान, होम आईसोलेशन वाले घर, कोरोना पाजीटीव वाले घर, सभी स्वास्थ्य केंद्र, कोरोना जांच केंद्र, सभी वैक्सीनेशन सेंटर, निगम के मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय, वार्ड 10 वैशालीनगर, वार्ड 15 शांतिनगर, शास्त्रीनगर, पशु चिकित्सालय, मुक्ति धाम, कब्रिस्तान, मार्केट एरिया, कैलाशनगर, प्रेमनगर, चैता मैदान, गोल मार्केट आदि स्थानों पर सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिड़काव किया गया।

## प्रवासी श्रमिकों के लिए जिले में 6 क्वारेटाइन सेंटर प्रारंभ

**मुंगेली।** कोरोना वायरस कोविड-19 के बढते संक्रमण के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेष के भीतर कार्यरत् श्रमिक अथवा अन्य राज्यों में रोजगार हेतु प्रवास पर गये श्रमिक अथवा अपने जिले से अन्य जिलो में रोजगार हेतु प्रवास पर जाने के बाद वापस आने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए जिले में 6 क्वारेटाइन सेंटर प्रारंभ किये गये है। इनमें विकास खण्ड मुंगेली के विज्ञान महाविद्यालय और ग्राम रामगढ़ स्थित अनुसूचित बालक छात्रावास, विकास खण्ड लोरमी के ग्राम आईईआई छात्रावास तथा विकास खण्ड पथरिया के ग्राम अनुसूचित जाति पोस्ट मैटिक छात्रावास एवं कन्या प्री. मैटिक छात्रावास तथा सरगांव के कस्तूरबा गांधी विद्यालय शामिल है।

## विधायक मोहले ने लगवाया कोविड का टीका

**मुंगेली।** मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के विधायक पून्नूलाल मोहले ने आज शहरी स्वास्थ केंद्र मुंगेली के टीकाकरण केंद्र पहुँचे और वहां टीकाकरण हेतु पंजीकरण, पहचान-पत्र सहित सभी औपचारिकताएं निर्धारित मानक के अनुरूप पूरी कर कोविडै-19 का पहला टीका लगवाया। टीका लगवाने के बाद विधायक मोहले आधा घंटे तक निगरानी कक्ष में रहे।



विधायक मोहले ने निगरानी कक्ष से निकलने के बाद कहा कि वर्तमान समय में कोविड से बचने के लिए टीकाकरण प्रभावी उपाय है। उन्होने पात्रता रखने वाले सभी नागरिकों को चिन्हाकित स्वास्थ्य केंद्रो में पहुँचकर अवष्य टीका लगवाने की सलाह दी।

# चैत नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष को लेकर मंदिरों में भीड़

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में चैत नवरात्र एवं हिन्दु नववर्ष को लेकर मंगलवार सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का अना जाना प्रारंभ हो गया किंतु इस बार भी बीते शारदेय नवरात्रि की तरह कोरोना की छाया नवरात्र पर्व पर छाई है । जिसके कारण बिना मास्क मंदिरों में प्रवेश पर रोक लगाई गई है । गौरतलब हो कि आज से नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इस बार किसी भी प्रकार का तोड भांज नही होने के कारण नवरात्र पुरे 9 दिनों का होगा, इस बार कोरोना के गाइडलाइन के चलते ज्योति कलश जलाने वालों की संख्या में कमी आई है, कई मंदिरो में एक मात्र माई कलश ही जले है। एवं बाकी मंदिरों में भी ज्योति कलश तो जले है किंतु उनकी संख्या में कमी आई है। शुभ मुहुर्त में मंदिरों में माई ज्योति कलश की स्थापना की गई वही। नगर के महामाया मंदिर सोनार पारा,महामाया मंदिर दाउपारा सहित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर खर्रीपारा, अंगार मोती, शक्ति महामाया, सहित अन्य मंदिरो में नवरात्र को लेकर सुबह से भक्तो का आना जाना लगा हुआ था, वही सभी मंदिरों में मास्क और सोशल डिस्टेसिंग को लेकर विशेष ध्यान रख गया ताकि दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो। प्रशासनिक गाइड लाइन के अनुसार बिना मास्क भक्तों लगाये मंदिरों में प्रवेश पर रोक लगाई गई है, वही मंदिरों में प्रवेश करने वाले भक्तों को सोशल डिस्टेंसिंग का प्रयोग अनिवार्य रहेगा। महामाया मंदिर के पुजारी ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का आना जाना लगा हुआ है, साथ ही बिना मास्क लगाये भक्तों के मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है ताकि बढ़ते संक्रमण के इस दौर में मंदिर प्रशासन और भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

चेट्रीचंड्र को लेकर लोगो में उत्साह - चेट्रीचंड्र का पर्व जिले में इस बार षांति पूर्वक मनाया जायेगा, समाज के सुनिल लखवानी ने बताया कि बीते वर्ष की तरह भव्य को कोरोना को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है। जिसके फलस्वरूप रैली आदी का आयोजन नही किया जायेगा। मंदिर में पुजारी पूजा अर्चना करेगे एवं लोगो द्वारा घरो में ही चेट्रीचंड्र का पर्व मनाया जायेगा।

## छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने की खुदकुशी

**भिलाई।** छेड़खानी से परेशान एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। मामला दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। घटना रविवार को 16 वर्षीय नाबालिग ने खुद पर केरोसिन छिड़ककर आग लगा ली। बुरी तरह झुलसी हालत में उसे उपचार के लिए सेक्टर-9 अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की देर रात उसकी मौत हो गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आदित्य नगर निवासी शशिकांत के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी नाबालिग के पिता ने दी। पिता मेडिकल स्टोर्स संचालक हैं। घटना 10 अप्रैल की है। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे छात्रा ट्यूशन से लौट रही थी।

## लक्ष्मीकांत भास्कर को युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा लक्ष्मीकांत भास्कर को प्रदेश सचिव का दायित्व सौंपा गया हैं। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत ने कहा है कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है। उसका निष्ठा पूर्वक निर्वाह करूँगा। इससे पहले भी पार्टी ने मुझे जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर भी रह चुके हु। लक्ष्मीकांत भास्कर के प्रदेश सचिव बनने पर अजय साहू उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस ने गुलदस्ता भेट कर लक्ष्मीकांत भास्कर को युवा कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनने पर बधाई दी इस दौरान नंदू साहु युवा नेता,लाला राम साहू, कोमल साहू, करन साहू, सहित युवाओ में उत्साह देखने को मिला रहा है।

### मांग रखी गई कि जब तक कर्मचारियों का सेवाकाल है तब तक आश्रित को यह सुविधा दी जाए

# जान गंवाने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को जारी रहे चिकित्सा सुविधा

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए इंटक यूनियन ने भी संयंत्र में कम से कम मैनपावर कर रोस्टर और वर्क फाम होम की सुविधा शुरू करने की मांग की है। इसके अलावा सबसे ज्वलंत समस्या पर भी ध्यान दिलाया गया। बताया गया कि कर्मचारियों की मृत्यु होने से उनके परिवार के बधो व माता पिता की मेडिकल सुविधा तुरंत समाप्त हो जाती है। मांग रखी गई कि जब तक कर्मचारियों का सेवाकाल है तब तक आश्रित को यह सुविधा दी जाए। इसके अलावा वर्तमान में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को कोविड-19 काल तक उनके आवंटित आवास में रहने दिया जाए। बिना बाध्यता के रिटेंशन दिया जाए। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव एसके बघेल एवं अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने कोविड-19 के प्रकोप में बेहतर इलाज के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एसके दुबे से चर्चा की। इसमें उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ते कोरोना संक्रमण से हमारे कर्मवीर रोजाना साथ छोड़ते जा रहे हैं। इस कारण संयंत्र में कम से कम मैन पावर कर रोस्टर और वर्क फ्रॉम होम को लागू कर संयंत्र को चलाया जाए। जिससे कि संक्रमण को रोकने में आसानी होगी। इस पर कार्यपालक निदेशक ने सभी विभाग प्रमुखों को बुलाकर बैठक कर तुरंत निर्णय लेकर आदेश निकालने का भरोसा दिलाया। महासचिव एसके बघेल ने कोविड-19 के कारण कर्मचारियों को आ रही परेशानियों के विषय में भी अवगत कराया जिसमें कर्मचारियों के मृत्यु होने से उनके परिवार के बधो हो माता पिता की मेडिकल सुविधा तुरंत समाप्त हो जाती है। उनका कहना था इसे जब तक कर्मचारियों का सेवाकाल है तब तक उनको आश्रित को मेडिकल सुविधा एवं अन्य सुविधा दिया जाए।

## जांच के दिन से ही कवरंटाइन लीव

अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने कहा कि यदि कोई कर्मचारी कोविड-19 का टेस्ट कराता है और उसकी रिपोर्ट आने में देरी होती है तो उसे जिस दिन से टेस्ट कराया है उसी दिन से क्वारंटाइन लीव दिया जाए। कोविड-19 का टेस्ट अगर कोई प्राइवेट एजेंसी से कराता है तो उस पैसे की अदायगी बीएसपी से हो और उपचार में लगने वाली दवा कि ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था हो। जिससे कि दवाइयों की हो रहे कमी को दूर किया जा सकें।

## संविदा वाले नर्सिंग स्टाफ का स्टाइपेंड बढ़ाए

अतिरिक्त महासचिव संजय साहू ने कहा कि कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए और ज्यादा आक्सीजन युक्त बिस्तर (बेड) व्यवस्था की जाए, एवं मेडिकल में स्टाफ की कमी को देखते हुए स्टाफ की जल्द भर्ती की जाए। संविदा में ले रहे नर्सिंग स्टाफ का स्टाइपेंड को बढ़ाएं। कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने जल्द सेल प्रबंधन से चर्चा कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया।


## शपथ-पत्र

(विवाह प्रमाण पत्र हेतु)

मैं श्रीमती द्रोपदी मण्डावी पति राजेन्द्र मण्डावी उम्र-29 वर्ष, निवासी ग्राम-फुपगाँव, तह.-फरसगाँव, जिला-कोण्डागाँव (छ.ग.) की निवासी हूँ, शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि -

01. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम कु. द्रोपदी नेताम पिता का नाम श्री कमलू राम नेताम था।
02. यह कि मेरा विवाह दिनांक 10.05.2019 को राजेन्द्र मण्डावी निवासी ग्राम-फुपगाँव तह.-फरसगाँव, जिला-कोण्डागाँव (छ.ग.) के साथ सम्पन्न हुआ है, तथा विवाह के पूर्व मेरा निवास स्थान ग्राम-बनियागाँव, तहसील व जिला-कोण्डागाँव था।
03. यह कि मेरे नाम के आगे कुमारी के स्थान पर श्रीमती तथा पिता के स्थान पर पति लिखा जावे। तथा उपनाम नेताम के स्थान पर मण्डावी लिखा जावे।
04. यह कि अब मेरा नाम श्रीमती द्रोपदी मण्डावी पति राजेन्द्र मण्डावी हो गया है।
05. यह कि भविष्य में मैं श्रीमती द्रोपदी मण्डावी पति राजेन्द्र मण्डावी के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।
06. यह कि यह शपथ-पत्र मैं उक्ताशय के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**-मैं श्रीमती द्रोपदी मण्डावी पति राजेन्द्र मण्डावी, सत्यनिष्ठापूर्वक घोषित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कण्डिका 01 से 06 तक की अंतर्वस्तु मेरे स्वयं की जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है। आज दिनांक 09.04.2021 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।

**शपथकर्ती**

## न्यायालय तहसीलदार कांकेर (ग्रामीण) जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क्र./202104140100004/अ-20(3)/2020-21

ग्राम गौरगांव तहसील कांकेर

एतद् द्वारा ग्राम गौरगांव के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक उपपंजीयक सहकारी संस्थाऐं कांकेर द्वारा मार्कफेड द्वारा धान संग्रहण केन्द्र गौरगांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 546 रकबा 4.10 हे. को धान संग्रहण केन्द्र निर्माण किये जाने हेतु आबंटन करने बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामें से दिनांक 26.04.2021 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार कांकेर**

## कार्यालय पुलिस पब्लिक स्कूल पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक-पी.पी.एस.178A/2021, रायपुर, दिनांक 09.04.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर में रसायन, गणित, जीव-विज्ञान व भौतिकी का पृथक-पृथक लैब निर्माण कराये जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके लिये सुरक्षा निधि की कुल राशि 39,000/- (रु. उनतालिस हजार मात्र) होगी।

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क रुपये 500/- (पाँच सौ) का चालान राष्ट्रीयकृत/अधिकृत बैंकों से सहायक पुलिस महानिदेशक लेखा/कल्याण के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत जमा कर, चालान की मूल प्रति पुलिस पब्लिक स्कूल, रायपुर को प्रस्तुत कर दिनांक 10.05.2021 के कार्यालयीन समय 16:00 बजे तक प्राप्त किये जाने सकते हैं।

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तों के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदा प्रस्तुत करना होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थान | पुलिस पब्लिक स्कूल, पेंशनबाड़ा, रायपुर |
| 2. | निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | 10.05.2021 समय 16:00 बजे तक। |
| 3. | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.05.2021 समय 14:00 बजे तक। |
| 4. | टेक्निकल बिड खोलने की तिथि एवं समय | 11.05.2021 समय 15:00 बजे तक। |
| 5. | फायनेंशियल बिड खोलने की तिथि/समय | पृथक से सूचित किया जावेगा। |

नोटः-निविदा प्रपत्र में नियम एवं शर्तें तथा आवश्यक सामग्रियों की जानकारी व स्पेसिफिकेशन का उल्लेख रहेगा।

जी-60197/3

**प्राचार्या**
**हेतु-प्रबंधक पीपीएस**

# अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं मिला तो बेटी खुद लेकर आई.. बावजूद अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते गई जान

## मरीज को ऑक्सीजन देने में की लापरवाही, परिजनों ने खुद पहुंचाए थे ऑक्सीजन सिलेंडर, मेडिकल कॉलेज संबंद्ध जिला अस्पताल में लगातार हो रही मौतों का जिम्मेदार कौन!

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल कॉलेज संबंद्ध जिला अस्पताल में एक बेबस बेटी के सामने पिता ने दम तोड़ दिया। बेटी की इस बेबसी का कारण बना अस्पताल प्रबंधन अपनी जिम्मेदारियों से पीछा छुड़ाने की कोशिशें करता रहा। दरअसल, बीते दो दिनों से यहां भर्ती मरीज विष्णु कुमार साहू के ईलाज में भारी लापरवाही बरती गई। नौबत यह तक आई कि परिजनों से कह दिया गया कि यहां ऑक्सीजन नहीं है। तब बेटी ने दर-दर की ठोकरें खाई और खुद ऑक्सीजन के सिलेंडर अस्पताल पहुंचाती रही। लेकिन उसकी यह जद्दोजहद लचर प्रबंधन के सामने नाकाफी साबित हुई।

11 अप्रैल को बसंतपुर निवासी विष्णु साहू को जिला अस्पताल दाखिल किया गया था। उनका कोविड टेस्ट नेगेटिव था लेकिन सांस लेने में समस्या थी। ऑक्सीजन लेवल 70 तक गिर चुका था। डॉक्टरों ने उनका निमोनिया बढ़ने की बात कही थी। सांस लेने में तकलीफ के बावजूद उन्हें अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं लगाया जा रहा था। अस्पताल में ऑक्सीजन उपलब्ध न होने की बात कही जा रही थी। वे आईसीयू के बेड नं 104 में भर्ती थे। ऐसे में मरीज की बेटी निकिता ने खुद ही जहां-तहां से ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की। बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन मरीज को ऑक्सीजन देने में लापरवाही करता रहा। खबर है कि कुछ देर के लिए मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया लेकिन इसे भी कुछ ही देर में हटा दिया गया।

13 अप्रैल को मरीज विष्णु साहू ने अपनी बेटी के सामने ही दम तोड़ दिया। एक बेटी की अपने पिता को बचाने की जद्दोजहद भारी निराशा और बेबसी के साथ खत्म हो गई। हालात यह रहे कि बेटी खुद ही अस्पताल के बाहर से अपने पिता के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करती रही। लेकिन सिर्फ और सिर्फ अस्पताल में मदद न मिल पाने की वजह से उसने अपने पिता को खो दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।




### और खामोश रहे अधीक्षक

मरीज के ईलाज में लापरवाही की अधीक्षक प्रदीप बेक से सीधी शिकायत का एक विडियो भी है। इसमें निकिता अपने पिता की ईलाज में लापरवाही की शिकायत अधीक्षक प्रदीप बेक से कर रही है। इस दौरान अधीक्षक उसे बेहतर ईलाज का आश्वासन देते हैं। निकिता जब सवाल करती है कि 'अगर मेरे पापा को कुछ हुआ तो क्या आप जिम्मेदारी लेंगे' इस सवाल के बाद अधीक्षक खामोश हो जाते हैं। जब अधीक्षक से ईलाज में लापरवाही की शिकायत की गई थी तब ही उन्हें बताया गया था कि ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवाने के बाद भी मौजूद नर्स, स्टॉफ मरीज को ऑक्सीजन नहीं लगा रहे हैं। यह सिलसिला इस शिकायत के बाद भी चलता रहा। बिस्तर के पास ही रखे ऑक्सीजन मरीज को देने में भी न जाने क्यूं कोताही बरती गई। अधीक्षक के आश्वासन के बाद भी मरीज के ईलाज में कोई सुधार नहीं आया।

### चिकित्सक के आरोप सही साबित हुए

हालही में पायनियर ने अस्पताल के भीतर से चिकित्सक द्वारा लिखे गए एक खत पर खबर का प्रकाशन किया था। इस खबर में चिकित्सक ने जिला अस्पताल में बरती जा रही लापरवाही और प्रबंधन की लचरता को लेकर काफी तथ्य रखे थे। मंगलवार को सामने आई इस घटना के बाद वह सभी आरोप सही साबित हो रहे हैं जो उक्त चिकित्सक ने सत्ता, जिम्मेदार अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन पर लगाए थे। यहां बीते कुछ दिनों में लगातार बढ़ती शिकायतों और हादसों की शिकायत जांच के बाद ठंडे बस्ते में चली जाती है। कार्रवाई न होना शासन-प्रशासन का पंगु होना दर्शाता है और यही कारण नज़र आता है कि अब जिला अस्पताल में व्यवस्थाएं बद से बदतर हो चली हैं।

### अब तो नींद से जागो..

इस बेहद निराशाजनक खबर के बाद अस्पताल प्रबंधन की लचरता की शिकायतों से आगे अब सवाल है कि आखिर क्यूं सत्ता, प्रशासन ऐसे कई मामलों के बाद भी कार्रवाई से हाथ पीछे खींच रहा है। शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि-नेता कहां हैं.. क्या वे सिर्फ निरीक्षण की तस्वीरें खींचवाने, सोशल मीडिया पर कोरोना के ज्ञान देने तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अगर, अपने पिता को खो चुकी बेटी सामने आकर सवाल करने लगे तो शायद सब के मुंह सिल जाएं और उनके सिर झुकाने की नौबत आ जाए। अतिसंवेदनशील समय में भी सत्तापक्ष के नेता कुछेक नेताओं को छोड़ सारे जिम्मेदार सो ही रहे हैं। अस्पताल की ओर झांकने यहां की भद्द पीटाने वाली व्यवस्था की ओर किसी की नज़र ही नहीं है। क्या पता.. ऐसे कितने ही हादसे और देखने होंगे जब ये जिम्मेदार जागेंगे।

# सांसद ने दी 21 लाख की स्वीकृति, कोविड में होगा इस्तेमाल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सांसद संतोष पाण्डेय ने राजनांदगांव जिले में कोविड-19 की रोकथाम के लिए आवश्यक उपकरण क्रय करने के उद्देश्य से सांसद मद से 21 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति की अनुशंसा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा से की है। इस दौरान सांसद ने प्रेस क्लब में बनाए गए कोविड सेंटर का भी दौरा किया। उन्होंने पत्रकारों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही।




# मेडिकल स्टॉफ का वेतन अटका, दर्जनों कर्मचारी आफत में

- तकनीकी समस्या के चलते आर्थिक तंगी झेलने मजबूर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल कॉलेज के तृतीय-चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को अब तक वेतन नहीं मिल सका है। लॉकडाऊन के दौरान तकनीकी समस्या के चलते कर्मियों का वेतन अब तक उनके बैंक खातों में नहीं पहुंचा है। जबकि कर्मियों को उनके मोबाईल नंबर में वेतन ट्रांसफर किए जाने का मैसेज मिल चुका है।

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. रेणुका गहिने का कहना है कि नए वित्तीय वर्ष में तकनीकी अड़चनों के चलते तनख्वाह मिलने में देरी हुई है। ज्यादातर कर्मियों के ओरिएंटल बैंक में खाता है। बैंक के पंजाब नेशनल बैंक में विलय होने के कारण भी तनख्वाह ट्रांसफार में विलंब हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में वर्ष 2018 में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। उक्त वर्ष में नियुक्त कर्मचारियों को ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स में वेतन भुगतान हेतु खाता खुलवाने कहा गया था। जिसमें आज तक नियमित रूप से वेतन भुगतान होते आ रहा था, लेकिन कोरोनाकाल में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मार्च का वेतन उसी महीने में जमा न होकर अप्रैल में जमा किया गया। तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिनका ओरिएंटल बैंक ऑफ कामर्स में खाता है, उनका भुगतान 12 अप्रैल तक नहीं हुआ है। विदित हो कि ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स विगत कुछ पूर्व से पंजाब नेशनल बैंक में मर्ज किया जा चुका है।

वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की चेन को तोडऩे जिला प्रशासन ने 10 से 19 अप्रैल सुबह तक जिलेभर में लॉकडाउन घोषित किया गया है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आज इस कोरोना काल में वेतन नहीं मिलने की दशा में पैसों के लिए मोहताज हो रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि कर्मचारियों को मोबाइल में मैसेज तो आ गए कि आपका वेतन जमा कर दिया गया है, लेकिन एटीएम से जैसे ही अपने बैंक एकाउंट का बैलेंस या मिनी स्टेटमेंट चेक किया जाता है, उनके एकाउंट में वेतन जमा नहीं होना दशार्या जाता है। सिस्टम में गलती कहां हो रही इसे सुधार करने की ओर ध्यान देना जरूरी है। कहीं न कहीं अंदेशा है कि लॉकडाउन का बहाना बना रहे बैंकों की लापरवाही का नतीजा कर्मचारी भुगत रहे हैं। जबकि आज बैंक भी हाईटेक हो गए हैं। प्रत्येक कार्य ऑनलाइन सिस्टम से किया जा सकता है।

# संक्रमितों के अंतिम संस्कार का विरोध कर रहे वार्डवासी

- कांग्रेस नेता संजय बहादुर ने कलेक्टर से की बात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वार्ड नं. 45 रामकृष्ण नगर के लोग गोकुल नगर स्थित मुक्तिधाम में कोविड संक्रमित मृतकों के दाह संस्कार का विरोध कर रहे हैं। यहां आसपास के निवासियों का कहना है कि यह मुक्तिधाम आबादी इलाके के काफी नज़दीक है। रोजाना यहां कई शवों का दाह संस्कार किया जा रहा है। आसपास के इलाके में संक्रमण फै लने की आशंका बढ़ गई है। इस संबंध में आज वार्ड वासियों ने कांग्रेस नेता संजय बहादुर सिंह से संपर्क कर इस मामले में पहल करने की मांग रखी।

कांग्रेस नेता संजय बहादुर सिंह ने बताया कि वार्डवासी नहीं चाहते कि आबादी के आसपास कोरोना संक्रमितों का दाह संस्कार किया जाए। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की आपत्ति दर्ज कराने के बाद उन्होंने कलेक्टर, एसडीएम व जिम्मेदार अधिकारियों से बात की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही इसका विकल्प तलाश कर वहां कोरोना संक्रमितों का दाह संस्कार बंद करवा देंगे।

गौरतलब है कि रोजाना कई कोरोना संक्रमितों का दाह संस्कार गोकुल नगर स्थित मुक्तिधाम में हो रहा है। वार्ड वासी इसे लेकर पहले भी आपत्ति दर्ज करा चुके हैं। इस ओर दूसरे जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये के बाद उन्होंने कांग्रेस नेता संजय बहादुर के पास अपनी शिकायत दर्ज कराई। श्री बहादुर ने कहा कि वे इस मसले पर जिम्मेदार अधिकारियों से बात कर रहे हैं। संवेदनशील समय को देखते हुए उचित रास्ता निकाला जाएगा।

# घुमका क्षेत्र के गोपालपुर और खजरी में कोरोना से वृद्धा व अधेड़ की मौत

- थम नहीं रहा कोरोना का कहर, अब तक क्षेत्र में सातवीं मौत,
- एंटीजन कीट की भारी किल्लत, आरटीपीसीआर के भरोसे घुमका अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका से सटे खजरी की 65 वर्षीया महिला की घुमका अस्पताल में इलाज शुरू होने के कुछ ही समय बाद मौत हो गई। महिला को गम्भीर हालत में परिजनो ने अस्पताल लाया था। महिला की स्थिति देखते हुए ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर ने ऑक्सीजन लगाया लेकिन कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। मृत महिला एंटीजन जांच में कोरोना पॉज़िटिव पायी गई। इसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। आला अधिकारियों को सूचना देने के बाद कोविड नियमो के तहत खजरी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।




### एंटीजन टेस्ट में मिले ढेरों पॉजिटिव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटीजन कीट के परीक्षण में फिर ढेरों कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। वहीं कई लोगों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया है। खबर है कि लक्षण दिखाई दे रहे मरीजों की एंटीजन और बगैर लक्षण वाले मरीजों की आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। सप्ताह भर से एंटीजन कीट की भारी कमी बताया जा रहा है। जिसके चलते ज्यादातर मरीजो की आरटीपीसीआर जांच कर होम आइसोलेशन की सलाह दी जा रही है। पूरे जिले में कोरोना की जांच के मचे कोहराम से आरटीपीसीआर जांच की रिपोर्ट आने में एक सप्ताह का समय लग रहा है। होम आइसोलेशन के चक्क र में मरीजो की हालत बिगड़ती जा रही है। एंटीजन किट के अभाव में आरटीपीसीआर जांच और रिपोर्ट में हो रही देरी ग्रामीणों के लिये खतरनाक साबित हो सकता

ख़बरों के अनुसार खजरी के अधिकांश घरों में ग्रामीणों को सर्दी खांसी, बुखार की शिकायत है। पूरे गांव के लोगों की जांच जरूरी बताया जा रहा है। वहीं समीपस्थ गोपालपुर निवासी 50वर्षीय अधेड़ की भी बीती रात कोरोना से मौत हो गयी। दो दिन पहले स्वास्थ्य खराब होने के चलते परिजन घुमका अस्पताल इलाज कराने पहुंचे। यहां एंटीजन जांच करने पर कोरोना पाज़ीटिव पाये जाने पर कोविड हॉस्पिटल राजनांदगांव रिफर किया गया था। सांस लेने में तकलीफ की शिकायत बढ़ती गई। अंततः सोमवार को मरीज की मौत हो गई।

एक ही दिन में दो लोगो की कोरोना से मौत की खबर मिलते ही खजरी व गोपालपुर समेत पूरे क्षेत्र में काफी दहशत का माहौल है। घुमका क्षेत्र में पांच दिनों में अब तक कुल सात लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। कोरोना के बढ़ते तादाद और लगातार हो रही मौतों के बाद भी स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं आने से ग्रामीणों में चिंता के साथ आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### छह मौतों ने बढ़ाई दहशत

कोरोना से लगातार छह मौतों ने घुमका इलाके को बुरी तरह झकझोर दिया है। पांच दिन में खजरी, गोपालपुर टेमरी, भैंसातरा, इरईकला, बिरेझर और पटेवा में हुई मौत के बाद भी पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्रामीणों की लापरवाही भी कम नहीं हो रही है। ग्रामीण अभी भी काम के बहाने घरों से बाहर निकलकर लॉकडाउन का उल्लंघन करते हुए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। घुमका और पटेवा जैसे बड़ी आबादी वाले गांव में पंचायत की ओर से सेनेटाइज नहीं किया गया है। जबकि भैंसातरा, टेमरी, गोपालपुर इराईकला, पटेवा और बिरेझर में कोरोना जांच के लिए अब तक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच कैम्प नहीं लगाया है। जबकि इन गांवों में कोरोना से मौत हो चुकी है और बड़ी संख्या में ग्रामीणों को सर्दी बुखार की शिकायत बताया जा रहा है। गोपालपुर, चारभाठा और भालुकोना में स्थिति अभी भी काफी विस्फोटक है।

### नीम-हकीम और झोलाझाप डॉक्टरों का फंदा

अधिकांश गांव के ग्रामीण सर्दी बुखार के इलाज के लिए नीम हकीम और झोलाछाप डॉक्टरों के चक्क र काट रहे हैं। वहीं मोटी कमाई के फे र में फर्जी डॉक्टर ग्रामीणों का इलाज कर कोरोना सं मण के खतरनाक स्थिति को बढ़ा रहे है। इन फर्जी डॉक्टरों की शिकायतों पर विभाग के अफसरों की खामोशी जानलेवा होती जा रही है। सूत्रों के अनुसार पूरे इलाके में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक में चल रहे दवाईयों का अवैध कारोबार लाखों रुपये का है और एक बड़ा हिस्सा सम्बंधित विभाग को पहुंच रहा है। ख़बर के अनुसार झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय और जिला स्तर के अधिकारियों की मेहरबानी बराबर की बतायी जा रही है। कोरोना सं मण के इस खतरनाक दौर में झोलाछाप डॉक्टरों के यहां मची भीड़ को नजरअंदाज करने का नतीजा इलाके के कई गांव में कोरोना से हाहाकार मचा हुआ है। बावजूद इसके आज भी क्षेत्र के ज्यादातर गांव झोलाछाप डॉक्टरों के हवाले है कोरोना के कहर से हांफ रहे ग्रामीणों में जागरूकता नहीं है और विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की परवाह दिखाई नही दे रहा है।

## कलेक्टर ने विकासखंडवार ऑक्सीजन सिलेण्डर की उपलब्धता की समीक्षा की

# दो और निजी अस्पताल में होगा कोविड का इलाज, एम्बुलेंस के अलावा वाहन किराए पर लेने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर क्वारेंटाईन की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने अन्य राज्यों से आ रहे लोगों का सैम्पल लेकर कोरोना परीक्षण करने के निर्देश दिए। सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों को सक्रियता पूर्वक चिन्हांकन कर उनकी कोरोना जांच कराएं। उन्होंने विकासखंड स्तर पर कोविड केयर सेंटर एवं हॉस्पिटल में ऑक्सीजन सिलेण्डर की उपलब्धता के संबंध में गहन समीक्षा की। वहीं कलेक्टर ने निजी अस्पताल संचालकों से भी बैठक की। आपात स्थिति को देखते हुए दो निजी अस्पतालों ने कोविड मरीजों को भर्ती करने की सहमति दी है। कलेक्टर ने अतिरिक्त ऑक्सीजन सिलेण्डर एवं ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर उपलब्ध करने के लिए कहा। कोविड संक्रमित मरीजों को हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस के अलावा वाहन किराए पर लेने के निर्देश दिए। कोविड की रोकथाम के लिए संसाधन की कमी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने मास्क नहीं लगाने वाले तथा कोरोना प्रोटोकाल का पालन नहीं करने वाले लोगों पर की गई चालानी कार्रवाई की राशि का उपयोग कोविड-19 की रोकथाम में करने के निर्देश दिए। उन्होंने चालानी कार्रवाई और बढ़ाने के निर्देश दिए।





**निजी चिकित्सालयों में 20 फीसद बेड आरक्षित :** कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निजी अस्पतालों में कोविड के इलाज में शासकीय योजना के हितग्राहियों के संबंध में सभी निजी हास्पिटल के डॉक्टरों की बैठक ली। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार निजी अस्पतालों में कोविड उपचार हेतु अनुमति प्राप्त निजी अस्पतालों में कोविड उपचार के लिए संचालित कुल बिस्तरों के 20 प्रतिशत बिस्तर योजना के हितग्राहियों हेतु आरक्षित करने के लिए सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राज्य में आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों में कोविड-19 के उपचार के लिए अनुमति प्रदान किया गया है।

### समदा और कुमुद मोहबे अस्पताल में शुरु होगा कोविड का ईलाज

कलेक्टर ने कहा कि जीवन रेखा हॉस्पिटल मान्यता प्राप्त है और यह सुविधा यहां दी जाएगी। उन्होंने अन्य हॉस्पिटलों को भी शासकीय योजना के हितग्राहियों के लिए 20 प्रतिशत बिस्तर आरक्षित करने के लिए कहा। इस अवसर पर समदा हॉस्पिटल ने अपने 51 बिस्तर के लिए तथा कुमुद महोबे हॉस्पिटल ने अपने 40 बिस्तर के लिए शत प्रतिशत कोविड हॉस्पिटल के लिए सहमति प्रदान की। मेंटल हॉस्पिटल देवादा ने कोविड हॉस्पिटल के लिए सहमति दी। कलेक्टर वर्मा ने एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था कर शासन को सूचित करने के निर्देश दिए।

### निजी अस्पतालों में न हो असुविधा

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि जिले में 3 निजी अस्पतालों जीवन रेखा हॉस्पिटल, सिटी हॉस्पिटल, सुन्दरा मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल को कोरोना सं मण के उपचार के लिए अनुमति प्रदान की गई है। निजी अस्पतालों में कोविड-19 के उपचार के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए रेफरल संबंधी समन्वय, अस्पतालों में उपलब्ध बेड की स्थिति, डेड बॉडी मूवमेंट प्लान, प्राईवेट अस्पतालों में मरीजों के उपचार के लिए शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर लेने संबंधी अथवा अन्य किसी भी प्रकार की शिकायतों के निवारण एवं निजी अस्पतालों से समुचित समन्वय एवं सतत निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### ऑक्सीजन की उपलब्धता जरुरी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजीत वसंत ने कहा कि कोविड-19 से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन की गति को बढ़ाना जरूरी है। जिन क्षेत्रों में वैक्सीनेशन कम हैं, वहां वैक्सीनेशन बढ़ाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने कहा कि ऑक्सीजन की उपलब्धता लगातार बनी रहनी चाहिए और इसे समय-समय पर रिफिल कराते रहें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के निजी चिकित्सालयों में भी कोविड-19 के मरीज के लिए सेवाएं ले।

## क्विक न्यूज

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित



**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सक्ती नगर में शाम 05 बजे बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर नगर के स्टेशन रोड नाका चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम संपन्न किया गया,14 अप्रैल को प्रति वर्ष भाजपा अम्बेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाती आई है। इस कार्यक्रम में भाजपा सक्ती नगर मण्डल महामंत्री रामनरेश यादव, महामन्त्री अमन डालमिया, नगर भाजपा की मंत्री और महिला नेत्री अनिता गोपाल, पूर्व महिला मोर्चा जिला महामंत्री रीता पटेल,, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष और वार्ड नम्बर 17 की पार्षद रीना गेवाडीन, महिला मोर्चा में पूर्व नगर मण्डल महामन्त्री रेखा देवांगन,भाजपा मंडल मंत्री उदय वर्मा, रंजन सिन्हा,भाजयुमो नेता चिराग अग्रवाल, नपा नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव सहित कार्यकर्ता साथी उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को करवाया जलपान



**सक्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति द्वारा शहर के जवाहरलाल नेहरू उपाधि महाविद्यालय परिसर में स्थापित कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर में 12 अप्रैल को शक्ति शहर के भाजपा कार्यकर्ता चिराग अग्रवाल लल्ली एवं भाजपा नगर मंडल शक्ति के वैक्सीनेशन प्रभारी राम नरेश यादव द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर में सेवाएं दे रहे सभी कर्मचारियों को जलपान तथा शरबत पिलाई गई इस अवसर पर सभी कर्मचारियों की सेवाओं के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया गया।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने लोगों को प्रेरित किया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूर्ण रूप से सभी लोगों को टीकाकरण किये जाने हेतु पुनः जागरूकता अभियान को क्रियान्वित किये जाने के लिए

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा राव फूले के जन्मदिवस से ÷टीकाकरण उत्सव प्रारम्भ कर 14 अप्रैल को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती तक भारत सरकार द्वारा राष्टीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के माध्यम से देश में कोरोना संक्रमण से बढ़ने से संक्रमित आमजनों तथा इस संक्रमण को रोकने में सहायता करने हेतु 45 वर्ष से अधिक आयु के समस्त देशवासियों तथा परिवारजनों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करना है।

स्थानीय डी.पी.विप्र महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना की इकाइयाँ कोरोना काल के प्रारम्भिक चरण से ही लोगों को सुरक्षित रखने हेतु विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।इस समय सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा टीकाकरण के विषय में बहुत सी अफवाहें भी फैला दी हैं इन अफवाहों से जनमानस का ध्यान हटाते हुए उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि जो लोग टीकाकरण केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं उन्हें टीकाकरण केंद्र ले जाकर टीकाकरण कराने में भी अपना दायित्व का निर्वहन राष्टीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा किया जा रहा है।कार्यक्रम अधिकारियों के सहयोग से इस कार्य के दौरान कोविड-19 की सभी दिशा निर्देशों के आधार पर दी गई सावधानियों का पालन भी किया जा रहा है। स्वयंसेवक-एवं स्वयंसेविकाएँ घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर कोरोना से सुरक्षित रहने हेतु सावधानियां सम्बन्धी पॉम्पलेट्स वितरित कर 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही पोस्टर पर कोरोना से जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न पेंटिंग तथा स्लोगन लिखकर उसका प्रदर्शन अपने आसपास के क्षेत्रों,निकटतम वैक्सीनेशन सेंटरों तथा विभिन्न सामाजिक स्थलों पर किया जा रहा है, टीकाकरण केंद्र में सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु व्यवस्था बनाते हुए सेनिटाइजर का प्रयोग करवाना तथा टीकाकरण में भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अभियान हेतु महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला द्वारा महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना की इकाइयों को शुभाशीष प्रदान कर रही हैं।



## सिरगिट्टी पुलिस ने जब्त की 23 लीटर अवैध शराब, लॉकडाउन में ऊंची कीमत में बेचने की थी योजना

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सिरगिट्टी पुलिस ने दो लोगों को 23 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लॉक डाउन में ऊंची कीमत पर शराब बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने आरोपियो से एक मोटरसायकल और 4 हजार रुपए नगद भी जब्त किया है। सिरगिट्टी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की इंडस्ट्रियल एरिया तिफरा में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के प्रयास में है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों से अवगत करा कर पर थाने से पेट्रोलिंग पार्टी रवाना किया गया। बजरंग स्वीट्स के पीछे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को बाइक में अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम क्रमश रामायण सूर्यवंशी पिता तुकाराम सूर्यवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी तिफरा, कृष्णा राम पिता दिलीप राम उम्र 34 वर्ष निवासी बीरगांव रायपुर बताया। दोने के पास से 130 पाव देसी प्लेन शराब 23.4 बल्क लीटर शराब बरामद हुआ। परिवहन तथा भंडारण के संबंध में उनके पास कोई दस्तावेज भी नहीं थे।

पूछताछ पर उन्होंने लॉकडाउन में ऊंची कीमत पर शराब बिक्री करने के लिए ले जाना बताया। साथ ही रास्ते में कुछ लोगों को शराब भी बेचने की जानकारी दी। आरोपियों के कब्जे से शराब के अलावा एक पैशन प्रो बाइक मूल्य 70 हजार रुपये तथा बिक्री की रकम 4900 की भी जब्ती की गई। शराब समेत पुलिस द्वारा जप्त की गई कुल संपत्ति की कीमत ?85000 है। मामले मैं अपराध क्रमांक 107 / 2021 धारा 34 (2) 59 क कायम कर आरोपियों को माननीय न्यायालय रिमांड पर भेजा जा रहा है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सिरगिट्टी फैजुल शाह तथा सहायक उपनिरीक्षक गुलाब पटेल आरक्षक केशव मार्को तथा आरक्षक सुमंत कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।

# कन्ट्रोल रुम में रोस्टर अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने एक आदेश जारी कर कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम तथा आपातकालीन स्थिति से निपटने एवं आवश्यक सहायता/शिकायत के लिए जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 मे नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष क्रमांक-07824-222103 है।

उक्त नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 16 अप्रैल 2021 हेतु श्री विरेन्द्र साहू सहा.अधी. भू-अभिलेख बेमेतरा मो.नं. 7974684127 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत श्री कृष्ण नारायण ताम्रकार उप अभियंता नगर पालिका बेमेतरा 9425294255, लक्ष्मीनाथ साहू स.रा.निरीक्षक नगर पालिका बेमेतरा 9993829187, गोवर्धन यादव भृत्य शिक्ष विभाग 9078242223 की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। श्री त्रिलोक सिंह ठाकुर भृत्य शिक्षा विभाग बेमेतरा 9165863568, असलम खान सहायक ग्रेड-03 शिक्षा विभाग 9131277015, सतीश बघेल सहायक ग्रेड-03 खनिज विभाग बेमेतरा 9755902668 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। महेश चन्द्र वर्मा भृत्य शिवलाल राठी उ.मा.वि.पिकरी, सुखीराम साहू नलकूप आपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9009683746, राजेन्द्र वर्मा सहायक ग्रेड-03 कृषि विभाग बेमेतरा 8120593886 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 17 अप्रैल 2021 हेतु रोशन साहू नायब तहसीलदार बेमेतरा 7993833777 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत मयंक राठौर उप अभियंता नगर पालिका बेमेतरा 9131055180, उमेन्द्र कोसरिया सहायक ग्रेड-03 क्रेडा बेमेतरा 9407909630, लोकेश बनाफर सहायक ग्रेड-03 नगर पालिका बेमेतरा 9131636313 की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। बरातू राम साहू, भृत्य पशु चिकित्सा विभाग बेमेतरा 7898200159, मोरध्वज दिव्य (डीईओ) शिक्षा विभाग बेमेतरा 7999702007, आत्माराम साहू नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9575616441 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कृष्णकांत ताम्रकार उप अभियंता कार्या. अभि.ग्रामीण विकास संभाग बेमेतरा 7489731997, त्रिलोक सिंह वर्मा सहायक ग्रेड-03 शिक्षा विभाग बेमेतरा 9644953155, शिव कुमार दिव्य भृत्य पी.एम.जी.एस.वाय बेमेतरा 7581903867 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष मे 14 एवं 18 अप्रैल 2021 हेतु विवेक गोस्वामी (एपीओ) जिला पंचायत बेमेतरा 9981169314 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके तहत उमायांकर खण्डे संकाय सदस्य जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बेमेतरा 7987702687, मनोज मिश्रा सहा.ग्रेड-02 शा.उ.मा.वि. खण्डसरा, गोविन्द राम भृत्य शा.उ.मा.वि. बेमेतरा की प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। धनन्जय ध्रुव भृत्य शिक्षा विभाग बेमेतरा 7389268744, अजय नाग सहायक ग्रेड-03 जिला पंजीयक बेमेतरा 8878212747, दीप चंद सेन नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9753767932 की दोपहर 02 बजे से रात 10 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। कमल यादव भृत्य शासकीय कन्या उ.मा.वि.बेमेतरा, शत्रुहन लाल निषाद जिला समन्वयक (प्र.मं.आ.यो.) जिला पंचायत बेमेतरा 9479263449, पुनाराम साहू नलकूप ऑपरेटर कार्या. वि./यौ. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट उपसंभाग बेमेतरा 9753164716 की रात 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है।

## सिंधी और पंजाबी समाज ने ऑक्सीजन सिलेण्डर और बेड, जिला उद्योग संघ ने दिए 2 लाख 51 हजार रूपये



पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। कोरोना मरीजों को आवश्यकतानुरूप स्वास्थ्य सुविधा सुलभ कराने के लिए विभिन्न समाज के लोग जिला प्रशासन को सहयोग दे रहे हैं। इस क्रम में आज सिंधी और पंजाबी समाज के लोगों ने जिला अस्पताल में उपयोग के लिए आक्सीजन सिलेण्डर, गद्दे, बेडशीट प्रदान किया, वहीं जिला उद्योग संघ द्वारा 2 लाख 51 हजार रूपये का चेक दिया गया। राशि का चेक और सामग्री आज कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर को सौंपा गया। आज कलेक्टोरेट में पंजाबी समाज द्वारा 25 आक्सीजन सिलेण्डर, सिंधीसमाज द्वारा 100 सेट बेडशीट और गद्दे प्रदान किये गये। जिला उद्योग संघ के प्रतिनिधि द्वारा राशि का चेक सौंपा गया। जिसका उपयोग जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए किया जायेगा।

# आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर नियंत्रण के लिए विकासखण्ड स्तर पर जांच टीम गठित

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड-19 संक्रमण को रोकने हेतु सम्पूर्ण क्षेत्र मे 10 अप्रैल 2021 से 19 अप्रैल 2021 तक लॉकडाउन को प्रभावशील किया गया है तथा आवश्यक सेवाओं को छोड़कर शेष संस्थाओं/प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने कल एक आदेश जारी कर जिले के अनेक स्थानों पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता कालाबाजारी तथा अधिक कीमतें वसूली की शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिसके चलते आम जनता को दैनिक उपयोग मे आने वाले आवश्यक खाद्य पदार्थ वस्तुओं, मास्क एवं सेनेटाईजर तथा अन्य चिकित्सकीय सामानों की पर्याप्त मात्रा मे उपलब्धता उचित दर पर मिलता रहे, इसलिए बेमेतरा जिले मे पदस्थ राजेश जायसवाल मो.नं. 9406219899 खाद्य अधिकारी को जांच दल का समन्वयक नियुक्त करते हुए जिले मे पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा औषधि निरीक्षकों को निम्नानुसार उनके कार्य स्थल मे स्थित समस्त मेडिकल स्टोर्स खाद्य पदार्थ की दुकानों की जांच कर प्रत्येक 03 दिवस मे अपर जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रतिवेदन सुसंगत अधिनियमों के तहत प्रस्तुत किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। विकासखण्ड बेमेतरा के लिए जितेन्द्र नेले खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कु. ज्योति साहू एवं उत्तम भारती खाद्य निरीक्षक, आरती नागदेव औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा को जांच कार्य सौंपा गया है। विकासखण्ड नवाग? के लिए जितेन्द्र नेले खाद्य सुरक्षा अधिकारी, धर्मवीर एवं वशिष्ठ प्रताप खाद्य निरीक्षक, आरती नागदेव औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़ को जांच कार्य सौंपा गया है। विकासखण्ड साजा के लिए धर्मवीर एवं दलेश्वर साहू खाद्य निरीक्षक, भास्कर सिंह राठौर औषधि निरीक्षक, राजू कुर्रे खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी साजा को जांच कार्य सौंपा गया है। विकासखण्ड बेरला के लिए गितेश मिश्रा सहायक खाद्य अधिकारी, राजू कुर्रे एवं रोशन वर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, भास्कर सिंह राठौर औषधि निरीक्षक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी बेरला को जांच कार्य सौंपा गया है।

## पापुनि के पूर्व महाप्रबंधक अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ एफआईआर पर हाईकोर्ट का आदेश हाइकोर्ट की अनुमति बगैर चालान पेश नहीं किया जाए

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व महाप्रबंधक और पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग में संयुक्त संचालक अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ Eow द्वारा दर्ज दो FIR के चालान पेश होने पर हाईकोर्ट ने ब्रेक लगा दिया है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है मामले में बग़ैर न्यायालय की अनुमति के चालान पेश ना किया जाए। दरअसल अशोक चतुर्वेदी की ओर से हाईकोर्ट में आवेदन देकर कहा गया था कि, एफआईआर क्रमांक 16/2020 और 19/2020 को रिट के माध्यम से चुनौती दी गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता को राहत दी गई थी, इस बीच याचिकाकर्ता को यह ज्ञात हुआ है कि राज्य अन्वेषण ब्यूरो इन



मामलों में चार्जशीट पेश कर सकती है, यदि ऐसा हुआ तो न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ता को पुन÷ चुनौती देनी पड़ेगी और न्यायालय के मामले में संख्या में वृद्धि होगी। जस्टिस संजय के अग्रवाल ने इस याचिका की सुनवाई की।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा और चंद्रेश श्रीवास्तव ने आवेदन पर आपत्ति की। जबकि याचिकाकर्ता की ओर से किशोर श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय शशांक ठाकुर ए व्ही श्रीधर और हिमांशु सिन्हा ने पैरवी की।

# कोरोना संक्रमण को देखते हुए देवी मंदिरों में नहीं स्थापित किया गया मनोकामना ज्योति

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्रि पर्व में इस साल भी कोरोना संक्रमण के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ भाड़ को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योति की स्थापना अधिकांश मंदिर में नहीं किया गया है जिन मंदिरों में मनोकामना ज्योति की स्थापना किया गया है वहां भी बहुत सीमित मात्रा में भी श्रद्धालुओं के ज्योति कलश की स्थापना शुभ मुहूर्त में किया गया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार साल के दो नवरात्रि पर्व शारदीय नवरात्रि एवं चैत नवरात्रि में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योति की स्थापना किया जाता रहा है परंतु बीते साल से कोरोना संक्रमण के कारण मंदिरों में लोगों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने जैसे कदम



उठाने के कारण श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योति की स्थापना नहीं के बराबर होने लगा है इस साल चैत नवरात्रि पर्व में माता भद्रकाली मंदिर में केवल एक सामूहिक ज्योति की स्थापना किया गया है ब्रह्म मुहूर्त में स्थापित इस मनोकामना ज्योति श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया यहां विभिन्न पाठ करने के लिए आचार्य राम कुमार शास्त्री जी हैं। इस तरह बाजार पारा में स्थित माता शीतला मंदिर में भी इस साल मंदिर की तरफ से मात्र एक सामूहिक मनोकामना ज्योति की स्थापना अभिजीत मुहूर्त में किया गया है यहां पर पाठ करने के लिए रोशन मिश्रा जी हैं महामाया मंदिर में भी इस साल यद्यपि ज्योति की मनोकामना ज्योति की स्थापना जरूर किया गया है लेकिन वह भी बहुत सीमित मात्रा में है इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में कुल 21 मनोकामना ज्योति की स्थापना किया गया है। जिसमें चार धृत ज्योति है एवं 17 तेल मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है यहां के आचार्य पंडित राम जी पाठक है वहीं गौरव पथ पर स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर में भी बहुत सीमित मात्रा श्रद्धालुओं के मनोकामना ज्योति की स्थापना ब्रह्म मुहूर्त में आचार्य प्रमोद शर्मा के द्वारा किया गया है।

# जिला उपभोक्ता आयोग ने किसान के पक्ष में दिया निर्णय

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-जिला उपभोक्ता आयोग में प्रस्तुत परिवाद के अनुसार ग्राम रसोटा थाना बलोदा निवासी सुनील कुमार गौतम ने मह3राष्ट्र की बीज उत्पादक कम्पनी बायो साइंस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का धान बीज खेती के लिए जांजगीर के ओम ट्रेडर्स से 24 पैकेट बीज की खरीदी की गई थी। खरीदे गए बीज की कीमत 23 हजार 160 रुपए थी। अच्छे उत्पादन की उम्मीद में किसान ने बीज खरीदा और खेती की, लेकिन बीज फेल हो गया। महज 40 फीसदी बीज में ही अंकुरण हुआ। इस पर किसान सुनील कुमार गौतम ने बीज वितरक से सम्पर्क किया। बीज वितरक ने बीज उत्पादक से सम्पर्क करने की बात कही। किसान ने कृषि विस्तार अधिकारी से मामले की शिकायत की, और मौके का निरीक्षण भी




कराया। इसके बाद भी बीज उत्पादक और वितरक की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर किसान ने उपभोक्ता आयोग की शरण ली। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तजेश्वरी देवी देवांगन, सदस्य मनरमण सिंह, मंजूलता राठौर ने प्रस्तुत परिवाद प्रकरण की सुनवाई की। आयोग ने साक्ष्यों के आधार पर बीज उत्पादक कम्पनी और वितरक एजेंसी को सेवा में कमी का दोषी पाया। बीज उत्पादक और वितरक द्वारा किसान को 25 हजार रुपए हर्जाना के साथ ही 10 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति और 2 हजार रुपए वाद व्यय 45 दिन के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया गया है।

**पुलिस रहेंगी हर जगह तैनात**

# आज से जिले की सीमाएं हो जाएंगी सील

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन की ओर से लाकडाउन की घोषणा के बाद बुधवार की सुबह से जिले की सीमाएं सील हो जाएंगी, इससे पहले पुलिस कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने मंगलवार की दोपहर अधिकारियों की बैठक लेंगे,जिसमें लाकडाउन के दौरान अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। सीएसपी निमेष बरैया ने बताया कि बुधवार की सुबह छह बजे से जिले की सीमाएं सील कर दी जाएंगी,इस दौरान पास वालों को ही जिले में प्रवेश दिया जाएगा,इसके अलावा प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लोगों को



जिले की सीमा में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए साथ में आवश्यक दस्तावेज होना जरूरी है,इसका पालन नहीं करने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी,उन्होंने बताया कि इस प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा,इसके लिए शहर समेत जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सीमाओं में चेकपोस्ट बनाकर बाहर से आने वालों की जांच की जाएगी,इसके अलावा जिले से बाहर जाने वालों की भी जांच की जाएगी, बिना अनुमति यात्रा करने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई जाएगी। दिखाना होगा दस्तावेज,तभी मिलेगी छूट प्रशासन की ओर से जरूरी काम पर जाने वालों,परीक्षार्थियों, शासकीय सेवकों और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों को लाकडाउन के दौरान यात्रा करने की छूट दी है,उन्हें जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे,दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जाएगी,परीक्षार्थियों को हाल टिकट,शासकीय सेवकों को परिचय पत्र या ड्यूटी पास दिखाना होगा,वहीं बीमार लोगों को अस्पताल के कागज दिखाने होंगे,गंभीर रूप से बीमार लोगों को इसमें छूट दी जाएगी।

## कलेक्टर भीम सिंह ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने सोमवार की शाम जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए विभागीय कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 के नवीन मद की योजनायें, खरीफ एवं रबी की उपलब्धि, मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2017-18 के कार्यों की अद्यतन स्थिति, मनरेगा अंतर्गत प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्य तथा वन प्रकरण स्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने विकासखण्डवार मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। ईई जल संसाधन ने बताया कि मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत हुये 40 कार्यों में 7 पूर्ण एवं 23 प्रगतिरत है। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को जो कार्य अधूरे है उन्हें समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। ईई जल संसाधन ने बताया कि भुजबंधान जलाशय मरम्मत कार्य, रनभांठा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य, तरकेला जलाशय का मरम्मत कार्य, माण्ड नदी पर लात के पास डाईक का कार्य एवं माण्ड नदी पर टिमटिमा के पास डाईक कार्य हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है।



# 400 करोड़ रुपये जमा, फिर भी डेड बॉडी के लिए ले रहे पैसा : रमन सिंह

## छत्तीसगढ़ बीजेपी नेताओं ने राज्यपाल से की मुलाकात





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना को लेकर विपक्ष सरकार पर लगातार हमलावर है। कोरोना के मद्देनजर सरकार की तरह ही विपक्ष भी चिंतित नजर आ रहा है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ बीजेपी नेताओं ने कोरोना के मसले को लेकर राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। इस दौरान बीजेपी नेताओं की कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर कई चर्चा हुई। मीडिया से बात करते हुए पूर्व सीएम रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर हमला बोला है। इस दौरान रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थिति और कोविड-19 का असर शहरी और ग्रामीण इलाकों में फैला है। मौत का सिलसिला जारी है।

छत्तीसगढ़ भय में डूबा है। सरकार की वजह से कोई जानकारी नहीं आती। कोविड का दूसरा दौर चल रहा है, लेकिन आज तक विपक्ष को भी अधिकृत रूप से जानकारी देने वाला कोई नहीं है। डेड बॉडी भी परिजनों को नहीं दी जा रही है। सरकार आदेश जारी कर कहती है कि ढाई हजार रुपये देने के बाद डेड बॉडी परिजनों को दी जाएगी। क्या सरकार की ये मानवता है।

### सरकार के पास 400 करोड़ रुपये जमा

रमन सिंह ने कहा कि पांच-पांच दिन में दाह संस्कार हो रहा है। कोविड के नाम से सरकार के पास 400 करोड़ रुपये जमा हैं। शराब में दस रुपये सेस लिया गया, लेकिन उसमें से कितना खर्च किया गया? सरकार विपक्ष और जनता को बताए कि ये पैसा कहां गया? कोविड के फेस वन में जो नर्सिंग और पैरा मेडिकल स्टाफ रखा गया था, उन सबको हटा दिया।

### रमन सिंह ने सरकार पर लगाए कई आरोप

- अस्पतालों के बाहर मरीज बैठे बैठे आक्सीजन ले रहा है।
- पूरे राज्य की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।
- सरकार ने कितने वेंटिलेटर की व्यवस्था की है?
- कितने ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था की गई?
- कोविड का दूसरा दौर बेहद भयावह है।
- कोविड मरीजों के लिए कितने बेड बढ़ाए गए?
- सरकार आदेश जारी करती है कि निजी चिकित्सक कोविड 19 संक्रमण से पीड़ित मरीज स्वयं के खर्च से इलाज कराएगा।
- दूसरी तरफ सरकार कहती है कि आयुष्मान भारत से इलाज होगा।
- रेमडेसिविर इंजेक्शन की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है।
- इतने देरी से राजनीतिक दलों के साथ बैठक की बात की जा रही है।
- केंद्र ने जो वेंटिलेटर दिया है उसके खराब होने की जानकारी सरकार तब दे रही है, जब सोनिया गांधी के साथ बैठक हो रही है।
- सरकार के पास पैसा है. हम मांग करते हैं कि अन्य राज्यों की तरह शत प्रतिशत इलाज मुफ्त सरकार करें।
- क्या सरकार इनकी नियुक्ति जल्द कर सकती है?
- छत्तीसगढ़ जब संकट में था तब सरकार असम चुनाव में व्यस्त थी।

## कोरोना की स्थिति पर विचार विमर्श के लिए जल्द होगी सर्वदलीय बैठक

छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण को रोकने के संबंध में विचार विमर्श के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन शीघ्र किया जाएगा। इस वर्चुअल बैठक में सभी राजनीतिक दलों और समाज प्रमुखों को आमंत्रित कर उन्हें सरकार की तरफ से अभी तक उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाएगी और कोरोना से बचाव के तरीकों पर उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। राज्यपाल अनुसुईया उइके और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच सोमवार को इस संबंध में हुई चर्चा में यह निर्णय लिया गया। राज्यपाल उइके ने मुख्यमंत्री बघेल से प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के संबंध में फोन पर चर्चा कर स्थिति का जायजा लिया और बचाव के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश के रायपुर, दुर्ग-भिलाई और अन्य शहरों में कोरोना के बढ़ते संक्रमण में बढोतरी हो रही है। इसे रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाए। इसके लिए सामाजिक संगठनों के प्रमुखों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों के प्रमुखों, धार्मिक संस्थाओं के प्रमुखों, सभी पद्धति से संबंधित चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, दवा कारोबारी, व्यापारियों, पत्रकारों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करें और कोरोना से लड़ने के लिए कार्ययोजना बनाएं, ताकि प्रदेश में फैल रहे कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके।



## सर्वदलीय बैठक से पहले कौशिक की मांग, एक साथ हो लॉकडाउन



कोरोना के बढ़ते मामलों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच कोरोना को लेकर आज होने वाली सर्वदलीय बैठक से पहले नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पूरे प्रदेश में एक साथ लॉकडाउन की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि बढ़ते संक्रमण को देखते हुए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में एक साथ लॉकडाउन लगाना चाहिए। 1-1 हफ्ते के लॉकडाउन से लोगों को परेशानी हो रही है। इस लॉकडाउन में कोरोना का आंकड़ा कम नहीं होगा। आगे कहा कि संकट के घड़ी में सरकार लोगों को मुफ्त में राशन का वितरित करें। इस दौरान सरकार के कामों की आलोचना करते हुए कहा कि सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के अंतर कलह में छत्तीसगढ़ पीस गया। सरकार की मानवीय संवेदना खत्म हो चुकी है।

## मुख्यमंत्री ने भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतर डॉ. भीमराव अम्बेडकर को 14 अप्रैल को उनकी जयंती पर नमन किया है। बघेल ने कहा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान तैयार करने में केन्द्रीय भूमिका निभाते हुए सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य की नींव रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए अभियान चलाया। दलितों के साथ उन्होंने मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और उनके उत्थान के लिए संविधान में अनेक प्रावधान किए। राज्य सरकार बाबा साहब के बताए मार्ग पर चल कर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं पर अमल कर रही है। राज्य सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, वनवासियों को वन अधिकार मान्यता पत्रों के वितरण, लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और महिला स्व सहायता समूह को स्वावलंबी बनाने की योजनाओं पर अमल कर न्याय की अवधारणा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बाबा साहब के लाखों अनुयायी बाबा साहब का जन्मदिन उत्साह और श्रद्धा से मनाते हैं।

## प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ मुख्यमंत्री सहायता कोष में देंगे एक दिन का वेतन, संघ ने समर्थ लोगों से भी की सहायता की अपील

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्य सचिव को पत्र भेज कर कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए अपने एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने का अनुरोध किया है। वर्मा ने देश में कोरोना वायरस के संक्रमण जो महामारी का रूप ले लिया है उनके रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिए जा रहे निर्णय को जनहित में बताते हुए सराहना की।प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सरकार को आम जनता की ओर से और बेहतर सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश के शासकीय एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारियों, सहित समर्थ आम नागरिकों को जनहित में सहयोग करने की अपील की है।

वर्मा ने मुख्यमंत्री राहत कोष के एसबीआई खाता क्रमांक 30198873179 आईएफएससी कोड 0004286 में राशि सीधे जमा करने अनुरोध किया है।संघ के पदाधिकारियों ने कोरोना संक्रमण के खात्मा के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशों का कड़ाई से पालन आम जनता से अनुरोध किया है।संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश भर में आम जनता को इस महामारी से बचाने हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया है। संघ ने चिकित्सा सेवा में निरंतर कार्यरत स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए सभी स्टाफों, नागरीय निकाय के अमलो सहित निरंतर साफ सफाई में लगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियो, राजस्व, शिक्षा ,पुलिस विभाग एवम् अन्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियो तथा अन्य आपातकालीन कर्मियों का उत्साहवर्धन करने, उनकी मदद करने की अपील आम नागरिकों से की है।

## नक्सलियों ने पुलिस पर लगाया फर्जी मुठभेड़ का आरोप, जारी किया पर्चा

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com






नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाया है. नक्सलियों ने डीआरजी के जवानों पर ग्रामीणों के साथ फर्जी मुठभेड़ का दावा किया है। नक्सलियों के दरभा डिवीजन कमेटी के सचिव साईनाथ ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है. जिसमें दंतेवाड़ा पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाया है. पर्चा में लिखा है कि वेट्टी हूंगा सोसाइटी में चावल लेने गया था. इस दौरान उसके पास कोई हथियार नहीं था. जिसकी डीआरजी के जवानों ने हत्या कर दी. वहीं नक्सलियों ने वेट्टी हूंगा को आम ग्रामीण बताया है। दरभा डिवीजन कमेटी के सचिव साईनाथ का कहना है कि दंतेवाड़ा जिला के कुवाकोंडा ब्लाक ग्राम पंचायत एटेपाल में 20 मार्च को डीआरजी के जवानों ने हड़मा मंडावी, आयता सोड़ी को घर से पकड़कर ले गई और जंगल में फर्जी एंकाउंटर कर दिया. वहीं जिले के एसपी अभिषेक पल्लव पर मीडिया में नक्सलियों और सेना के बीच हुए फर्जी मुठभेड़ का प्रचार कर रही है। पुलिस का दावा है कि दो दिन पहले जंगमपाल और गादम के जंगलों में मुठभड़ हुई थी. जिसमें मुठभेड़ के दौरान एक लाख इनामी वेट्टी हुगा मारा गया. पुलिस का कहना है कि वेट्टी हूंगा पर पहले से इनाम घोषित था।

## एक और पुलिसकर्मी की मौत, अब तक 3 की जा चुकी है जान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है. रायपुर की सड़कों पर सुरक्षा में तैनात पुलिसवाले भी कोरोना पॉजिटिव मिल रहे हैं. मंगलवार को एक और पुलिसकर्मी की कोरोना से मौत हो गई है. अब तक 3 पुलिसकर्मियों की जान जा चुकी है। जानकारी के मुताबिक 9 अप्रैल को ट्रैफिक थाना में पदस्थ हवलदार उदय राम ध्रुव कोरोना संक्रमित मिले थे. पॉजिटिव मिलने के बाद एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां बीती रात मौत हो गई. हवलदार को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई।

### अब तक 3 पुलिसवालों की मौत

इससे पहले रायपुर में कोरोना से 3 पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है. कोतवाली थाना की महिला आरक्षक और टीकरापारा थाना की महिला आरक्षक की कोरोना से मौत हुई थी।

### 4 थाने में कोरोना विस्फोट

बता दें कि 6 अप्रैल को राजधानी रायपुर के 4 थानों में कोरोना विस्फोट हुआ था. दो महिला थाना प्रभारी समेत 12 पुलिसकर्मी कोरोना की चपेट में आए थे. खम्हारडीह थाना प्रभारी सहित 4 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले थे. कोतवाली थाना में 2 आरक्षक और कबीरनगर थाना में 4 सिपाही सं मित हुए थे. इसके अलावा महिला थाना प्रभारी मंजुलता राठौर समेत 1 हेड कांस्टेबल पॉजिटिव मिला था।

### पुलिस कॉलोनियों को किया गया सैनिटाइज

आज जिले के सभी पुलिस कॉलोनियों में सरकारी आवासों को सैनिटाइज कराया गया. इसके साथ ही सभी को लॉकडाउन के दौरान घर पर ही रहने, बाहर ना जाने, मास्क लगाने और सैनिटाइजर का प्रयोग करने की समझाइश दी गई. यह सैनिटाइजेशन का काम शासकीय आवासों के अलावा शहर के सभी शहरी और ग्रामीण थाना में भी कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने रमजान माह के शुभारंभ पर दी मुबारकबाद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पवित्र रमजान माह के शुभारंभ के अवसर पर मुस्लिम समाज सहित आम जनता को मुबारकबाद दी है। बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि रमजान नेकियों, रहमतों और बरकतों का महीना है। यह महीना जहां देश और दुनिया के लिए प्यार एवं भाईचारे का पैगाम लेकर आता है, वहीं यह हमें आत्म- अनुशासन से जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि यह पवित्र महीना कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन की मुश्किल घड़ी में शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा है कि समस्त मानव जाति के लिए प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम लेकर आने वाले इस महीने में हम सब मिलकर लोगों के स्वस्थ रहने, कोरोना महामारी से निजात और देश-प्रदेश की खुशहाली की दुआ करें।

## बेनामी संपत्ति यानि जुर्माने के साथ जेल की हवा पक्की

### 28 साल पहले जब नियम बना था, तब यह उतना सख्त नहीं था कानून : कर विशेषज्ञ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




बेनामी संपत्ति के मामले में आयकर विभाग ने और सख्त रवैया अपनाया है। नए नियम के अनुसार बेनामी संपत्ति मिलने पर आपकी पूरी संपत्ति जब्त होने के साथ ही 25 फीसद जुर्माना लगेगा। साथ ही एक से सात साल तक की जेल की हवा खानी पड़ेगी। कर विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार 28 साल पहले जब बेनामी संपत्ति के लिए नियम बना था, तब यह उतना सख्त नहीं था। लेकिन नोटबंदी के दौरान साल 2016 में बेनामी संपत्ति के नियमों में बदलाव किया गया। बदलाव किए गए नियम के अनुसार अब जुर्माने के साथ ही जेल की हवा पक्की है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दूसरों के नाम पर मकान,जमीन या गाड़ी खरीदना या डिपाजिट करना आपको भाड़ी पड़ने वाला है। आयकर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चेतन तारवानी का कहना है कि करदाताओं को अपना टैक्स पूरी ईमानदारी से पटाना चाहिए। पूरी ईमानदारी से टैक्स पटाकर ही आने वाली परेशानियों से बचा सकता है।

### यह होती है बेनामी संपत्ति

अगर आपने अपने पैसों से दूसरे के नाम संपत्ति खरीदी या डिपाजिट किया। जिसका पूरा लाभ आपको होने वाला है। ऐसी स्थिति में इसे बेनामी संपत्ति कहा जाएगा। उदाहरण के लिए मान लीजिए आपने अपने पैसो से अपने परिचित या दोस्त के नाम मकान या गाड़ी खरीदा और इसका सीधा संबंध आपसे है,लाभ आपको हो रहा है। इसे बेनामी संपत्ति कहा जाएगा।

### ये नहीं है बेनामी

आप अपनी प ी या बच्चों के नाम संपत्ति खरीदते है तो इसे बेनामी नहीं कहा जाएगा। साथ ही अगर आपने माता-पिता, भाई-बहन के नाम से भी संपत्ति खरीदी है और इसमें आपका नाम भी जुड़ा हुआ है तो इसे बेनानी संपत्ति नहीं कहा जाएगा।

### चुनौतियों का मुकाबला करने प्रशासन ने झोकी ताकत

## राजधानी में बढ़ाई गई ऑक्सीजन बेडों की संख्या, अब 700

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोविड-19 की चुनौतियों से मुकाबले में लगातार संसाधन झोंके जा रहे हैं। अब रायपुर में ही ऑक्सीजन बेड्स की संख्या 700 हो गई है। बुधवार को इसमें 150 बिस्तरों का इजाफा हो जाएगा. रायपुर कलेक्टर एस भारती दासन के मुताबिक इस समय आयुर्वेदिक कॉलेज कोविड अस्पताल में 400 बिस्तर मरीजों के उपचार की व्यवस्था है। इसी तरह अटारी स्थित साइंस कॉलेज में भी 300 बिस्तरों का कोविड-19 अस्पताल विकसित किया गया है जिसमें 150 बिस्तर ऑक्सीजन सुविधाओं के साथ हैं. एस दासन ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं सारी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब समाज सेवी संस्थाएं और विभिन्न वाणिज्यिक संस्थाएं भी इस महामारी से लड़ाई में आगे आ रहीं हैं।



### 300 से अधिक सिलेंडर

ऐसी संस्थाओं की तरफ से अभी 400 बिस्तरों के आइसोलेशन सेंटर और कम से कम 100 बिस्तरों के ऑक्सीजन बिस्तरों की व्यवस्था हो चुकी है। कुछ औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा बैंक के सहयोग से जिला प्रशासन को 250 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर तथा 300 से अधिक ऑक्सीजन सिलेंडर मिले हैं।

### 300 बिस्तरों वाला आइसोलेशन सेंटर

इनके अलावा आयुष विश्विद्यालय भवन में 300 बिस्तरों के तथा नया रायपुर स्थित होटल मैनेजमेंट भवन में 500 बिस्तरों के आइसोलेशन सेंटर की स्थापना की गई है। यह सारी सुविधाएं पहले ही मौजूद विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त हैं। रायपुर के इंडोर स्टेडियम में भी 300 बिस्तरों का आइसोलेशन सेंटर विकसित कर लिया गया है।

### मुस्तैदी दिखाई प्रशासन ने

एस दासन ने कहा कि जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

उन्होंने नागरिकों से कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है और कहा है कि जिले में संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

## कोविड मरीजों के इलाज के लिए चिकित्सकीय अमला बढ़ाया जाएगा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य विभाग ने जिलों के डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों, कोविड केयर सेंटर और आइसोलेशन सेंटर में चिकित्सक और अन्य स्वास्थ्य अमले की संख्या बढ़ाने के लिए जिलों के सभी मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देष दिए हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नीरज बंसोड़ ने जारी पत्र में निर्देश दिए हैं कि मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी और आपातकालीन चिकित्सा में लगे न्यूनतम चिकित्सकों और अन्य चिकित्सकीय अमले को छोड़कर ,जिले के दूरस्थ न्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं ,अन्य कार्यालयों में पदस्थ चिकित्सक, नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ की ड्यटी आवश्यकतानुसार डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों, कोविड केयर सेंटर ,आइसोलशन सेंटर में लगाया जाना सुनिश्चित करें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403